CMYK

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 21°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 13 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 256 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 25 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केंद्र राजस्व की भरपाई कर दे, तो उमर सरकार शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है: फारूक पेज 2



अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



2027 में योगी को हराने का सपना देखना छोड़ दे विपक्ष सम्पादकीय



ईरान की 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं : गालिबफ पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु में स्कूलों और धार्मिक स्थलों के करीब स्थित शराब की दुकानें होंगी बंद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए राज्य में चल रही शराब की 717 खुदरा दुकानों को अगले दो सप्ताह के भीतर बंद करने का आदेश दिया है। ये सभी दुकानें धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और बस स्टैंडों के 500 मीटर के दायरे में स्थित हैं। मुख्यमंत्री के इस फैसले की जानकारी सूचना और जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर), चेन्नई ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी है।

### अन्नाद्रमुक के बागी विधायक करेंगे 'विजय' का समर्थन

**चेन्नई।** तमिलनाडु की सियासत में कभी बेहद ताकतवर पार्टी रही अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कझगम (अन्नाद्रमुक) मंगलवार को एक बार फिर 'संकट' में फंस गई जब पार्टी के बागी विधायकों ने यह ऐलान कर दिया कि वे बुधवार को मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ टीवीके सरकार के विश्वास प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

### जैकलीन फर्नांडिस ने सरकारी गवाह बनने की अर्जी वापस ली

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनने की अपनी अर्जी वापस ले ली है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत में उनकी याचिका का विरोध किया था। एजेंसी का कहना था कि जांच के दौरान जैकलीन का सहयोग संतोषजनक नहीं रहा और उनका आचरण भी वैसा नहीं था, जिसकी उम्मीद की गई थी। ईडी की आपत्ति के बाद जैकलीन फर्नांडिस ने अप्रूवर बनने की मांग वापस ले ली।

### सीबीआई ने चंद्रनाथ रथ की हत्या की जांच अपने हाथ में ली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने हाथ में ले ली है। उल्लेखनीय है कि राज्य पुलिस ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी और एजेंसी ने मंगलवार को इसकी जिम्मेदारी ले ली। सीबीआई ने एक बयान में जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की बात कही है और वह कोलकाता कार्यालय के प्रमुख संयुक्त निदेशक की देखरेख में काम करेगा। जांच की जरूरतों के हिसाब से कोलकाता क्षेत्र के अधिकारियों को एसआईटी में नियुक्त किया जाएगा।

### कूनो के जंगल में चार चीता शावक मृत मिले

**श्योपुर।** श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से बेहद दुखद खबर सामने आई है। यहां मादा चीता केजीपी 12 के चारों शावक मृत पाए गए हैं। 12 मई की सुबह मॉनिटरिंग टीम जब श्योपुर टेरिटोरियल डिवीजन के जंगल क्षेत्र में पहुंची, तो मांद के पास शावकों के शव पड़े मिले। शावकों के शव आंशिक रूप से क्षत-विक्षत हालत में मिले हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर में चीन-पाकिस्तान गठजोड़ का पर्दाफाश

शाह टाइम्स ब्यूरो



- विदेश मंत्रालय ने कहा हमारी जानकारी सच साबित हुई
- चीन के सरकारी मीडिया का दिया हवाला

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को मिले चीन के समर्थन पर एक बड़ी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि हाल ही में आई वे सभी रिपोर्ट बिल्कुल सही हैं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर के समय चीन द्वारा पाकिस्तान की मदद करने का दावा किया गया था।

भारत सरकार को यह बात पहले से ही पता थी और नई रिपोर्ट सिर्फ उस पुरानी जानकारी को सच साबित करती है। हाल ही में चीन के सरकारी मीडिया ने खुद इस बात को कबूल किया है कि मई 2025 में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीजिंग ने पाकिस्तान को तकनीकी मदद दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को इस मामले पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलकर बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि चीन की मदद वाली रिपोर्ट सिर्फ उसी बात को सच साबित करती है, जो बात भारत को पहले से ही बहुत अच्छी तरह से पता थी। भारत का ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई एक बेहद सटीक और सधी हुई कार्रवाई थी। इसका एकमात्र मकसद पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकवाद के ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करना था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चीन का बिना नाम लिए उस पर सीधा और करारा प्रहार किया है। रणधीर जायसवाल ने सख्त लहजे में कहा कि जो देश खुद को बहुत जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

## ईरानी सैन्य विमानों को अनुमति मामले पर पाकिस्तान का यूटर्न

- पहले खुद माना ईरानी विमान उसके एयरबेस में मौजूद, अब किया इन्कार, अमेरिका ने उठाए सवाल

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तान ने एक अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने अपने एयरबेस पर ईरानी सैन्य विमानों को खड़ा होने की अनुमति दी थी, ताकि उन्हें संभावित अमेरिकी हवाई हमलों से बचाया जा सके।

पाकिस्तान ने इस खबर को भ्रामक और सनसनीखेज करार दिया है। इससे पहले पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर यह बात स्वीकार की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान किसी सैन्य रणनीति या सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा नहीं थे। ये विमान उस समय आए थे जब अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम लागू हुआ था और शुरुआती शांति वार्ता चल रही थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय (एमओएफए) ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान युद्ध या किसी सैन्य कार्रवाई से जुड़े नहीं हैं। मंत्रालय ने दावा किया कि ये विमान युद्धविराम के दौरान आए थे।

# नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द

## 22 लाख छात्र फिर से देंगे परीक्षा, राजस्थान से हुआ पेपर लीक का खुलासा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- तीन मई को हुई थी नीट यूजी परीक्षा, मामले की जांच अब सीबीआई करेगी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नीट यूजी 2026 की परीक्षा रद्द कर दी है। सरकार ने कहा है कि परीक्षा की नई तारीखें जल्द ही घोषित की जाएंगी। नीट परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी एनटीए ने एक बयान जारी कर बताया कि केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद नीट यूजी 2026 परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया गया है।

यह परीक्षा 3 मई को आयोजित हुई थी। हालांकि पेपर लीक की आशंका के चलते यह सवालों के घेरे में आ गई थी। एनटीए ने कहा है कि जल्द ही परीक्षा की नई तारीखों का ऐलान कर दिया जाएगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बताया कि उन्हें जांच एजेंसियों से जो इनपुट मिले, उनके आधार पर पता चला कि मौजूदा परीक्षा प्रक्रिया को जारी नहीं रखा जा सकता। परीक्षा की नई तारीखें, एडमिट कार्ड का शेड्यूल आदि जल्द ही एजेंसी के आधिकारिक चैनलों के माध्यम से बता दिया जाएगा। एनटीए ने बताया कि सरकार ने अब इस संभावित पेपर लीक की जांच सीबीआई द्वारा की जाएगी। 3 मई को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा होने के बाद से ही पेपर लीक की आशंका गहराने लगी थी। राजस्थान में कई छात्रों के पास हाथ से लिखा हुआ एक कथित गेस पेपर मिला, जिसके सवाल वास्तविक परीक्षा के प्रश्नों से -शेष पृष्ठ दो पर

### छात्रों को फिर से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी

**नई दिल्ली।** नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद राहत की बात यह है कि दोबारा होने वाली परीक्षा के लिए छात्रों को फिर से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी। मई 2026 चक्र का पुराना डेटा और परीक्षा केंद्र ही मान्य रहेंगे। इसके साथ ही, छात्रों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। एनटीए ने यह भी घोषणा की है कि छात्रों द्वारा पहले जमा किया गया शुल्क वापस कर दिया जाएगा और नई परीक्षा का खर्च एजेंसी अपने आंतरिक संसाधनों से उठाएगी।

### नीट परीक्षा रद्द होने पर राहुल गांधी ने की केंद्र की आलोचना



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द किए जाने पर केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की और कहा कि 22 लाख से अधिक छात्रों की मेहनत पर सरकार ने पानी फेर दिया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि किसी पिता ने बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे और लाखों छात्रों ने रात-रात भर जागकर तैयारी की, लेकिन बदले में उन्हें पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार मिला। यह सिर्फ नाकामी नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

# हिमंता बिस्वा ने ली असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ

## चार अन्य मंत्री भी मंत्रिमंडल में शामिल

- राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई



**गुवाहाटी।** भाजपा के नेता हिमंता बिस्वा सरमा को मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। उनके साथ चार अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। इसके साथ ही श्री सरमा दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 126 सीटों के साथ दो तिहाई से भी अधिक बहुमत हासिल किया है।

श्री सरमा को यहां राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मंगलवार को पूर्वाह्न पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके अलावा रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और श्रीमती अजंता नियोग को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। अतुल बोरा भाजपा के सहयोगी दल असम गणपरिषद से तथा चरण बोरो बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट से हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा कई अन्य केन्द्रीय मंत्री, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मौजूद थे। भाजपा और उसके गठबंधन के शासन वालों राज्यों के मुख्यमंत्री तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता भी इस मौके पर मौजूद थे।गुवाहाटी के खानपारा स्थित वेटनरी ग्राउंड में विशाल जनसमूह भी शपथ ग्रहण समारोह का साक्षी बना।

### केरल के अगले मुख्यमंत्री को लेकर दिल्ली में गहन मंथन

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम।** केरल में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की चुनावी जीत के बाद, राज्य के अगले मुख्यमंत्री के नाम को लेकर दिल्ली में सरगर्मियां तेज हो गई हैं और उम्मीद है कि कांग्रेस आलाकमान जल्द ही इस बारे में अंतिम निर्णय ले लेगा। पार्टी के भीतर गुटबाजी और लॉबिंग इस वक्त अपने चरम पर है। कांग्रेस के बड़े नेता इस कोशिश में जुटे हैं कि नेतृत्व को लेकर काफी दिनों से चली आ रही इस कशमकश को जल्द से जल्द खत्म किया जाए। सियासी हलचल के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक विशेष जहाज से दिल्ली पहुंच रहे हैं और शाम को राहुल गांधी के साथ एक बेहद अहम मुलाकात होनी है।

## केंद्रीय मंत्री बंदी संजय के बेटे पर पोक्सो एक्ट में केस दर्ज

- नाबालिग से सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप

**हैदराबाद।** केंद्र सरकार में केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के 25 साल के बेटे साई भागीरथ पर 17 साल की लड़की के सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगा है।

नाबालिग की मां ने 8 मई को तेलंगाना के हैदराबाद में पोक्सो एक्ट के तहत उनके खिलाफ केस दर्ज कराया था। भागीरथ ने 12 मई को तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया। उन्होंने अग्रिम जमानत के साथ-साथ अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला रद्द करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि महिला ने बेटी के जरिये उन्हें हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि भागीरथ अभी फरार है। अपराध साबित होने के बाद गिरफ्तारी होगी।

## मानसून 4-6 दिन पहले आने का अनुमान



- यूपी-बिहार समेत पांच राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले दस्तक दे सकता है। आमतौर पर केरल में मानसून एक जून तक पहुंचता है, लेकिन इस बार 25 से 27 मई के बीच केरल तट पर पहुंचने की संभावना है।

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक सिस्टम बन गया है, जो अगले 48 घंटे में और मजबूत हो सकता है। इससे दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश बढ़ेगी। यह सिस्टम मानसून को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यूपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बिहार और उत्तराखंड के सभी जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में बारिश की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में आंधी-तूफान और बारिश से 5 घरों और 7 गोशालाओं की छतें उड़ गईं। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। मध्य प्रदेश के रतलाम में पारा 45डिग्री सेल्सियस के पार रहा। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भी बारिश का दौर जारी रह सकता है।

## 24 घंटे में बेमकसद 3 हत्याएं करने वाला साइको किलर ढेर

- मारे गए बदमाश की पहचान अमृतसर निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में 24 घंटे के भीतर तीन लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले एक सिरफिरे को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। आरोपी की पहचान पंजाब के अमृतसर निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो वर्ष 2021 में सेना से बर्खास्त किया गया था।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि 10 मई को डीडीयू-ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन में गाजीपुर जिले के जमानिया निवासी मंगरू की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 11 मई की रात करीब दो बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक अन्य यात्री की भी सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसी क्रम में सोमवार सुबह थाना अलीनगर क्षेत्र स्थित जीवक अस्पताल में भर्ती लछमिना नामक महिला को भी आरोपी ने सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी बिना किसी उकसावे के महिला को गोली मारते हुए दिखाई दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुरप्रीत सिंह निवासी अमृतसर, पंजाब बताया। पुलिस के अनुसार वह वर्ष 2021 में सेना से सिपाही पद से हटाया गया था। बाद में वह बिहार के आरा जिले में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने पहुंचा था, लेकिन शराब की लत के कारण कुछ ही दिनों में नौकरी से निकाल दिया गया। इसके बाद वह मानसिक रूप से विचलित और आक्रोशित रहने लगा। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने नौ मई से विभिन्न ट्रेनों में यात्रा करते हुए प्रयागराज और चंदौली क्षेत्र में घूमना शुरू किया और पूरी तरह से रैंडम तरीके से निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर हत्याएं कीं। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और लोकेशन हिस्ट्री के आधार पर तीनों घटनाओं में उसकी संलिप्तता की पुष्टि हुई है।

# खाने-पीने की चीजों ने बिगाड़ा आम आदमी का बजट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अप्रैल में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज हुई, बढ़कर 3.48 % पर पहुंची



**नई दिल्ली।** देश में आम आदमी को महंगाई के मोर्चे पर झटका लगा है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह बढ़कर 3.48 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

इससे पिछले महीने यानी मार्च में यह आंकड़ा 3.4 प्रतिशत पर था। इस बढ़ोतरी के पीछे मुख्य वजह खाने-पीने की चीजों, विशेषकर रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों की कीमतों में आया उछाल है। हालांकि, अर्थव्यवस्था के लिए राहत की बात यह है कि समग्र महंगाई दर अब भी आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के काफी नीचे है। अर्थव्यवस्था के इन आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर पता चलता है कि लोगों के रसोई का बजट मुख्य रूप से बिगड़ा है। खाद्य महंगाई दर मार्च के 3.87 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में 4.20 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसमें ग्रामीण इलाकों की खाद्य महंगाई दर शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ी है। महंगाई का असर केवल राशन तक सीमित नहीं है। अप्रैल महीने में सबसे ज्यादा महंगाई पर्सनल केयर और विविध वस्तुओं की श्रेणी में देखी गई, जिसने 17.66 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की। इसके विपरीत, ईंधन से जुड़ी कीमतों में नरमी के कारण ट्रांसपोर्ट से जुड़ी महंगाई दर -0.01 प्रतिशत पर लगभग सपाट रही, जिससे माल ढुलाई और यात्रा लागत में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई। महंगाई दर में मामूली वृद्धि हुई है, फिर भी सरकार और आरबीआई के लिए स्थिति नियंत्रण में है। भारत ने 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक के पांच वर्षों के लिए अपनी खुदरा महंगाई दर का लक्ष्य 4 प्रतिशत (2 प्रतिशत से 6 प्रतिशत के दायरे में) पर बरकरार रखा है। एक सर्वे में खुदरा महंगाई के 3.8 प्रतिशत तक जाने का अनुमान जताया गया था, ऐसे में मौजूदा 3.48 प्रतिशत का आंकड़ा अनुमानों से काफी बेहतर है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### असम में नई सरकार के शपथ समारोह में शामिल हुए योगी

**लखनऊ/ गुवाहाटी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को असम पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नवनिर्वाचित राजग सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हिमंता बिस्वा सरमा एवं मंत्रिमंडल के नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। गुवाहाटी हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय कलाकारों ने वाद्ययंत्रों और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ उनका अभिनंदन किया, जबकि पारंपरिक परिधान में मौजूद महिलाओं ने उनका स्वागत किया।

### विज्ञापन में एआई कंटेंट की लेबलिग के नए प्रारूप नियम

**मुंबई।** भारतीय विज्ञापन मानक परिषद ने विज्ञापनों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार कंटेंट के जिम्मेदार लेबलिग के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया है। परिषद ने बताया कि ए दिशानिर्देश 10 फरवरी 2026 को संशोधित किए गए सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन नियमों के अनुरूप हैं। सभी संबंधित हितधारक 13 जून तक इस प्रस्ताव पर अपने सुझाव दे सकेंगे। एएससीआई की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अब ब्रांड अपने विज्ञापनों में एआई का अधिक उपयोग कर रहे हैं, जिसे देखते हुए प्रारूप दिशानिर्देश में जोखिम आधारित दृष्टिकोण की वकालत की गई है। इसमें तकनीक को नियंत्रित करने के बजाय उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव को प्राथमिकता दी गई है।

# सपा नेता विजय मिश्रा हत्या में दोषी करार, सजा आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 1980 में कचहरी परिसर में की थी प्रकाश नारायण की हत्या

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज जिले की एक विशेष अदालत ने 46 साल पुराने हत्या के बहुचर्चित मामले में समाजवादी पार्टी के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा को दोषी करार दिया है। अदालत ने विजय मिश्रा समेत चार आरोपियों को हत्या और फायरिग की घटना में दोषसिद्ध माना है। सजा का ऐलान बुधवार को किया जाएगा।

एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश योगेश कुमार तृतीय ने मंगलवार को सुनवाई पूरी करते हुए पूर्व विधायक विजय मिश्रा, जीत नारायण, संतराम और बलराम को दोषी ठहराया। यह मामला 11 फरवरी 1980 का है, जब प्रयागराज के कचहरी परिसर में 35 वर्षीय प्रकाश नारायण पांडेय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार प्रकाश नारायण पांडेय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र थे और अपने खिलाफ दर्ज एक मुकदमे में जमानत कराने जिला अदालत पहुंचे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते संतराम, बलराम, विजय मिश्रा और जीत नारायण ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिग कर दी। घटना में प्रकाश नारायण पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गोलीबारी में पांच अन्य लोग भी घायल हुए थे। मृतक के बड़े भाई श्याम नारायण पांडेय ने कर्नलगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। लंबे समय तक चले इस हाई प्रोफाइल मामले में कई बार सुनवाई प्रभावित हुई। यहां तक कि मुकदमे की पत्रावली भी गायब हो गई थी, जिससे आरोपियों को लाभ मिलने की आशंका जताई गई थी। बाद में मामले की पुन: सुनवाई कराई गई। अभियोजन की ओर से एडीजीसी क्रिमिनल सुशील कुमार वैश्य और विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार सिंह ने प्रभावी पैरवी की। वहीं बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ताराचंद्र गुप्ता समेत अन्य अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा। अदालत द्वारा दोष सिद्ध किए जाने के बाद अब सभी की निगाहें सजा के ऐलान पर टिकी हैं।

### पीएम पर अभद्र टिप्पणी में फंसे सपा सांसद लोधी

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में समाजवादी पार्टी सांसद अजेंद्र लोधी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

एएसपी वंदना सिंह ने मंगलवार को बताया कि भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्एंद्र गुप्ता की तहरीर पर सदर कोतवाली में सांसद अजेंद्र लोधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 189(2), 352 तथा 196(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि सांसद ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया तथा बिना अनुमति प्रदर्शन कर सड़क पर अवरोध उत्पन्न करते हुए यातायात और कानून-व्यवस्था को प्रभावित किया। सोमवार को समाजवादी पार्टी द्वारा बिजली के स्मार्ट मीटर समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर महोबा में प्रदर्शन आयोजित किया गया था।

# देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति स्पष्ट करें पीएम: केजरीवाल

नई दिल्ली, वार्ता



■ पेट्रोल डीजल वाले बयान पर बोली 'आप'

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि इस समय देश की अर्थव्यवस्था कैसी है और एक साल बाद अर्थव्यवस्था कैसी रहने वाली है।

श्री केजरीवाल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम एशिया संकट का प्रभाव दुनिया भर में है लेकिन प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार देशवासियों से सात आह्वान किया है उस प्रकार के कदम किसी देश ने नहीं उठाए। प्रधानमंत्री ने सिर्फ मध्यम वर्ग से ही कुर्बानी देनी की अपील की है जो बहुत दुखद है। अगर सबसे अधिक कुर्बानी देनी थी, तो सरकार को अपने खर्चों में कटौती करनी चाहिए थी, लेकिन उसने कोई कटौती नहीं की है। उन्होंने कहा कि देश के लिए जो भी करने की जरूरत है सब करने के लिए तैयार हैं, लेकिन सिर्फ मध्यम वर्ग को निशाना न बनाया जाए।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में लोगों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए मेट्रो, इलेक्ट्रिक बसों और सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग का आग्रह किया। साथ ही कार-पूलिग, वर्चुअल मीटिग्स और वर्क-फ्रॉम-होम को बढ़ावा देने की भी अपील की।

### नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार परीक्षाओं को सफलतापूर्वक कराने में असफल रही है। सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह लोगों के साथ धोखा है। अब तक चार बार नीट पेपर लीक हो चुका है। इससे साबित होता है कि बड़े स्तर पर कोई मिलीभगत है।

# केंद्र आमजन को बचाने को कदम उठाए: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मध्य पूर्व एशिया में व्याप्त तनाव बोलीं बसपा प्रमुख

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने मध्य पूर्व एशिया में व्याप्त तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र और राज्यों से जन हित में उचित कदम उठाने की अपील की है।

सुश्री मायावती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से 'संयम' बरतने की अपील का हवाला देते हुए कहा कि इससे साफ है कि भारत के सामने संकट केवल पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस जैसे पेट्रोलियम पदार्थों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एक बड़े आर्थिक संकट का रूप ले सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि इस संकट से करोड़ों भारतीयों का जीवन प्रभावित होगा और स्थिति के और बिगड़ने की भी संभावना है। बसपा प्रमुख ने अपने बयान में कहा कि कोरोना काल की मार के बाद देश की लगभग सौ करोड़ जनता पहले से ही रोजी-रोटी के संकट से जूझ रही है। ऐसी स्थिति में जनता के पास और अधिक संयमित होने या खोने के लिए कुछ खास नहीं बचा है। उन्होंने केंद्र से अपील की कि इस विकट परिस्थिति में गरीब और मेहनतकश परिवारों को थोड़ी राहत देकर उनका सहारा बनें। उन्होंने कहा कि सरकारों को खुद ही कुछ बेहतर उपाय करने चाहिए ताकि जनता को इस संकट से उबारा जा सके।

## यूपी में फिर बदला मौसम का मिजाज, आंधी-पानी से राहत

# वेस्ट यूपी में हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पश्चिम यूपी में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी तेज हवाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने से पश्चिमी इलाकों में गर्मी से फौरी राहत मिली है जबकि पूर्वी क्षेत्र में अगले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में गरज-चमक, तेज आंधी, वज्रपात और ओलावृष्टि के आसार हैं। अमरोहा, मुरादाबाद, संभल और अलीगढ़ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश विशेष रूप से तराई और पश्चिमी जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से फौरी राहत मिली।

मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र द्वारा जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 12 मई को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाएं झोंकों में 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती हैं।

वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी में 13 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। 14 से 16 मई के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

### सहारनपुर व मुरादाबाद मंडल में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई

बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं जिलों में ओलावृष्टि की आशंका अधिक है। वहीं सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा और औरैया समेत कई जिलों में तेज आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। मुरादाबाद से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा तथा संभल के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार सुबह आसमान में घने काले बादल छा जाने से दिन में ही अंधेरा पसर गया। बारिश के दौरान थोड़ी देर के लिए आवागमन थम गया। पछुआ हवाओं के ट्रफ के रूप में सक्रिय होने और ऊपरी हवाओं के के कारण गरज-चमक के साथ 15 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74559.24
निफ्टी 23379.55

सोना 151954 प्रति 10 ग्राम
चांदी 267820 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में रही बड़ी गिरावट प्रमुख सूचकांक दो फीसदी लुढ़के

मुंबई, वार्ता



अमेरिका.ईरान शांति वार्ता के पटरी से उतरने और रुपये पर जारी दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को बड़ी गिरावट देखी गई और प्रमुख सूचकांक दो प्रतिशत के करीब लुढ़क गए।

बीएसई का सेंसेक्स 1,456.04 अंक (1.92 प्रतिशत) टूटकर 74,559.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 436.30 अंक यानी 1.83 प्रतिशत नीचे 23,379.55 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का पांच सप्ताह का निचला स्तर है। शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट रही है। खासकर इस सप्ताह के पहले दोनों दिन बाजार में बड़ी बिकवाली देखी गई है। रिपोर्टों में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इससे विदेशों में भी ज्यादातर प्रमुख शेयर बाजार फिसल गए। इसके अलावा, रुपये के आज ऐतिहासिक निचले स्तर तक उतरने से भी बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई है। पहली बार एक डॉलर 95.50 रुपये प्रति डॉलर से ज्यादा का बोला गया है। फिलहाल यह 95.63 रुपये प्रति डॉलर पर है। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव रहा। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 2.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 3.17 प्रतिशत गिर गया। सभी सेक्टर दबाव में रहे। रियलटी समूह का सूचकांक चार प्रतिशत से अधिक टूट गया। आईटी का सूचकांक पौने चार प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद का साढ़े तीन प्रतिशत से ज्यादा लुढ़का। ऑटो, मीडिया, रसायन, वित्त, बैंकिंग, एफएमसीजी, फार्मा और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांकों में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही।

### अपील के बावजूद चांदी और सोना के दाम बढ़े

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोगों से सोना न खरीदने की अपील के बावजूद मंगलवार को सोना-चांदी में तेजी दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 11,620 रुपए बढ़कर 2,67,820 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले सोमवार को इसकी कीमत 2,56,200 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,592 रुपए चढ़कर 1,51,954 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 11 मई को इसकी कीमत 1,50,362 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 18,755 रुपए और चांदी 37,400 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.68 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# चावल, चीनी और दालों में रही तेजी गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी रही। गेहूं के दाम टूट गए जबकि खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत छह रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं चार रुपये सस्ता हुआ और 2,776 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। आटे की कीमत छह रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 13 रुपये और चना दाल सात रुपये महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत पांच रुपये और मूंग दाल की चार रुपये बढ़ गई। मसूर दाल कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 33 रिंगिट टूटकर 4,483 रिंगिट प्रति टन रह गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 37 रुपये टूट गई। मूंगफली तेल 12 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये सस्ता हुआ। वनस्पति 11 रुपये मजबूत हुआ। सोया तेल और पाम ऑयल 30.30 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी छह रुपये महंगी हुई। दाल चना 7661.86 रुपये, मसूर काली 8098.03 रुपये, मूंग दाल 10147.21 रुपये, उड़द दाल 10818.38 रुपये, तुअर दाल 11249.08 रुपये प्रति क्विंटल रही। अगेहूं दड़ा 2776.03 रुपये और चावल 3856.41 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### सोने की खरीद टालने की अपील से उप्र का सर्राफा बाजार चिंतित

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से गैर-जरूरी सोने की खरीद एक वर्ष तक टालने की अपील के बाद उत्तर प्रदेश का सर्राफा कारोबार चिंता में आ गया है। अनुमान है कि इससे उत्तर प्रदेश में करीब 35 लाख लोग प्रभावित होंगे। कारोबारियों ने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा है कि सरकार एक रोडमैप तैयार करे जिससे प्रभावित होने वाले लोगों को संकट से उबारा जा सके। आदीश कुमार जैन सर्राफ लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री जी जब बिहार में गमछा लहराते हैं तो सत्ता बदल जाती है, बंगाल में झाल मूढ़ी खाते हैं तो सत्ता इधर से उधर हो जाती है। कहने का मतलब है कि वो देश के राजा हैं। उनकी बात सब मानते हैं। सराफा कारोबारी हमेशा राष्ट्रवादी होता है। वह राष्ट्र प्रथम के भाव से काम करता है, लेकिन उसके साथ लाखों लोग जो इस कारोबार से जुड़े हैं उनका क्या होगा। उन्होंने कहा कि ज्वैलरी के कारोबार से लाखों लोगों का परिवार जुड़ा हुआ है। धंधा बंद होने पर वो लोग कहां जाएंगे। उनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा और कौन करेगा। अच्छा होगा कि सरकार इन बातों को भी ध्यान में रखकर एक रोडमैप तैयार करे। सर्राफा कारोबारी सरकार का साथ देने के लिए तैयार हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नीट यूजी-2026**

मेल खाते बताए गए। इसके बादमामले ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद 10 मई को राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते हुए देहरादून, सीकर और झुंझुनू से 13 संदिग्धों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में सीकर के एक कोचिंग संस्थान से जुड़ा एक करियर काउंसलर भी शामिल है। रविवार को एनटीए ने कहा था कि प्रश्न-पत्रों को जीपीएस ट्रैकिंग वाले वाहनों के जरिए भेजा गया था। उन पर यूनिक और ट्रैसेबल वाटरमार्क मौजूद था। परीक्षा केंद्रों की निगरानी केंद्रीय कंट्रोल रूम से एआई असिस्टेड सीसीटीवी सिस्टम के जरिये की गई। सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराया गया और केंद्रों पर 5जी जैमर लगाए गए। वहीं, राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) विशाल बंसल ने कहा था कि जांच फिलहाल उस गेस पेपर पर केंद्रित है, जिसे परीक्षा से पहले छात्रों के बीच बांटे जाने का आरोप है। गेस पेपर में करीब 410 सवाल थे। आरोप है कि इनमें से लगभग 120 सवाल केमिस्ट्री में पूछे गए। बताया जा रहा है कि यह गेस पेपर परीक्षा से काफी पहले छात्रों के बीच बंट रहा था। यह 15 दिन से लेकर एक महीने पहले तक छात्रों तक पहुंच चुका था। हमारी जांच इसी गेस पेपर के आधार पर आगे बढ़ रही है। नीट (यूजी) 2026 परीक्षा में इस बार देशभर से करीब 23 लाख छात्रों ने हिस्सा लिया था। नीट परीक्षा देश के 551 और विदेश के 14 शहरों में आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 22.79 लाख छात्र शामिल हुए। परीक्षा रद्द होने के फैसले के बाद लाखों अभ्यर्थियों और अभिभावकों के बीच चिंता और असमंजस का माहौल बना हुआ है।

### केंद्र राजस्व दे, तो दो मिनट में शराब पर लगेगा प्रतिबंध: फारूक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि यदि केंद्र सरकार राजस्व के नुकसान की भरपाई कर दे, तो राज्य सरकार दो मिनट में शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है। शराब की दुकानों को लेकर चल रहे विवाद पर श्री अब्दुल्ला ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से शराब का सेवन नहीं करते हैं, लेकिन उनका मानना है कि जो लोग पीते हैं, वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न होने की स्थिति में इसे जम्मू-कश्मीर के बाहर से मंगवा लेंगे। उन्होंने कहा कि मैं शराब नहीं पीता। जो पीते हैं, वे पीएंगे ही। उन्हें यहां से नहीं मिलेगी, तो वे बाहर से लाएंगे। नेकां नेता ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने 1977 उनके पिता और तत्कालीन सीएम शेख अब्दुल्ला से राज्य में शराब की बिक्री बंद करने के लिए कहा था।

# कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली, वार्ता



■ नीट परीक्षा रद्द होने पर सुप्रिया श्रीनेत ने बोला हमला

कांग्रेस ने नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने पर केंद्र सरकार की आलोचना की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा देने की मांग की है।

कांग्रेस की सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार करीब 22 लाख छात्रों ने नीट परीक्षा दी थी। छात्रों ने दिन-रात मेहनत कर तैयारी की, अभिभावकों ने कोचिंग और परीक्षा से जुड़े खर्च उठाए, लेकिन अंत में उन्हें पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि शायद फर्जी डिग्री वालों से शिक्षा के संबंध में गंभीरता की आशा ही बेमानी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल रही है। मंत्री और सरकार देश के छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं हैं और एक इम्तिहान भी बिना पेपर लीक के नहीं करा सकते, जबकि विश्वगुरु बनने के दावे किए जाते हैं। सुश्री श्रीनेत ने पेपर लीक माफिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उनके हौसले इतने बुलंद इसलिए हैं क्योंकि उन्हें सरकार और भाजपा का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे बेपरवाह हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनएटीए) द्वारा आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा को केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद रद्द कर दिया गया है। नई परीक्षा तिथियों की घोषणा जल्द किए जाने की बात कही गई है।

### नीट परीक्षा का रद्द होना सरकार की विफलता का उदाहरण: अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि नीट परीक्षा रद्द कर केंद्र सरकार ने युवा वर्ग के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। श्री राय ने यहां जारी बयान में कहा कि नीट यूजी 2026 का रद्द होना सरकार की विफलता का बड़ा उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी ढंग से आयोजित नहीं करा सकती, उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के डर ने सरकार की तैयारियों और व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है और दिल्ली में बैठे लोग छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। देश का युवा मौजूदा परिस्थितियों को देख रहा है और आने वाले समय में इसका जवाब देगा।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को असम के नवनियुक्त सीएम हिमंता विस्वा सरमा के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। शपथग्रहण के दौरान भाजपा और एनडीए शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे।



## सीएम धामी ने कामाख्या देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून /गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को गुवाहाटी (असम) में स्थित प्रसिद्ध श्री कामाख्या देवी मंदिर में दर्शन एवं विधिवत पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने माँ कामाख्या से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य के साथ-साथ देवभूमि उत्तराखंड की निरंतर प्रगति, विकास और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

## प्रदेश में मोरिंगा की संभावनाओं को तलाशें अधिकारी : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



■ कृषि मंत्री जोशी ने की विभागीय समीक्षा, नवाचार आधारित कार्यों को बढ़ावा देने तथा नई फसलों को प्रोत्साहन देने पर दिया जोर

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को अपने कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार आधारित कार्यों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने, नई फसलों को प्रोत्साहन देने तथा आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कृषि मंत्री जोशी ने अधिकारियों को प्रदेश में मोरिंगा की संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मो. रिंगा स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी फसल है और इसकी मांग देश-विदेश में तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में उत्तराखंड के किसानों के लिए यह आय का एक बेहतर विकल्प बन सकता है। बैठक में मौजूद निजी संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनकी संस्था असम, महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में मोरिंगा उत्पादन एवं प्रसंस्करण पर कार्य कर रही है, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बेहतर कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर देहरादून में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मोरिंगा की खेती एवं प्रसंस्करण पर कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो इसे प्रदेश के अन्य जनपदों में भी विस्तार दिया जाएगा। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड की जलवायु औषधीय एवं बाग. वानी फसलों के लिए अनुकूल है। राज्य में ऐसी फसलों को बढ़ावा देकर किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत की जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को नई तकनीकों, प्रशिक्षण एवं बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए।

इस अवसर पर बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल, निद. `शक कैप नृपेंद्र चौहान, औद्यानिकी बोर्ड सीईओ नरेंद्र यादव, निजी संस्था के पदाधिकारी सौरभ रतूड़ी आदि उपस्थित रहे।

### समय से करें अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला कार्यक्रम की सभी तैयारियां

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 11 एवं 12 जून को आयोजित होने वाले सौगंध पौध केंद्र देहरादून द्वारा महाक्रांति नीति में चयनित सिनमन दालचीनी की खेती नर्सरी पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी पर आधारित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला उत्तराखंड में दालचीनी उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में श्रीलंका, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे देशों से दालचीनी विशेषज्ञ एवं वक्ता प्रतिभाग करेंगे, जो अपने देशों की आधुनिक तकनीकों और सफल मॉडल की जानकारी साझा करेंगे। इन बेस्ट प्रैक्टिस को उत्तराखंड में अपनाकर दालचीनी उत्पादन और गुणवत्ता को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### उत्तराखण्ड उद्यानिकी शिखर सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2026 की तैयारियों को परखा

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 12 एवं 13 जून को देहरादून में आयोजित होने वाले हॉर्टीकल्चर बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड उद्यानिकी शिखर सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2026 की तैयारियों की भी समीक्षा कर कार्यक्रम भव्य एवं प्रभावी रूप से आयोजित किया जाए। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उद्यानिकी क्षेत्र उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## उत्तरकाशी की एएनएम पूजा परमार को राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



■ 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' से हुई सम्मानित

**उत्तरकाशी।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साल 2026 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए. जिसमें उत्तरकाशी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव की ऑक्जीलियरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम) के पद पर कार्यरत पूजा परमार राणा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

दरअसल, पूजा परमार राणा को यह सम्मान बीते 15 सालों से हिमालयी अंचल के संवेदनशील एवं दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने पर मिला। उन्होंने कोरोनाकाल के दौरान यमुना नदी के तटवर्ती क्षेत्र में पहली वैक्सीनेटर के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया। इसके अलावा शत प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से दूरस्थ इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित हुई। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का सक्रिय नेतृत्व भी किया। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने से लेकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और समुदाय के समग्र कल्याण के प्रति सराहनीय काम किए।

पूजा परमार राणा को उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए पहले भी राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ एएनएम यानी ऑक्जीलियरी नर्स मिडवाइफ पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

अब उन्हें राष्ट्रपति के हाथों 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। जो न केवल उनके समर्पण एवं कार्यकुशलता को दर्शाता है. बल्कि, यह उत्तराखंड की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी गौरव का विषय है।

### दिनभर बदलता रहा मौसम का मिजाज

**देहरादून।** प्रदेश के कई जनपदों के साथ ही देहरादून में भी मौसम कई दिनों से अलग-अलग रंग बदल रहा है। कभी हल्की बारिश तो कभी धूप निकल रही है। मौसम के बदलते इस मिज़ाज़ से बारिश, पहाड़ों पर बर्फबारी और तेज हवाओं के चलते वातावरण में ठंडक बनी हुई है। दिन भर बादल छाए रहने और हल्की बारिश की वजह से सूर्य की तपिश कम महसूस हो रही है जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का एहसास भी हो रहा है जो मई महीने के लिहाज से असामान्य माना जा रहा है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता और बदलते जलवायु पैटर्न की वजह से इस तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं। इसका प्रभाव केवल पहाड़ों तक सीमित नहीं है बल्कि मैदानी इलाकों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। आंकड़ों पर नजर डाले तो दून में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री नीचे 31.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

## फार्म 6,7 और 8 का दैनिक रूप से रिव्यू करें ईआरओ : सीईओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ एक सप्ताह के भीतर बीएलए को सौंपे ऐबसेंट, शिफ्टेड, डेथ सूची ■ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली एसआईआर की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक ■ जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक में सीईओ ने दिए विस्तृत निर्देश

**देहरादून।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने मंगलवार को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दृष्टिगत सचिवालय में सभी जनपदों जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी जनपद अपनी तैयारियों को अन्तिम रुप देते हुए, मैपिंग में तेजी लाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि फार्म 6,7 और 8 का दैनिक रुप से अनिवार्य रिव्यू कर उनका निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर तैयार ऐबसेंट, शिफ्टेड, डेथ लिस्ट को राजनैतिक दलों के बीएलए को भी अनिवार्य रुप से साझा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह में ऐबसेंट, शिफ्टेड, डेथ सूची सभी बूथ लेवल एजेंट्स को उपलब्ध करा दी जाए।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनपदों के गणना प्रपत्र के प्रिंटिंग, लॉजिस्टिक एवं डिस्ट्रिव्यूशन प्लान की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह में सभी जिलाधिकारी सम्बंधित नगर निगम क्षेत्रों के नगर आयुक्तों के साथ बैठक कर एसआईआर के प्लान को और प्रभावी बनाए। इसके साथ ही बीएलओ के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और भी प्रभावी रुप से चलाया जाए। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चन्द्र दुम्का, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से जुड़े रहे।

## खेल विश्वविद्यालय को मिली वन भूमि डायवर्जन की अंतिम स्वीकृति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

■ खेल मंत्री रेखा आर्या ने स्वीकृति को उत्तराखंड के खेल भविष्य को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया

**देहरादून।** उत्तराखंड के पहले खेल विश्वविद्यालय के निर्माण को बड़ी प्रशासनिक सफलता मिली है। भारत सरकार के वन मंत्रालय द्वारा खेल विश्वविद्यालय के लिए 12. 317 हेक्टेयर वन भूमि डायवर्जन को अंतिम स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार, नैनीताल जनपद के हल्द्वानी वन प्रभाग अंतर्गत गोलापार क्षेत्र में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय परियोजना के लिए वन भूमि हस्तांतरण को मंजूरी दी गई है।

प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के खेल भविष्य के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार खेल अवस्थापना को मजबूत करने और युवाओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है।

खेल मंत्री ने कहा कि खेल विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं होगा, बल्कि यह प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण, खेल विज्ञान, अनुसंधान और उच्च स्तरीय



प्रशिक्षक व्यवस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे उत्तराखंड के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को "खेलभूमि" के रूप में स्थापित करना है और यह विश्वविद्यालय इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस पूरे प्रकरण को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरी तत्परता और गंभीरता से अग्रसारित किया जिसके चलते यह सफलता मिल पाई।

रेखा आर्या ने केंद्र सरकार एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस स्वीकृति से परियोजना के निर्माण कार्य को गति मिलेगी और शीघ्र ही प्रदेशवासियों को एक विश्वस्तरीय खेल विश्व. विद्यालय की सौगात मिलेगी।

### बदरीनाथ धाम में चलाया गया सुरक्षा अभियान

**चमोली।** बदरीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आज चमोली पुलिस, एटीएस एवं सात असम एटीएस द्वारा संयुक्त सुरक्षा अभियान चलाया गया। सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल, त्वरित रिस्पॉन्स और किसी भी संभावित खतरे से निपटने की तैयारी को लेकर पूरे धाम क्षेत्र में गहन निरीक्षण एवं चौकिंग अभियान संचालित किया गया।

संयुक्त टीमों ने बदरीनाथ मंदिर परिसर के इनर एवं आउटर कार्डन क्षेत्रों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही अस्पताल परिसर, होटल, पार्किंग स्थल, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों तथा वाहनों की सघन चौकिंग की गई।

## नीट पेपरलीक प्रकरण गंभीर, सीबीआई जांच से शीघ्र दोषियों पर होगी कार्रवाई: भाजपा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

■ परीक्षाओं के बजाय नौकरी बेचने वाले बांट रहे हैं ज्ञान : भट्ट



**देहरादून।** भाजपा ने नीट 26 की परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण को गंभीर मानते हुए इसकी सीबीआई जांच को जरूरी और स्वागत योग्य कदम बताया है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सभी युवाओं से सरकार पर भरोसा रखने की अपील की है और शीघ्र दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा कि हमें वो नैतिकता का पाठ पढ़ा रहे हैं , जिनके शासन में हर नियुक्ति पर्चे खर्चे पर होती थी और पेपर लीक पर परीक्षा रद्द का आदेश भी न्यायालय से आता था। उन्होंने कहा कि एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा में कथित पेपर लीक पर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए परीक्षा रद्द कर दी है। साथ ही मामले की व्यापक जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंप दिया है। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और छात्र हित में यह निर्णय लिया गया हैं। यह फैसला छात्रों के हित में लिया गया है और जल्द ही एक सप्ताह में दोबारा परीक्षा की कराने की बात कही गई है। पिछली परीक्षाओं में धांधली को देखते हुए, सरकार ने पहले ही परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों के खिलाफ कड़े दंड का प्रावधान करने वाले कानून को लागू किया था। लिहाजा इस बार जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे नए कानूनों के अनुसार सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रकरण की जांच में सामने आने वाली गड़बड़ियों और त्रुटियों को हमेशा के लिए दूर कर नकल प्रूफ परीक्षा तंत्र सुनिश्चित कराई जाएगी।

## एसडीआरएफ ने टोंस नदी में फंसे युवक का किया सफल रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ अमित वर्मा के रूप में हुई पहचान, जिला पुलिस के सुपुर्द किया

**उत्तरकाशी।** मोरी क्षेत्र में स्थित टोंस नदी में फंसे एक युवक को एसडीआरएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बाहर निकाल लिया।

सोमवार को एसडीआरएफ कंट्रोल रूम को ग्राम सल्ला, मोरी निवासी एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि गांव के समीप टोंस नदी में एक युवक जेसीबी मशीन सहित फंस गया है और स्वयं बाहर निकलने में असमर्थ है।

सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट मोरी से मुख्य आरक्षी सत्येंद्र रावत के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम आवश्यक उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर टीम ने तत्परता से रेस्क्यू अभियान चलाया और नदी में फंसे युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

रेस्क्यू किए गए युवक की पहचान अमित वर्मा (23 वर्ष) पुत्र जगत राम, निवासी ग्राम कलेथा, चकराता के रूप में हुई। रेस्क्यू के बाद युवक को सकुशल जिला पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

बताया गया कि जेसीबी मशीन अभी नदी में ही खड़ी है। एसडीआरएफ की त्वरित कार्रवाई और साहसिक रेस्क्यू अभियान की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

## भटवाड़ी को मिली 32 करोड़ की स्वास्थ्य सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**



■ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होगा उच्चीकृत

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र एवं भटवाड़ी क्षेत्रवासियों के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा। वर्षों से लंबित भटवाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उच्चीकरण को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना के लिए 32 करोड़ से अधिक धनराशि की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है।

पूर्व प्रमुख एवं भाजपा महिला मोर्चा गढ़वाल सहसंयोजक श्रीमती विनीता रावत एवं भाजपा नेता जगमोहन सिंह रावत ने इसे सीमांत क्षेत्र के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल अस्पताल की स्वीकृति नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग और संघर्ष का परिणाम है।

उन्होंने बताया कि अस्पताल के उच्चीकरण हेतु नियमों, मानकों एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं विभागीय अधिकारियों से लगातार संवाद कर क्षेत्र की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को प्रमुखता से रखा गया।

भटवाड़ी की भौगोलिक परिस्थितियों, सीमांत क्षेत्र की जरूरतों तथा गंगोत्री धाम आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लिया। प्रारंभ में कम लागत की स्वीकृति प्रक्रिया चल रही थी, लेकिन जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर इसे विस्तारित करते हुए 32 करोड़ से अधिक की मंजूरी प्रदान की गई।

पूर्व में अस्पताल के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है तथा तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्थल निरीक्षण कर इसे उपयुक्त बताया था।

श्रीमती विनीता रावत ने मुख्यमंत्री, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल का आभार व्यक्त करते हुए अस्पताल के लिए डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं आवश्यक स्टाफ की शीघ्र पद स्वीकृति की मांग भी की, ताकि क्षेत्रीय जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

## जल्द मिलेगा खटीमा सीएसडी कैंटीन को यूआरसी कोड: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

■ सैनिक कल्याण मंत्री ने भारतीय सेना के मध्य कमान के आर्मी कमाण्डर को पत्र भेजकर किया आग्रह

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय सेना के मध्य कमान के आर्मी कमाण्डर को पत्र भेजकर खटीमा स्थित सीएसडी कैंटन को यूआरसी कोड नम्बर प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने पत्र में उल्लेख किया कि जनपद ऊधम सिंह नगर क्षेत्र में लगभग 9000 से अधिक पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित निवासरत हैं। खटीमा स्थित सीएसडी कैंटीन इस क्षेत्र की प्रमुख कैंटीन है, जिससे खटीमा, सितारगंज, नानकमत्ता एवं शक्तिफार्म क्षेत्र के पूर्व सैनिक और उनके आश्रित लाभान्वित होते हैं। इसके अतिरिक्त असम राइफल्स एवं अन्य सैन्य बलों के सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिक भी इस कैंटीन से जुड़े हुए हैं। मंत्री जोशी ने कहा कि जनपद ऊधमसिंह नगर में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक निवास करते हैं, ऐसे में खटीमा सीएसडी कैंटीन को यूआरसी कोड नम्बर प्रदान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जोशी ने सेन्ट्रल कमान्ड से इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

# इलाज के लिए पहुंचे व्यक्ति की संदिग्ध मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में उपचार कराने पहुंचे एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

पोस्टमार्टम के बाद मृतक का सरयू घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार दुगनाकुरी तहसील के ग्राम होराली निवासी 45 वर्षीय हरीश बिष्ट पुत्र हयात सिंह बिष्ट अपने 21 वर्षीय पुत्र सचिन बिष्ट और प्रशांत बिष्ट के साथ स्वास्थ्य जांच कराने जिला अस्पताल पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के बाहर हरीश बिष्ट खड़े थे, जबकि उनका बेटा पर्ची कटवाने काउंटर पर गया हुआ था। इसी दौरान हरीश बिष्ट अचानक चक्कर खाकर जमीन पर गिर पड़े। गिरते ही उनके नाक और मुंह से खून बहने लगा। मौके पर मौजूद वार्ड बॉय और चिकित्सकों ने तुरंत उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया। चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार हरीश बिष्ट पिछले दो दिनों से बुखार से पीड़ित थे और उपचार के लिए जिला अस्पताल आए थे। चिकित्सकों ने प्राथमिक जानकारी में बताया कि मृतक को अचानक इंटरनल ब्लीडिंग हुई, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पीएम करवाया। बताया जा रहा है कि मृतक के मौत के कारणों का वास्तविक पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद सामने आएंगी। घटना के बाद परिजन सदमे में आ गए। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव का सरयू घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# अवैध शराब, ओवरलोडिंग पर डीएम सख्त

## राजस्व संवर्धन की मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कड़े निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व संवर्धन की मासिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों की राजस्व प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिक.ारियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। डीएम ने आबकारी विभाग और पुलिस को अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए। वहीं परिवहन विभाग को ओवरस्पीडिंग और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने तथा सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से नियमित निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में समय पर राशन उपलब्ध कराने, राशन कार्डों के सत्यापन और अद्यतन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी उप जिलाधिकारियों को राशन कार्ड सत्यापन का रेंडम वेरिफिकेशन करने तथा राशन गोदामों और सस्ता गल्ला



दुकानों का निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में राज्य कर विभाग को जनपद के सभी होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने की रिपोर्ट बुधवार तक उपलब्ध कराने को कहा गया। डीएम ने श्रम अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को कार्यों में लापरवाही के मामलों में विभागीय कार्रवाई के लिए पत्राचार करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी श्रद्धा रावत ने बताया कि मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के तहत एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में न्यायालय ने एक अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। जिला प्रशासन ने इसे नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता बताते हुए कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, सभी एसडीएम और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### संतुलित उर्वरक उपयोग का बताया महत्व

**अल्मोड़ा।** विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, हवालबाग में संतु.लित उर्वरक उपयोग अभियान के तहत मंगलवार को एक दिवसीय किसान गोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोष्ठी के दौरान वैज्ञानिक डा. आरपी मीणा ने मृदा स्वास्थ्य संरक्षण और उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर जोर देते हुए रसायनों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान बताए। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. प्रकाश चंद्र घासल ने मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन की जानकारी दी। प्रधान वैज्ञानिक डा. पीके मिश्रा ने जैविक खेती और जैव उर्वरकों की उपयोगिता समझाई। समापन सत्र में प्रभारी निदेशक डा. केके मिश्रा ने टिकाऊ कृषि के लिए आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने की अपील की।

### यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस सख्त

**अल्मोड़ा।** ऑपरेशन प्रहार के तहत जनपद में सघन वाहन चेकिंग अभियान जारी है। मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक हरबन्स सिंह के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष दन्या दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक कार में अवैध काली फिल्म लगी मिली, जिसे मौके पर हटाकर चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6,500 रुपये जुर्माना वसूला तथा नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई।

### परीक्षाओं में अनुशासन पर कुलपति के सख्त निर्देश

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने सोबन सिंह जीना परिसर में संचालित सायंकालीन परीक्षा सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए केंद्राध्यक्ष और कक्ष निरीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। कुलपति ने परीक्षा प्रपत्रों के सुरक्षित रख-रखाव, विद्युत व्यवस्था सुचारु बनाए रखने, बी-कॉपी संरक्षण, ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन बंद रखने तथा विद्यार्थियों के सत्यापन प्रपत्र सही ढंग से भरने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा अवधि में बाहरी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने को भी कहा।

### गोविंद सिंह बिष्ट को जयंती पर किया याद

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनसंघ के प्रथम विधायक एवं उत्तर प्रदेश विधान मंडल दल के पूर्व उपनेता स्व. गोविंद सिंह बिष्ट की 107वीं जयंती पर मंगलवार को उनके आवास में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा नेता राजीव गुरुरानी और धर्मेंद्र बिष्ट ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया तथा परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि गोविंद सिंह बिष्ट ने विपरीत परिस्थितियों में जनसंघ की विच.ारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**काशीपुर।** एक वाहन के डंपर से टकरा जाने पर हुए हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर के ग्राम बीजना निवासी 35 वर्षीय आजम अंसारी पुत्र हबीब अहमद बजरी ढुलाई के काम से बाजपुर क्षेत्र में आया था। देर सायं उसका वाहन एक डंपर से टकरा जाने से वह गंभीर घायल हो गया। परिजन घायल को काशीपुर के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### दो नेत्रहीनों को मिलेगी रोशनी

**काशीपुर।** 62 वर्षीय सरबजीत सिंह का रविवार को निधन हो गया। उनके बेटे दिलप्रीत सिंह ने अपने पिताजी की आँखें दान करने की इच्छा जाहिर की और सरदार सतपाल सिंह ने निर्मल आश्रम नेत्र संस्थान के जनरल मैनेजर अजय शर्मा को सूचित किया। संस्थान की टीम डॉ. मनिका व मक्रेंदु ने दिवंगत के निवास पर जाकर कॉर्निया प्राप्त किये। इन नेत्रदान के जरिये दो लोग इस सुन्दर संसार को देख पाएंगे। निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट प्रशासन ने परिवार की नेत्रदान सेवा भावना की प्रशंसा की, जिससे की इस नेत्रदान से समाज को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि नेत्रदान के लिए जो सावधानी बरतनी चाहिए उनमें मृत्यु के 6 घंटे के अंदर आंखें दान कर देनी चाहिए। मृतक की आँखे बंद करके उसके ऊपर गीली रुई रख देनी चाहिए। पंखा बंद कर दें ए.सी. हो तो चलने दें। सिर के नीचे तकिया रख दें।

### चैकिंग के दौरान छह बाइकों का कोर्ट चालान

**काशीपुर।** मुरादाबाद रोड स्थित सूर्या चौकी बॉर्डर पर पुलिस टीम द्वारा वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले 6 बाइक चालकों के कोर्ट चालान किए गए, जबकि 8 चालकों के खिलाफ 81 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए करीब 4500 रुपये का संयोजन शुल्क वसूला गया। वहीं 5 अन्य बाइक चालकों के एमवी एक्ट में चालान काटे गए। उप निरीक्षक नवीन जोशी ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाया जाता है, ताकि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि नियमित चेकिंग से चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलती है और चोरी के वाहन भी जांच के दौरान बरामद हो जाते हैं। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गति.विधियों पर नजर रखकर प्रदेशवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और यातायात नियमों का पालन करें। नियमों की अनदेखी न केवल कानूनी कार्रवाई का कारण बनती है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ाती है।

# मेयर दीपक बाली व ब्लॉक प्रमुख ने कूड़ा गाड़ी को दिखाई हरी झंडी

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** खंड विकास कार्यालय ने ग्रामीण क्षेत्र में प्लास्टिक कचरा एकत्र करने हेतु आज एक कूड़ा गाड़ी की शुरुआत की, जिसे महापौर दीपक बाली और ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रभा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महापौर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा कार्यक्रम में शामिल होने आए लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों में सभी विकास खंडो को ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई हेतु कूड़ा गाड़ी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में काशीपुर खंड विकास कार्यालय ने पूरे प्रदेश में सबसे पहले यह शुरुआत की है और इसमें एक



बात और बेहतर है कि सफाई हेतु जो कूड़ा गाड़ी लगाई गई है वह स्वयं सहायता समूह संगठन की ओर से लगाई गई है। खंड विकास अधिकारी कमल किशोर पांडे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से प्लास्टिक का कचरा एकत्र करने के बाद उसे जिला पंचायत द्वारा ग्राम शिवलालपुर अमर झंडा में स्थापित कूड़ा संग्रह केंद्र पर डाला जाएगा और उसका रीसाइकलिंग निस्तारण जिला पंचायत द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विजय बॉबी, तीरथ सिंह, पंकज मोनू, महेंद्र सिंह, प्रकाश नेगी, मलकीत सिंह, कमलेश कुमार, निर्मल कौर, शोभा रानी, अरनामाबी, हरमन सिंह रवि ढींगरा, मलकीत सिंह विर्क, जसवीर सिंह सैनी, चौधरी समरपाल सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 2 मेडिकल स्टोर सील

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिले में जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर औषधि विभाग ने गरुड़ एवं बैजनाथ क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। अपर आयुक्त औषधि प्रशासन उत्तराखंड तथा जिलाधिकारी बागेश्वर के निर्देश पर औषधि निरीक्षक पूजा रानी ने क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो मेडिकल स्टोरों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जांच में सीसीटीवी कैमरे बंद मिले, दवाओं के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं किए गए तथा दवाओं का भंडारण निर्धारित तापमान पर नहीं पाया गया। इसके अलावा परिसर में स्वच्छता मानकों की भी अनदेखी मिली। विभाग ने इसे औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधि. नियम, 1940 एवं नियमावली 1945 का स्पष्ट उल्लंघन माना। जनस्वास्थ्य को खतरे में देखते हुए दोनों मेडिकल स्टोरों पर तत्काल प्रभाव से दवाओं के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी गई है। वहीं एक प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित करने की संस्तुति भी भेजी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब तक संबंधित संचालक संतोषजनक स्पष्टीकरण और पूर्ण कानूनी अनुपालन प्रस्तुत नहीं करेंगे, तब तक प्रतिबंध जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान संदिग्ध गुणवत्ता के आधार पर 10 दवाओं के नमूने भी जांच के लिए राजकीय औषधि विश्लेषणशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। औषधि निरीक्षण ने कहा कि दवाओं के निर्माण, भंडारण और बिक्री में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डमरू वाले बाबा की पुण्यतिथि पर भण्डारा

**काशीपुर।** द्रोणासागर स्थित डमरू वाले बाबा की 30वीं पुण्यतिथि पर आयोजित भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ लिया। सोमवार को द्रोणा सागर स्थित डमरू वाले बाबा मंदिर परिसर में प्रातःकाल मंदिर के पुजारी पंडित भास्करनंद जोशी व विष्णु गोस्वामी ने धार्मिक अनुष्ठान किये। कार्यक्रम के मुख्य यजमान भास्कर बधानी रहे। इस दौरान रामायण पाठ कर भंडारे का आयोजन किया। श्री डमरूवाले बाबा की 30 वीं पुण्य तिथि पर डमरू वाले बाबा ट्रस्ट कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सेवक अजय चौहान, अक्षय नायक, विजेंद्र सिंह चौहान, विशाल गुप्ता, गगन विनायक, हितेंद्र गोस्वामी, रजत चौहान, भगवती गिरी, विजय चौहान, गंगा देवी आदि समेत अनेकों भक्तजन मौजूद रहे।

# प्रधानाचार्यो की प्रदेश स्तरीय बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** विद्या भारती उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रधानाचार्य कार्य योजना बैठक तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मंदिर में हुई, इसमें पूरे प्रांत के प्रधानाचार्यों ने प्रतिभाग किया। बैठक का शुभारंभ विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक डॉ. विजय पाल, विद्यालय के प्रबंधक जीडी मठपाल व अध्यक्ष एसपी गुप्ता की उपस्थिति में हुआ। इस योजना बैठक में पूरे वर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रमों शैक्षिक क्षेत्र एवं खेल क्षेत्र में सभी प्रतियोगिता के आयोजन निर्धारित किये गये। संस्कार, अनुशासन, नवचार और शैक्षिक पद्धति का नया रूप व स्वरूप का प्रस्तुतिकरण हो इस पर बल दिया गया। समापन सत्र में विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू ने शिक्षा की नयी पद्धति व प्रायोगिक क्षेत्र को अपनाने पर बल दिया। साथ ही विद्यार्थियों के अंदर अच्छा चरित्र निर्माण हो इसके लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान पूरे प्रदेश से आये प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# मोहान वन क्षेत्र में आदमखोर बाघ का रेस्क्यू

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** मोहान वन क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना के बाद वन विभाग द्वारा चलाया गया लगातार रेस्क्यू एवं निगरानी अभियान आखिरकार सफल रहा। वन विभाग की टीम ने सोमवार को ग्राम सभा तड़म क्षेत्र में सक्रिय बाघ का सफल रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित रूप से कार्बेट टाइगर रिजर्व भेज दिया। उप प्रभागीय वनाधिकारी काकुल पुंडीर ने बताया कि मोहान वन प्रभाग की कैमोरिया बीट अंतर्गत ग्राम सभा तड़म में 31 मार्च 2026 को मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना सामने आने के बाद विभाग लगातार सतर्कता बरत रहा था। क्षेत्र में ड्रोन, ट्रैप कैमरे और विशेष गश्ती दलों की मदद से लगातार निगरानी की जा रही थी। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए पिंजरे,



फॉक्स लाइट, सायरन तथा अग्निशमन उपकरण भी तैनात किए गए थे। वन विभाग की टीम ने रात्रिकालीन गश्त, ट्रैकिंग और सर्च ऑपरेशन लगातार जारी रखा। अभियान में कार्बेट टाइगर रिजर्व और नैनीताल चिड़ियाघर की विशेषज्ञ रेस्क्यू टीमों का भी सहयोग लिया गया। उन्होंने बताया कि 3 मई को ग्राम सभा तड़म के समीप बाघ को ट्रैंकुलाइज करने का प्रयास किया गया था, लेकिन घने जंगल और विषम परिस्थितियों के कारण उस समय सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद अतिरिक्त टीमों को तैनात कर अभियान को और तेज किया गया। सोमवार को चले संयुक्त अभियान में वन विभाग को सफलता मिली और बाघ को सुरक्षित रेस्क्यू कर उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। परीक्षण में बाघ पूरी तरह स्वस्थ पाया गया, जिसके बाद उसे कार्बेट टाइगर रिजर्व भेज दिया गया। वन विभाग द्वारा इस दौरान क्षेत्र में लगातार जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया। ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए पोस्टर और पंपलेट वितरित किए गए तथा वन्य जीवों से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि क्षेत्र में किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत विभाग को सूचना दें। साथ ही जंगल में अकेले न जाने और अंधेरे में अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी गई है।

# मेधावी हर्षा को सम्मानित किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** श्री कायस्थ सभा काशीपुर परिवार के शिक्षक शक्ति संयोजक नगर के मौहल्ला कानूनगोयान, निकट मुंशीराम चौराहा निवासी मनोज सक्सेना की पुत्री कु. हर्षा सक्सेना ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने द्वारा दी गई सभी 5 प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, आईबीपीएस तथा नैनीताल बैंक के माध्यम से प्रोबेशनरी ऑफिसर तथा एसबीआई एवं इंडियन बैंक में जूनियर एसोसिएट पद इसमें सम्मिलित हैं। कु. हर्षा की अभूतपूर्व सफलता की खुशियों को संग बांटने एवं इस शुभ अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित करने हेतु श्री कायस्थ सभा काशीपुर का एक शिष्टमंडल



सोमवार सायं उनके आवास पर पहुंचा और कु. हर्षा को भगवान श्री चित्रगुप्त जी दरबार भेंट कर सम्मानित करते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। साथ ही कु. हर्षा की माता रितु सक्सेना एवं पिता मनोज सक्सेना को भी बधाई दी। शिष्टमंडल में संरक्षक अशोक कुमार सक्सेना, मुकेश कुमार सक्सेना एडवोकेट, सुशील कुमार सक्सेना, अभिताभ सक्सेना एडवोकेट, प्रदीप कुमार सक्सेना, स्वतंत्र नवीन एडवोकेट, राजेश कुमार सक्सेना, किशन अवतार सक्सेना, अपूर्व चित्रांश एडवोकेट, प्रिंस कुमार सक्सेना एवं सरिता सक्सेना, सुनीता सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## तीन मेडिकल स्टोरों में मिली अनियमितताएं

**अल्मोड़ा।** खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने जिलेभर में विभिन्न मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तीन मेडिकल स्टोरों में अनियमितताएं मिलने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। औषधि निरीक्षक पूजा जोशी के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न मेडिकल प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर ड्रग लाइसेंस की वैधता जांची। स्टॉक, बिक्री व खरीद रिकॉर्ड का भी सत्यापन किया। सुनिश्चित किया कि दवाओं की बिक्री व खरीद पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति में पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी के पर्चे पर ही किया जाए। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों की स्थापना व उनकी रिकॉर्डिंग की भी जांच की गई। औषधि निरीक्षक ने सात दिन के भीतर मेडिकल प्रतिष्ठानों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# शिक्षक हितों की अनदेखी पर फूटा आक्रोश

## 13 सूत्रीय मांगों को लेकर द्वाराहाट में जोरदार धरना-प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**द्वाराहाट।** प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ उत्तराखंड के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन के द्वितीय चरण के अंतर्गत विकासखंड द्वाराहाट में राजकीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के नेतृत्व में उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में शिक्षकों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने अपनी लंबित 13 सूत्रीय मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए उप जिलाधिकारी तथा उप शिक्षा अधिक.ारी के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया। धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष दीपक चंद्र पांडे ने की। अपने संबोधन में उन्होंने



कहा कि वर्षों से जूनियर हाईस्कूल शिक्षक अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्षरत हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की उदासीनता के कारण समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि शीघ्र मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आगामी चरणों में आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

कार्यक्रम में शिक्षकों ने टीईटी से छूट, 17140 वेतनमान विसंगति का समाधान, पुरानी पेंशन बहाली, त्रिस्तरीय कैडर व्यवस्था, समयबद्ध पदोन्नति, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण, चिकित्सा सुविधा सहित 13 सूत्रीय मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। ब्लॉक मंत्री नरेंद्र बोरा ने कहा कि शिक्षक हितों की लगातार उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं जिलामंत्री पुष्कर कुंवर ने संगठन की एकता को संघर्ष की सबसे बड़ी ताकत बताया। पूर्व जिला मंत्री युगल मठपाल ने शिक्षकों से आंदोलन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश चंद्र, संयुक्त मंत्री हेमा कोहली, कोषाध्यक्ष चंदन बोरा, पूर्व कोषाध्यक्ष पंकज पंत, त्रिलोक अधिकारी, शोभा नेगी, प्रकाश रौतेला, सुरेन्द्र सिंह, रमेश आगरी, बसंत साह, जगदीश बुधानी, हेमंत उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# बागनाथ मंदिर पहुंचा जगदीश शिला डोला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जगदीश शिला डोला बाबा बागनाथ मंदिर बागेश्वर पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने डोले का भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सरयू के पवित्र जल का छिड़काव कर बाबा बागनाथ के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। जगदीश शिला डोला यात्रा के संयोजक एवं पूर्व मंत्री, मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया कि यात्रा की शुरुआत हरिद्वार से हुई थी। उत्तराखंड के सभी 13 जनपदों के भ्रमण पर निकली यह यात्रा अब तक देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी, रुद्रप्रयाग और पौड़ी होते हुए बागेश्वर पहुंची है। उन्होंने बताया कि बीती रात यात्रा ने गरुड़ स्थित मां भगवती मंदिर परिसर में विश्राम किया था। नैथानी ने बताया कि 27वीं बार निकाली जा रही जगदीश शिला डोला यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति का संदेश देना और उत्तराखंड की देव एवं लोक संस्कृति को



संरक्षित रखना है। साथ ही राज्य के चारधामों के अलावा कुमाऊं और गढ़वाल के अन्य प्रमुख देवस्थलों को भी धाम के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक यात्रा 433 देवालयों को धाम के रूप में चिह्नित करने का संकल्प पूरा कर चुकी है। बागनाथ मंदिर में डोला पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने माता के डोले में पुष्प, चावल और धनराशि अर्पित कर आशीर्वाद लिया। यात्रियों ने बताया कि बागेश्वर से यात्रा कांडा के लिए रवाना हुई, जहां से कमेड़ी देवी होते हुए रात्रि विश्राम डीडीहाट में किया जाएगा। इस अवसर पर कुंदन सिंह रावत, भरत सिंह, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, हरीश ऐठानी, राजेंद्र टंगड़िया, गीता रावल, बागनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी भगत रावल, अशोक रावल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट, चंदन सिंह, जोद सिंह, धर्मेंद्र पवार, सौरभ सिंह, गौरव, केदार सिंह, कैलाश नैथानी सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# श्रीमद भागवत कथा और शिव महापुराण संपन्न, भंडारा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** कपकोट के गुरु गोरखनाथ पोखरी धाम में आयोजित संगीतमय श्री श्रीमद भागवत कथा हवन यज्ञ और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गई। वहीं बाबा बागनाथ मंदिर में आयोजित शिव महापुराण भी हवन यज्ञ के साथ पूर्ण हुआ। दोनों धार्मिक स्थलों पर आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरु गोरखनाथ पोखरी धाम में कथा के दौरान वेद व्यास रामानंद वैष्णव आश्रम पिथौरागढ़ के महंत श्री श्री 108 रमेश दास जी महाराज ने कहा कि कर्मयोगी व्यक्ति कभी परेशान नहीं होता। उन्होंने कहा कि दैनिक कार्यो के साथ कुछ समय भगवान की भक्ति के लिए अवश्य निकालना चाहिए। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कै. दरबान सिंह गढ़िया ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर संयोजक नवीन गढ़िया, आचार्य पूरन चंद्र जोशी, यज्ञाधीश ललित सिंह गढ़िया, दरबान गढ़िया, प्रधान आनंद कपकोटी, पूर्व प्रधान गणेश चंद्र उपाध्याय, उमेद शाही, विमल, सूबेदार आनंद, हरि दत्त जोशी, महेंद्र और दिवान मेहता सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इधर बाबा बागनाथ मंदिर में आयोजित शिव महापुराण में वेद व्यास पंडित गणेश जोशी ने श्रद्धालुओं को हवन यज्ञ के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हवन से वातावरण शुद्ध होने के साथ मानसिक और आध्यात्मिक शुद्धता भी बढ़ती है। शिव महापुराण कार्यक्रम में संजय परिहार, संजू रावल, भगत रावल, जूना अखाड़ा के महंत शंकर गिरी महाराज, पुष्कर गिरी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बच्चों को को नशे के दुष्परिणाम बताए

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत के निर्देशानुसार 'प्लान ऑफ एक्शन मई 2026' के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में नशामुक्ति एवं विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों, विधिक अधिकारों तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में अधिकार मित्र अजय गुरूरानी, किरन गहतोड़ी एवं राधिका अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य निर्माण हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों तथा वर्तमान कानूनी प्रावधानों की जानक.ारी प्रदान की गई। विद्यालय के वरिष्ठ




शिक्षक एवं नशामुक्ति अभियान संयोजक त्रिलोचन जोशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और भविष्य चारों को प्रभावित करता है। उन्होंने बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, शराब एवं स्मैक जैसे घातक नशों से दूर रहने का संदेश देते हुए विद्यार्थियों से जीवनभर नशीले पदार्थों से दूरी बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य दिग्भूषण गोस्वामी ने इस प्रकार के जागरूकता अभियानों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश ग्रहण किया।

# दोस्तों के साथ कैंची धाम आए युवक की मौत

## रिजॉर्ट का रैंप चढ़ते वक्त बाइक समेत गिरा कई फीट नीचे, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बरेली से बाबा नीब करौरी के दर्शन के लिए कैंची धाम आए एक युवक की भूमियाधार क्षेत्र में उस समय मौत हो गई जब वह अपनी बाइक से एक रिजॉर्ट का रैंप चढ़ने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान बाइक असंतुलित हुई और वह बाइक समेत कई फीट नीचे जा गिरा। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता ने उसके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी अनुसार बिथरी चैनपुर, बरेली निवासी 25 वर्षीय केशव भारद्वाज एक दवा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) के पद पर कार्यरत था, और घर का इकलौता बेटा था। बताया जाता है कि उसने अपने कुछ दोस्तों व एक महिला मित्र के साथ कैंचीधाम दर्शन का प्लान बनाया था। करीब चार-पांच दोस्तों के साथ बीते सोमवार को केशव सोमवार को भूमियाधार पहुंचा। यहां वह एक रिजॉर्ट में रुकने वाले थे। बताया जा रहा कि केशव अपनी बाइक से रिजॉर्ट का रैंप चढ़ रहा था और तभी बाइक अनियंत्रित हो गई। केशव संभल नहीं पाया और बाइक समेत रैंप से कई फीट नीचे गिर गया। वह बुरी तरह घायल हुआ। घायल केशव को उसके साथियों द्वारा आनन-फानन में उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे सुशीला तिवारी चिकित्सालय रेफर कर दिया गया और यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के पिता दिनेश ने बताया कि केशव उनका इकलौता बेटा था। उन्होंने केशव के दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि अभी तहरीर नहीं दी। पोस्टमार्टम के बाद वह शव बरेली ले गए। एसपी क्राइम डा.जगद.ीश चंद्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगी।

■घर का इकलौता था केशव
■परिवार में कोहराम

## निर्माणाधीन मकान में मिला मजदूर का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के दमुवादूंगा स्थित एक निर्माणाधीन मकान में बीते सोमवार की रात्रि एक मजदूर संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था में मिला। अचेत अवस्था में मिले व्यक्ति को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परि.जनों के सुपुर्द कर कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात डायल 112 पर सूचना मिली कि किसी ने एक व्यक्ति दमुवादूंगा स्थित एक निर्माणाधीन मकान में अचेत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा मय टीम के साथ मल्ला प्लाट, जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा पहुंचे। यहां एक निर्माणाधीन मकान के भीतर तख्त पर एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा था। उसके मुंह और नाक से झाग निकल रहा था और आंखें अधखुली थीं। मौके पर मौजूद मृतक के भाई प्रकाश चन्द्र ने उसकी पहचान 46 वर्षीय जीवन चन्द्र गंगोला निवासी वार्ड नंबर 35, जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा के रूप में की। उन्होंने बताया कि जीवन चन्द्र लंबे समय से नशे का आदी था और निर्माणाधीन मकान में मजदूरों के साथ रह रहा था। जिसे आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर 108 एम्बुलेंस और फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया गया। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## महिला दरोगा से अभद्रता का आरोपी कार चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मियों से अभद्रता कर धमकी देने और सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार बीते 10 मई की रात कोतवाली हल्द्वानी पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी।



तभी तिकोनिया स्थित 'कबाड़ी कबाब' के पास भोटिया पड़ाव पुलिस चौकी प्रभारी आरती ने काली फिल्म लगी एक संदिग्ध कार को रोका। वाहन के चालान की कार्रवाई के दौरान कार चालक एसआई आरती से उलझ गया। आरोपी ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि चालक ने पुलिसकर्मियों व एसआई आरती को जान से मारने और वर्दी उतरवा देने तक की धमकी दी। एसआई ने उसे रोका तो आरोपी ने उन पर गाड़ी चढ़ाने की को.शिश की। इसके बाद आरोपी कार समेत मौके से फरार हो गया। मामले में एसआई आरती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से फरार आरोपी लवजीत सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी भवान सिंह नवाड़, लाल.कुआं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की कार को भी कब्जे में ले लिया है। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों या अन्य लोकसेवकों के साथ अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट मामले में क्रॉस रिपोर्ट

**हल्द्वानी।** बीते दिन गौलापार क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान हुए विवाद में अब मंगलवार को दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को तहरीर सौंपते हुए मारपीट और छेड़छाड़ के आरोप लगाते हुए तहरीर सौंपी। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक फिलहाल किसी भी पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को देवला मल्ला निवासी उमेश टम्टा ने काठगोदाम कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि गांव में आयोजित एक शादी समारोह में वह और उसका भाई शुभम टम्टा डीजे का संचालन कर रहे थे। आरोप था कि रात में शुभम ने प्यास लगने पर सामने रखे बर्तन से पानी पी लिया, जिससे नाराज होकर गांव के आठ-दस लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। उमेश का आरोप है कि सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई और जातिसूचक टिप्पणियां की गईं। घायल दोनों भाइयों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं अब दूसरे पक्ष की ओर से देवला मल्ला निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपते हुए आरोप लगाया है कि दलित वर्ग के कुछ युवक नशे की हालत में उनके घर में घुस आए और मारपीट की। विरोध करने पर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी की गई। सीओ अमित सैनी ने बताया कि दोनों पक्षों की क्रॉस तहरीर मिली है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि पूरा विवाद टेंट की कुर्सी को लेकर शुरू हुआ था। एक युवक कुर्सी उठा कर डांस कर रहा था, जिसके टेंट वाले ने विरोध किया। टेंट वाले से कहासुनी हुई और फिर डीजे चलाने वाले भाइयों से मारपीट हो गई। फिलहाल, जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## गोलापार एवं हल्द्वानी स्टेडियम का निरीक्षण

### प्रदेश में खेलों के विकास को मिलेगी नई दिशा: कुलदीप सिंह बुटोला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय खेल परिषद के अध्यक्ष कुलदीप सिंह बुटोला का मंगलवार को गौलापार हल्द्वानी स्टेडियम पहुंचने पर खेल विभाग के अधिकारियों एवं खेल संघों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उप निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत द्वारा उनका पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर अभिनंदन किया। इसके पश्चात उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय खेल परिषद के अध्यक्ष कुलदीप सिंह बुटोला ने क्रिकेट, शूटिंग, स्विमिंग, हॉकी एवं एस्ट्रो टर्फ सहित पूरे खेल परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित ज्ञापन अध्यक्ष महोदय को सौंपा तथा मौखिक रूप से भी अवगत कराया। इस पर अध्यक्ष बुटोला ने आश्वासन दिया कि खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या नहीं रहने दी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान खेल अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों के कार्य की सराहना करते हुए उनके प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने जि-जित्सु की एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता कुमारी नव्या पांडे के निजी आवास पहुंचकर उन्हें एवं उनके परिजनों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस मौके पर उप जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, सुरेश पांडे, किशोर पाल, सतीश आर्य, तिलोक जीना, श्याम भट्ट, विनय जोशी, अंकुश रौतेला, संजय गैड़ा, निशांत मेहता, निलेश गुप्ता, महेश बिष्ट, आनंद देव, गोपाल नेगी, राहुल सिंह, नमन नबियाल, पूनम, तनुजा आर्य सहित कई लोग मौजूद रहे।



## ऑपरेशन प्रहार के तहत 35 बाइक की सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सड़क को रेसिंग ट्रैक समझने वालों और पहचान छिपाकर हुड़दंग मचाने वाले बाइकर्स के खिलाफ पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत 35 बाइक को सीज कर दिया। पुलिस अब तस्दीक कर रही है कि आखिर चालक क्यों बाइक की नंबर प्लेट हटा कर या छिपाकर राइडिंग करते थे। पुलिस का कहना है कि पहचान छुपाकर सड़क पर अराजकता फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जिलेभर में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत चोरगलिया क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पैदल गश्त और चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट या नंबर प्लेट हटाकर घूम रही बाइ.कों को चिह्नित किया। कार्रवाई के दौरान चौकी कुंवरपुर क्षेत्र में 15 बाइकें सीज कीं। वहीं थाना चोरगलिया क्षेत्र में 20 बाइकें सीज की गईं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कई मामलों में नाबालिग और युवा जानबूझकर नंबर प्लेट हटाकर सड़क पर स्टंट और हुड़दंग करते मिले। जांच में यह भी सामने आया कि कई अभिभावक घर में बिना नंबर की बाइक खड़ी होने के बावजूद बच्चों को रोकने के बजाय चुप्पी साधे रहते हैं। पुलिस ने ऐसे अभिभावकों को भी सख्त चेतावनी दी है। एसएसपी ने साफ कहा कि ऑपरेशन प्रहार आगे भी जारी रहेगा और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## उस्ताद इलमास हुसैन ने बांधा समा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वर संगम संगीत संस्थान हीरानगर में लखनऊ घराना तबला के वर्तमान पीढ़ी के खलीफा उस्ताद इलमास हुसैन का व्याख्यान-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने तबला वादन की परंपरा, इतिहास और लखनऊ घराने की विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वर संगम के आचार्यों ने उस्ताद इलमास हुसैन और उनकी बेगम निगार फातिमा खान का फूल माला और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अपने व्याख्यान प्रदर्शन में उस्ताद इलमास हुसैन ने लखनऊ तबला घराने के इतिहास को उस्ताद आबिद हुसैन से लेकर वर्तमान आठवीं पीढ़ी तक विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने दादा स्व. उस्ताद वाजिद हुसैन खलीफा और पिता स्व. खलीफा उस्ताद आफाक हुसैन के योगदान को याद करते हुए उठान, पेशकार, गत, कायदे और रौ-रेला की कलात्मक प्रस्तुतियां दी। उन्होंने स्वर संगम के तबला आचार्य डा. मुकेश चंद्र पंत की सराहना करते हुए कहा कि वे उत्तराखंड में तबला वादन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास और समर्पण के साथ संगीत साधना करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक गौरव बिष्ट ने हारमोनियम पर लहरा-संगति दी। मंच संचालन युवा तबला वादक रणविजय ने किया। इस मौके पर आचार्य हरीश चंद्र पंत, पं. चंद्रशेखर तिवारी, विनीता पांडे, मीरा पंत, सरोद वादक स्मित तिवारी सहित स्वर संगम के छात्र और कलाकार मौजूद रहे।




## हल्द्वानी के रक्षित ने कराटे में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एबीएम पब्लिक स्कूल के कक्षा 8 के छात्र रक्षित जोशी ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर शहर एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। रक्षित ने देहरादून में आयोजित 23वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की है। फतेहपुर बरसाती क्षेत्र हल्द्वानी निवासी रक्षित जोशी ने प्रतियोगिता में अपने दमदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रक्षित की इस उपलब्धि के बाद अब उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहां वें उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।



रक्षित के पिता नीरज जोशी और माता उमा जोशी ने बताया कि रक्षित बचपन से ही कराटे के प्रति विशेष रुचि रखता है और निरंतर अभ्यास के माध्यम से वह इस खेल में एक अलग पहचान बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि उसकी मेहनत और लगन ने ही आज उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। रक्षित की इस उपलब्धि पर शहर के खेल प्रेमियों, शिक्षकों और बुद्धिजीवियों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## निजी स्कूलों पर प्रशासन का शिंकजा

### 4 और निजी स्कूलों को नोटिस, अब तक 105 जांच के दायरे में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एनसीईआरटी के अतिरिक्त महंगी किताबों और अनियमितताओं पर जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी है।

मंगलवार को जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल के निर्देशों पर मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल द्वारा जनपद के निजी विद्यालयों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों एवं जांच आख्या के आधार पर सख्त कार्यवाही जारी है। इसी के तहत प्रशासन ने चार और निजी विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नवीनतम कार्रवाई के साथ अब तक नोटिस प्राप्त विद्यालयों की कुल संख्या 105 हो गई है। नोटिस प्राप्त करने वाले विद्यालयों में माउंट कार्मल सेरा स्कूल नरीपुर शिक्षानगर, लामाचौड़, हैप्पी स्टेप्स स्कूल मित्र कॉलोनी, देवलचौड़, एवर ग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेरीपड़ाव, हल्द्वानी तथा लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल शामिल हैं। जांच में यह तथ्य सामने आया कि कई निजी विद्यालयों द्वारा एनसीईआरटी पुस्तकों के अतिरिक्त महंगी निजी प्रकाशनों की पुस्तकें अनिवार्य की जा रही हैं, जिससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कुछ विद्यालयों पर विशेष विक्रेताओं से ही पुस्तकें एवं शिक्षण सामग्री खरीदने का दबाव बनाने तथा वेबसाइट पर अनिवार्य सूचनाओं का पूर्ण प्रकटीकरण न करने के आरोप भी पाए गए हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि 15 दिवस के भीतर एनसीईआरटी पुस्तकों को प्राथमिकता देते हुए संशोधित पुस्तक सूची जारी की जाए। साथ ही किसी भी प्रकार की विक्रेता-विशेष की बाध्यता समाप्त करने, शुल्क संरचना एवं पुस्तक सूची को वेबसाइट पर सार्वजनिक करने तथा अभिभावकों से वसूले गए अनावश्यक शुल्क के समायोजन/धनवापसी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। आदेशों का पालन न करने की स्थिति में संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध मान्यता निलंबन या निरस्तीकरण जैसी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## नीट परीक्षा पेपर लीक होने पर भड़के यूथ कांग्रेसी, मशाल जुलूस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तिको.निया स्थित बुद्धपार्क से एसडीएम कोर्ट तक मशाल जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विशाल भोजक ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार देने और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में पूरी तरह विफल रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू और जिलाध्यक्ष सुमित कुमार ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद नहीं हुआ तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। प्रदेश महासचिव स्वाति जोशी, भानु कावड़वाल और अनस हुसैन ने कहा कि मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे वर्षों तक मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे मामलों से उनकी मेहनत और भविष्य दोनों प्रभावित होते हैं, जो बेहद शर्मनाक है। प्रदर्शन व मशाल जुलूस में प्रदेश महासचिव दिग्विजय सिंह चौहान, जिला सचिव मनदीप सिंह गुजराल, ब्लॉक अध्यक्ष नदीम सैफी, उमेश जोशी, छात्र नेता मेहुल शाह, राजा फर्स्वाण, राहुल रावत, भावेश कुरिया, उज्ज्वल तिवारी, गंगा सिंह बिष्ट, मोहित उप्रेती और विवेक सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नर्स दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में मंगलवार को अंत.रराष्ट्रीय नर्स दिवस फ्लोरेंस नाइटिंगेल जयंती हर्षोल्लास वातावरण में मनाया गया। इस वर्ष नर्स दिवस की थीम हमारी नर्सें, हमारा भविष्य सशक्त नर्सें जीवन बचाती है. .रखी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने दीप प्रज्ज्वलन और फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान उन्होंने नर्सिंग स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ है और मरीजों की सेवा में उनका योगदान अतुलनीय है। नर्स दिवस हमें नर्सों के त्याग, समर्पण और सेवा भावना को सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है। चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने सेवाभाव और मानवता की जो मिसाल पेश की, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ से मरीजों की सेवा में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। राजकीय नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डा. शबिस्ता अहमद ने कहा कि नर्स केवल स्वास्थ्यकर्मी नहीं, बल्कि सेवा, संवे.दना और करुणा की प्रतीक होती है। कठिन परिस्थितियों में भी निस्वार्थ सेवा देकर नर्सें समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कुमाऊनी लोकगीत बेडू पाको बारो मासा..और ओ भिना कसिके जानू द्वारहाटा..पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर पहाड़ी संस्कृति की झलक दिखाई गई। कार्यक्रम का संचालन दीपिका जंगपांगी और सागर जोशी ने किया। इस मौके पर डा. केसी पांडे, डा. आरजी नौटियाल, डा. सुभाष जोशी, जीबी मोल टी मैथ्यू, ईला चौधरी, ललिता बिष्ट, अनिता अधिकारी, उमेश पांडे, रेनू रमोला सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## बैंक कर्मचारियों का शांतिपूर्ण विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विभिन्न मांगों को लेकर स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन दिल्ली सर्किल के बैनर तले बैंक कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन आज मंगलवार दूसरे दिन हल्द्वानी स्थित प्रशासनिक कार्यालय कुसुमखेड़ा में जारी रहा। धरना प्रदर्शन के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह बवेजा ने बताया कि कर्मचारी 4 मई से लगातार अपनी मांगों को लेकर विभिन्न माध्यमों से विरोध दर्ज करा रहे हैं। इसके तहत प्रतिदिन शाखाओं में प्रदर्शन, सोशल मीडिया पर ट्विटर अभियान, तथा मौन धरना जैसे कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 25 एवं 26 मई को पूरे देश में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यूनियन के दरवाजे बातचीत के लिए अभी भी खुले हुए हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान लो.केश गरुरानी, भवान सिंह महरा, आशीष प्रेमी, सचिन बलदिया, प्रियंका यादव, कविता पांडे, गणेश मर्तोलिया, तेज सिंह बसेड़ा, राकेश तिवारी, राजीव मनराल, रेनू बिष्ट, धना कोरंगा सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।




## बुद्धपार्क में मजदूर संगठनों का धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऐक्टू समेत केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के मंच, स्वतंत्र क्षेत्रीय महासंघों एवं संगठनों द्वारा मंगलवार को संघर्षरत मजदूरों के साथ एकजुटता में राष्ट्रीय मांग दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया गया था, उसके तहत बुधपार्क हल्द्वानी में उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन (संबद्ध ऐक्टू) द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया और राष्ट्रीय मांग दिवस पर अपनी मांगों को उठाया गया। ऐक्टू प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि श्रम संहिताएं (लेबर कोड) कार्य समय बढ़ाकर और ठेका प्रथा को मजबूत कर शोषण को वैध बनाती हैं। महिला मजदूरों को कार्यस्थल पर हर प्रकार के उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। सरकारों ने राहत देने के लिए संवाद करने के बजाय दमन का रास्ता अपनाया है। 1,000 से अधिक मजदूरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने छापेमारी, दमन और निगरानी के जरिए भय का माहौल बनाया है। कई ट्रेड यूनियन नेताओं को झूठे मामलों में फँसाकर जेल में डाला गया है, जबकि अन्य को नजरबंद किया गया है। उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन (ऐक्टू) की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशाओं को एक ओर तो न्यूनतम वेतन, कर्मचारी का दर्जा कुछ भी नहीं मिलता लेकिन आशा वर्कर्स जो दिन रात मातृ शिशु सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य विभाग के हर अभियान को चला रही हैं उनको सम्मानजनक मानदेय देना भी सरकार को भारी पड़ रहा है और उसमें कटौती की जा रही है। यह बेहद शर्मनाक है। धारना-प्रदर्शन में ऐक्टू प्रदेश महामंत्री के के बोरा, आशा यूनियन अध्यक्ष कमला कुंजवाल, भाकपा माले नेता डा. कैलाश पाण्डेय, आशा यूनियन हल्द्वानी अध्यक्ष रिंकी जोशी, उधम.सिंहनगर अध्यक्ष ममता पानू, धारी ब्लॉक अध्यक्ष मुन्नी बिष्ट, रामगढ़ अध्यक्ष हेमा बिष्ट, सरोज रावत, सायमा सिद्दीकी, सीता कुँवर, जानकी थापा, सुनीता, रश्मि जोशी, दीपा आर्य, मिथिलेश, सरिता साह, प्रियंका, प्रेमा शर्मा, दीपा देवी, भगवती, देवकी, विमला, लीला, पुष्पा आर्य, माया शाह, ममता आर्य, मोहिनी, रेखा गड़िया, पुष्पलता, रेशमा, हुमेरा, हेमा जोशी, दीपा बहुगुणा, कमलेश, रोशनी, अनीता, सुमन बिष्ट, सावित्री, यशोदा, दमयन्ती, जाहिदा, नसीमा, तारा देवी, मीना लता कोहली, आशाओं को समर्थन देने बिजली ठेका श्रमिक यूनियन के पान सिंह चिलवाल, किसान महासभा के अमित कोहली, आइसा नेता आकाश भारती भी पहुंचे।



## रेल संरक्षा आयुक्त ने किया रामनगर कोच केयर सेंटर एवं स्टेशन का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामनगर।** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर रेलवे सर्किल प्रणजीत सक्सेना ने मंगलवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सहित शाखा अधिकारियों के साथ कोच केयर सेंटर रामनगर एवं रेलवे स्टेशन का विस्तृत एवं गहन संरक्षा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री सक्सेना ने कोचिंग केयर सेंटर में सीबीसी गेज बॉक्स, पोल व्हील सिम्युलेटर, सीबीसी पॉपुलर गेज, बफर हाइट गेज, हैंड ब्रेक इंडिकेटर, 3 प्वाइंटर व्हील, डायमीटर गेज तथा अल्ट्रासोनिक थिकनेस गेज जैसे विभिन्न तकनीकी उपकरणों की कार्यप्रणाली के बारे में अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संरक्षा से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने वाटर रिसाइकलिंग प्लांट का निरीक्षण किया और जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि पानी का अधि.कतम पुन: उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा उसकी शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। वाशिंग पिट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पानी की खपत को कम करने के उपाय अपनाने के निर्देश भी दिए। यार्ड निरीक्षण के दौरान क्रॉसिंग बाडी के प्वाइंट संख्या 204 डब्ल्यू का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित पर्यवेक्षकों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश प्रदान किए गए। इसके उपरांत रेलवे स्टेशन के पैनल कक्ष का निरीक्षण किया गया, जहां वीडीयू प्रणाली की कार्यप्रणाली की जानकारी ली गई। साथ ही स्टेशन डायरी, सतर्कता आदेश रजिस्टर, स्टेशन कार्य नियम, सिग्नल एवं इंटरलॉकिंग सुरक्षा रजिस्टर, यार्ड एवं अन्य सुरक्षा रजिस्टरों तथा निरीक्षण रजिस्टरों का भी गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात स्टेशन प्रबंधक से संरक्षा संबंधी जानकारी लेकर पूरी व्यवस्था का मूल्यांकन किया गया। इसके अतिरिक्त आईपीएस रूम एवं रिले रूम का भी विस्तार से निरीक्षण किया गया।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नेचर गाइडों ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भंडार पानी नेचर गाइड एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार सुबह भण्डारपानी गेट कोटा रेंज में नेचर गाइडों ने सांके. तिक धरना प्रदर्शन किया। गाइडों ने वन विभाग पर बिना उचित प्रक्रिया दूसरे गेट के नेचर गाइड को भण्डारपानी गेट पर नियुक्त करने का आरोप लगाया।



एसोसिएशन द्वारा वन विभाग को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि इस संबंध में पूर्व में भी उप प्रभागीय वनाधिकारी रामनगर, प्रभागीय वनाधिकारी रामनगर और वन क्षेत्राधिकारी कोटा रेंज को लिखित आपत्ति दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। प्रदर्शन कर रहे गाइडों का कहना था कि इससे स्थानीय गाइडों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान जंगल सफारी के लिए पहुंचे कुछ सैलानियों ने भी नेचर गाइडों की मांग को उचित बताते हुए वन विभाग से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।हालांकि प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य पर्यटकों के भ्रमण में बाधा पहुंचाना नहीं है। इसी कारण प्रदर्शन को सीमित समय तक रखा गया और सफारी संचालन सामान्य रूप से जारी रहा। वही रामनगर वन प्रभाग के एसडीओ अंकित बडोला ने बताया कि सभी लोग उनके कार्यालय पर मिलने आए थे और उनकी समस्या का समाधान कर दिया गया है।इस दौरान भण्डारपानी नेचर गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष यश नैनवाल,भुवन चंद्र सती, बलवंत सिंह, विनोद कुमार,मनोहर बिष्ट, राजेंद्र कुमार ,अनिल कुमार, भरत, अंकुश आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

- **दो घरों में मारा छापा, 67 पाउच अवैध शराब बरामद**
- **कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अवैध शराब की तस्करी रोकने को दिए कड़े निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** सोमवार शाम आबकारी विभाग ने लौका, गोठा और पंडरी क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान दो घरों से कच्ची शराब बरामद की गई। मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है।

दो दिन पहले गोठा के जंगल में एक ग्रामीण का संदिग्ध अवस्था में शव मिला था। ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र में कच्ची शराब की बढ़ती लत के कारण लोगों की जिंदगी बर्बाद हो रही है।

महिलाओं ने पुलिस को बताया था कि शराब और नशे की वजह से परिवार टूट रहे हैं। इससे पहले पुलिस ने भी चेकिंग अभियान चलाकर 67 पाउच अवैध शराब बरामद किए थे।

सोमवार को आबकारी निरीक्षक बृजेश जोशी के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। इस दौरान विहिप प्रखंड अध्यक्ष अजय भगत समेत बजरंग दल और विहिप कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। आबकारी टीम को देखकर कई संदिग्ध घरों में ताले लगे मिले। टीम ने दो घरों में कच्ची शराब बरामद की।

मंगलवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अवैध शराब की तस्करी रोकने को लेकर आबकारी अधिकारियों को अपने कैंप कार्यालय बुलाया और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित चेकिंग अभियान चलाने तथा नदी-नालों और अन्य संभावित स्थानों पर निगरानी बढ़ाने को कहा। आबकारी निरीक्षक बृजेश जोशी ने बताया कि सप्ताह में दो दिन विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

## एक नजर

### अवैध स्मैक के साथ एक युवक को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एसएसपी द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर व क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षक तथा प्रभारी निरीक्षक व वरिष्ठ उप निरीक्षक खटीमा के दिशा निर्देशन में कार्यवाही करते हुए वार्ड नंबर 14 पीलीभीत रोड शारदा टॉकीज के सामने निवासी आशीष श्रीवास्तव पुत्र कालीचरण श्रीवास्तव को कंजाबाग पुलिया से कुटरी नदन्ना गांव को जाने वाल सड़क पर से 2.12 ग्राम अवैध स्मैक/हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में बाजार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल ललित सिंह कन्याल तथा इसाक मोहम्मद शामिल रहे।



### खटीमा की अंशिका ने जीता रजत व साक्षी को मिला कांस्य पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** देहरादून के अंबाला स्थित युवा कल्याण विभाग के इंडोर हॉल में 8 से 11 मई तक आयोजित 23वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी, छिनकी फार्म की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उत्तराखंड कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा अंशिका धामी ने शानदार खेल दिखाते हुए रजत पदक और साक्षी भंडारी ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

छात्राओं की इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने विजेता खिलाड़ियों और कराटे प्रशिक्षक विजय रावत को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता जीत या हार से नहीं, बल्कि आपके कठिन परिश्रम और कोशिशों से परिभाषित होती है। उन्होंने कहा कि परिश्रमी मनुष्य के लिए संसार की कोई भी वस्तु दुर्लभ नहीं है और उन्होंने सभी विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, भरत बिष्ट, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट सहित समस्त विद्यालय परिवार ने छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष में ग्राम पंचायत भुड़ाई में एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी की विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता रही।



इस मौके पर महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, स्वाभिमान, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबको अपनी ओर आकर्षित किया।

इस मौके पर पालिका अध्यक्ष जोशी ने कहा कि ऐसे प्रेरणादाई आयोजन समाज में एकता, देशभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।

उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए समस्त आयोजकों एवं ग्राम वासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, जीवन सिंह धामी तथा सतीश भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# चोरी की चार बाइकों सहित एक अभियुक्त पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर तथा क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक तथा वरिष्ठ उपनिरीक्षक खटीमा के दिशा निर्देशन में बीते सोमवार को पंजीकृत मुकदमा 141/26 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात में कार्यवाही करते हुए बंगाली कॉलोनी थाना झनकईया निवासी एक अभियुक्त आशीष मंडल पुत्र अशोक मंडल को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से चार मोटरसाइकिलें बरामद की गई।

वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस टीम में बाजार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, उप निरीक्षक विजय सिंह बोरा, कांस्टेबल ललित सिंह कन्याल, इसाक मोहम्मद तथा मोहन सिंह बोरा शामिल रहे।

# वेतन वृद्धि को लेकर श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिडकुल सेक्टर एक स्थित यूरो ग्रुप श्री चक्रा कम्पनी के सैकड़ों श्रमिकों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर गांधी पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया। श्रमिकों का आरोप है कि वह कम्पनी में पिछले कई वर्षो से काम कर रहे है, लेकिन उन्हें 8 घंटे काम के मात्र 13 हजार रुपये ही वेतन दिया जा रहा है जबकि उनसे कम्पनी प्रबंधन द्वारा 12 घंटे का काम लिया जा रहा है । इसलिए अतिरिक्त 4 घंटे के काम का डबल भुगतान किया जाए।

उन्होंने कहा कि माह में सभी श्रमिकों से 30 दिन का काम कराया जा रहा है, जबकि माह में चार दिन का नियमानुसार अवकाश होना चाहिए। इसलिए उन्हें माह में किसी भी निर्धारित दिवस पर चार दिन का अवकाश दिया जाये। श्रमिकों का कहना है कि अतिरिक्त समय काम कराने पर उन्हें केंटीन में निःशुल्क भोजन की सुविधा दी जाये।

श्रमिकों ने कहा यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वह आन्दोलन तेज करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेवारी कम्पनी प्रबंधन की होगी। इस दौरान विकास, सुमित, रौरभ, ऋषभ, राकेश, कार्तिक, भगवत, सूरज, अर्जुन,मनोज, कृष्ण कांत, मुकेश, जितेन्द्र, पिंटू, मोरपाल, रमेश, ओमप्रकाश, मदनलाल, पवन, वीरपाल, सत्यपाल, राजवीर, रंजीत कुमार व नरोत्तम आदि श्रमिक मौजूद थे।

### स्मैक के साथ स्मैक एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशानुसार आपरेशन प्रहार के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान के क्रम में जसपुर पुलिस द्वारा दिनांक 11/05/2026 को एसआई हरीश आर्य द्वारा पुलिस टीम के साथ गस्त के दौरान मोहल्ला पट्टी चौहान, जसपुर से मोहल्ले के मोहम्मद नाजिम पुत्र नईम अहमद को 10.95 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 8/21 NDPS ACT के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया । मीडिया से बातचीत में नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडे ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर अजय गणपति के नेतृत्व में लगातार ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है और यह है अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा । युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले नशा तस्करों को किसी भी हालत में नहीं बख्शा जायेगा । उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार के खिलाफ प्राथमिकता के आधार अभियान चलाया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा।



पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडेय,एसएसआई जावेद मलिक,एसआई हरीश आर्य,कांस्टेबल कुलदीप सिंह,कांस्टेबल भगवान सिंह, इन्दर सिंह आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# बीस मई को देश भर में बंद रहेंगी दवा की दुकानें

- **ऑनलाइन दवा बिक्री व भारी डिस्काउंट के विरोध में केमिस्टों का ऐलान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD) के आह्वान पर आगामी 20 मई 2026, बुधवार को देशभर में केमिस्ट प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।ढ

इस संबंध में बाजपुर सहित जनपद ऊधम सिंह नगर में दवा व्यापारियों द्वारा पोस्टर जारी कर बंद का समर्थन किया गया है। जारी पोस्टर के अनुसार केमिस्ट संगठनों ने ऑनलाइन दवाओं की बिक्री बंद करने, कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा दिए जा रहे भारी डिस्काउंट पर रोक लगाने तथा नकली दवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। संगठन का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और मरीजों की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ रहा है।

पोस्टर में स्पष्ट किया गया है कि मरीजों को होने वाली असुविधा के लिए संगठन खेद व्यक्त करता है, लेकिन दवा व्यापारियों की समस्याओं को लेकर यह बंद आवश्यक है। उत्तरांचल औषधि व्यवसायी महासंघ, डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ऊधम सिंह नगर तथा बाजपुर केमिस्ट एसोसिएशन ने भी बंद का समर्थन किया है। बाजपुर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राज. कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वरियाम चौधरी एवं महामंत्री पवन कुमार गोयल सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी दवा व्यापारियों से बंद को सफल बनाने की अपील की है।

# सरकारी व निजी सीवर टैंक वाहनों में जीपीएस अवश्य लगाएं: सीडीओ

- **जिला गंगा समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने दिए कड़े निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने नगर निकायों को निर्देश दिये कि जनपद में शतप्रतिशत सरकारी व निजी सीवर टैंक वाहनों में जीपीएस अवश्य लगवाये व उनकी निगरानी भी करें। उन्होंने कहा कि जो निजी सीवर टैंक वाहन पंजीकरण न कराकर कार्य कर रहे है उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए उन्हे सीज किया जाए।



सीडीओ ने कहा कि सीवर टैंक वाहन एसटीपी प्लांट में ही सीवर डालें, अन्य जगह सीवर डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने नगर आयुक्त नगर निगम काशीपुर व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका किच्छा को एक माह के भीतर कूड़ा निस्तारण कराने फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लिगेसी वेस्ट को नियमित निस्तारण कराते रहे, कही भी कूड़ा डम्प न किया जाए। उन्होंने खटीमा में एफएसटीपी प्लांट लगाने हेतु अधिशासी अभियंता पेयजल निगम स्टीमेट बनाकर शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में कूड़ा निस्तारण हेतु 15 दिन के भीतर नगर निकायों से ओएमयू कराकर अवगत कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी को निर्देश दिए कि औद्योगिक संस्थानों में नियमित निरीक्षण करें व बिना ट्रीट किए पानी यदि कोई नदी, नालों में पानी डालता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्राइवेट व सकारी चिकित्सालयों से प्रतिदिन निकलने वाला बायोमेडिकल वेस्ट का मानकों के अनुसार निस्तारण कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए।

बैठक में डीएफओ यूसी तिवारी, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम सुनील जोशी, एसीएमओ डा. डीपी सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एसपी सिंह, सहायक नगर आयुक्त काशीपुर शालनी नेगी, राजू नबियाल, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय गुरमीत सिंह, प्रियंका रैकवाल, प्रतिभा को. हली, एके गुप्ता, दीपक कुमार शर्मा, मनोज दास, राकेश कोटिया, संजय कुमार, राजकुमार भारती, नामित सदस्य डा. आशुतोष पंत आदि मौजूद थे।

### विश्व नर्सिंग दिवस पर नर्स की समाज में भूमिका पर प्रकाश डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विश्व नर्सिंग दिवस पर श्री साईं नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं में केक काटकर फ्लोरेंस नाइटेंगल का जन्मदिन मनाया जिसमें छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एक नर्स की भूमिका समाज में क्या है यह बताया और पोस्टर प्रतियोगिता के द्वारा भी बताने का प्रयास किया अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बच्चों को नर्सिंग के इस प्रोफेशन के बारे में समझाया और उन्हें एक अच्छे नर्स बनने की शपथ दिलाई इस मौके पर डायरेक्ट अवनीश कुमार प्रिंसिपल परविंदर कुमार निदा अतुल शर्मा पूजा बिष्ट पूजा एरी श्वेता नदीम आदि मौजूद रहे।



### मूल भूत सुविधाओं को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के नगर अध्यक्ष इन्द्रपाल सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिषद रामनगर के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल को एक ज्ञापन सौंपा।।

दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि वाल्मीकि समाज के लोग नगर पालिका में कार्य करता है फिर भी मूल भूत सुविधाओं से बचित है, उनके घरों के रास्तों में अंधेरा है। आज भी वाल्मीकि समाज सुविधाओं के मामले में कई दशक पीछे है सरकारी कल्याणकारी योजनाएं उन तक पहुंच ही नहीं पातीं है और ना ही उनको यह पता है कि सरकार अनुसूचित जाति के लिए क्या कर रही है।

सरकारी तंत्र उनके बीच कभी नहीं आते हैं। उन्होंने सफाई से जुड़े कर्मचारियों के साप्ताहिक अवकाश देने की मांग की है।कहा कि नगर पालिका परिषद रामनगर में पक्के और कच्चे कर्मचारियों की यहां दो वर्ग है।पक्के कर्मचारियों को तो रविवार का अवकाश घोषित लेकिन कच्चे कर्मचारियों को अवकाश नहीं मिलता है जबकि कई बार उन्हें सप्ताहिक अवकाश का आश्वासन दिया गया था। नगर पालिका ईओ ने आश्वासन दिया है कि बैठक में प्रस्ताव रखुंगा और जल्दी ही इस पर निर्णय लिया जाएगा।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा नगर उपाध्यक्ष शुभम कुमार, बव्लु आर्या,अक्षय मनराल,अंकुश, लक्ष्मी,भूवन आर्या, विनोद कुमार आर्य प्रिंस कुमार, दीपक पवार,आकाश दीपू विकास, मो. सुहेल आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को मिला स्वरोजगार का प्रशिक्षण



- **12 दिवसीय अगरबत्ती निर्माण कार्यक्रम सम्पन्न**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर ब्लॉक मीटिंग हॉल में जिला अग्रणी बैंक ऊधम सिंह नगर एवं बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी पंतनगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 12 दिवसीय घरेलू अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन एवं मूल्यांकन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 30 महिला समूहों की लाभार्थियों ने भाग लेकर स्वरोजगार संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 अप्रैल 2026 से महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया गया था।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ जिला समन्वयक बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी पंतनगर श्री सुरेश विश्वकर्मा ने महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न योजनाओं एवं व्यवसायिक अवसरों की जानकारी दी तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। संस्थान की निद. ेशक उर्वशी अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग सेवाओं एवं बैंक ऋण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि महिलाएं स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। मास्टर ट्रेनर मिनाक्षी पांडे ने प्रशिक्षणार्थियों को अगरबत्ती, धूपबत्ती, संबरणी हवन तथा दीया निर्माण की तकनीकी जानकारी कुशलतापूर्वक प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने उत्पाद निर्माण की व्यावहारिक जानकारी भी प्राप्त की। समापन एवं मूल्यांकन दिवस पर खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी ने सभी लाभार्थियों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दीं।

वहीं देहरादून से आई मूल्यांकन टीम के श्री जे.एस. भंडारी एवं हेमा डंगवाल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# डीपीएस में आयोजित हुआ जापानी भाषा पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम 'द मैजिक ऑफ जापान'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में जापानी भाषा पर आधारित एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभा का उद्देश्य विद्यार्थियों को जापान की भाषा, संस्कृति और अनुशासन से परिचित कराना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार एवं पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र थे। विशिष्ट अतिथि विकास शर्मा मेयर नगर निगम रुद्रपुर तथा कोजी सतो अध्यक्ष जापान फाउंडेशन, नई दिल्ली, उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का विद्यालय द्वारा उत्तराखंड की पहचान पारंपरिक पिछौड़ा भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं प्रसिद्ध जापानी संगीत के साथ की गई।

इसके बाद विद्यार्थियों ने जापानी भाषा एवं संस्कृति पर आधारित विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें जापानी गीत-संगीत, प्रसिद्ध जापानी थिएटर तथा पारंपरिक प्रस्तुतियां शामिल रहीं। इसके साथ ही जापान की संस्कृति, तकनीकी प्रगति और वहां के अनुशासन पर रोचक जानकारी भी साझा की गई। कुछ विद्यार्थियों ने पारंपरिक जापानी परिधान एवं कला शैली का सुंदर प्रदर्शन किया।



मुख्य अतिथि भगत सिंह कोश्यारी ने अपने भाषण में कहा कि नई भाषाएं सीखने से ज्ञान बढ़ता है और विभिन्न देशों की संस्कृति को समझने का अवसर मिलता है।

उन्होंने दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के छात्रों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा आमंत्रण के लिए विद्यालय का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गति. विधियां बच्चों के आत्मविश्वास और वैश्विक दृष्टिकोण को विकसित करती हैं तथा छात्रों को सीखने के लिए नए अवसर प्रदान करती हैं।

### मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामनगर । ग्राम स्तरीय वनाधिकार समिति नई बस्ती पूछड़ी की अध्यक्षत धना तिवारी, सचिव अंजलि रावत, सदस्य बालादत्त, वनाधिकार समिति कालू सिद्ध के सचिव सत्या पटवाल, महिला एकता मंच की सरस्वती जोशी और भगवती आर्य ने खंड स्तरीय समिति की सदस्य बसंती आर्य से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा।

समिति के पदाधिकारीयो ने खंड स्तरीय समिति की सदस्य व बीडीसी सदस्य बसंती आर्य को बताया कि वन ग्राम कालू सिद्ध व नई बस्ती पूछड़ी की ग्राम स्तरीय समिति द्वारा विगत 25 अप्रैल को उपखंड स्तरीय समिति के समक्ष वनाधिकार कानून 2006 के अंतर्गत राजस्व ग्राम बनाने का दावा साक्ष्यों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया जा चुका है। खंड स्तरीय समिति को दावे का परीक्षण कर इसे जिला स्तरीय समिति के लिए अग्रसारित करना है।

खंड स्तरीय समिति में 5 अन्य सदस्यों के साथ बसंती आर्य का भी चयन किया गया है। इसलिए उनके दावे के परीक्षण में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इस दौरान उत्तराखंड जनमंच के महेंद्र आर्य,समाजवादी लो. कमंच के संयोजक मुनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# काला मास्क पहन मांगों को लेकर शांतिपूर्ण किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** हल्द्वानी मॉड्यूल की 196 शाखाओ में सभी लिपिक और अधीनस्थ कर्मचारियों ने काला मास्क पहनकर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया।

स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन हल्द्वानी मॉड्यूल के सहायक महासचिव चन्दन सिंह बिष्ट ने कहा कि रामनगर सहित पूरे हिंदुस्तान में बैंको के अन्दर बैंक कर्मचारियों द्वारा काला मास्क पहनकर विरोध जताया गया। उन्होंने कहा कि ये चेतावनी उस तूफान से आने की जो 25 मई और 26 मई को हड़ताल में बदल जायेगी। कहा कि अगर जल्दी हमारी मांगो को नहीं माना गया तो पूरे देश मे राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी। उन्होंने कहा कि सभी बैंक कर्मीयों ने काला मास्क पहन कर सभी शाखाओ में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सचिव हेम चंद्र आर्या, विजय जोशी, रघुवरी सिंह,मान सिंह, विनोद रावत, संजीव गुसाई, प्रेरणा बिष्ट, रितिका खुल्बे, महेंद्र भण्डारी यस अग्रवाल कैलाश धूलिया आदि मौजूद रहे।



# बिजली चोरी का भंडाफोड़ मौके से केबिल बरामद, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर के फजलपुर महरोला क्षेत्र में ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम ने चेकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरी का मामला पकड़ा। टीम ने मौके से करीब 12 मीटर केबिल बरामद कर विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। विद्युत वितरण खंड रुद्रपुर की टीम ने शुक्रवार को फजलपुर महरोला क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी अन्नू अरोरा, सहायक अभियंता सतर्कता पुनीत कुमार, अवर अभियंता शुभम कुमार, लाइन कर्मी लवकुश समेत विभागीय टीम ने चेकिंग के दौरान तवस्सुम पत्नी नईम निवासी फजलपुर महरोला के परिसर पर जांच की। जांच के दौरान टीम को मौके से करीब 12 मीटर केबिल बरामद हुई। विभागीय अधिकारियों के अनुसार परिसर में 0.771 किलोवाट विद्युत भार पाया गया।

# लेबड़ा पुल निर्माण में लापरवाही पर ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उन्नति कुंज में आयोजित जनमिलन कार्यक्रम के दौरान लखनपुर निवासी राधा पत्नी वीरेंद्र ने पूर्व राज्य दर्जा मंत्री राजेश कुमार से मुलाकात कर विगत दिनों हुई मार्ग दुर्घटना के संबंध में न्याय की मांग की। मामले का संज्ञान लेते हुए राजेश कुमार ने तत्काल कोतवाल नरेश चौहान से वार्ता कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

राजेश कुमार ने बताया कि लेबड़ा पुल निर्माण कार्य में हो रही लापरवाही और धीमी प्रगति को लेकर जिलाधिकारी नितिन कुमार भदौरिया से भी बातचीत की गई है। उन्होंने कहा कि बेरिया एवं चकरपुर क्षेत्र में बाजपुर को बाढ़ से बचाने के लिए किए जा रहे निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 जून तक कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से संबंधित विभाग एवं निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। राजेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा काफी पहले ही पुल निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर धनराशि भी आवंटित कर दी गई थी तथा कार्य समय से प्रारंभ हो चुका था, लेकिन विभागीय लाप. रवाही एवं ठेकेदार की उदासीनता के कारण जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री की छवि धूमिल हो रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मामले में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जनता मिलन की फरियाद पर रात में ही घर पहुंचे जिलाधिकारी

■ मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक के इलाज की संभाली जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनता मिलन कार्यक्रम के दौरान उठी एक फरियाद पर जिलाधिकारी मनीष कुमार का मानवीय और संवे. दनशील चेहरा देखने को मिला। बालेश्वर वार्ड निवासी बबीता प्रहरी द्वारा अपने पति विजय प्रहरी के मानसिक उपचार के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाए जाने के कुछ ही घंटों बाद जिलाधिकारी स्वयं शाम को उनके घर पहुंच गए।

बालेश्वर वार्ड स्थित आवास पर पहुंचकर जिलाधिकारी ने विजय प्रहरी की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और परिवार से विस्तार से बातचीत की। मौके पर ही जिला समाज कल्याण अधिकारी को बुलाकर उन्होंने आवश्यक आर्थिक सहायता एवं शासकीय योजनाओं का लाभ तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि विजय प्रहरी के एमआरआई टेस्ट सहित सभी जरूरी चिकित्सीय जांचें जनपद स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर कराई जाएं। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर जनपद से बाहर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

परिवार की आर्थिक स्थिति की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने बबीता प्रहरी की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

श्रीमती प्रहरी ने बताया कि आर्थिक तंगी के चलते इलाज कराना बेहद मुश्किल हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवार को शासन की हर संभव सहायता योजना से जोड़ते हुए तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाए। डीएम की इस मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन का ऐसा संवे. दनशील रवैया जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत और भरोसे का संदेश है।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, जिला समाज कल्याण अधिकारी के.एस. चौहान, अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रामपुर रोड दोराहा उत्तराखंड बॉर्डर स्थित विकास भारती स्कूल में 11 एवं 12 मई को दो दिवसीय पुस्तक मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित करना तथा पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना था।



पुस्तक मेले में विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक, साहित्यिक तथा बाल पुस्तकों का आकर्षक संग्रह प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मेले का अवलोकन किया और अपनी रुचि अनुसार पुस्तकों की जानकारी प्राप्त की।

विद्यालय के चेयरमैन संसार सिंह और प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकें हमारे सच्चे मित्र होती हैं और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए पढ़ने की आदत अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। दोनों दिनों तक आयोजित इस मेले में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

### भाजपा की विभिन्न मोर्चा के मंडल पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष मनोज पाल का आशीर्वाद लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष महुआखेड़ा सहित कई मोर्चा मंडलों की टीम ने जिला अध्यक्ष मनोजपाल के कार्यालय पर आकर भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया।



इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रीतम सिंह, जिला महामंत्री किसान मोर्चा चरणजीत, जिला मंत्री ॅब मोर्चा कपिल गौतम, जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा सुहेब, सभासद हरपाल, योगेश पाल , रमेश फौजी, फिरोज सैफी , अनिल , गोबिंद , राजू , रूप , गब्बर , प्रकाश ,हरीश, जिला मीडिया सह संयोजक ओबीसी मोर्चा रोहित गोला, सजल चौहान, यश शर्मा, मंडल अध्यक्ष शरीफ खान पत्रकार, मंडल महामंत्री राहुल हसन,मोहसिन, संगठन मंत्री नफीस ठेकेदार, साफिन चौधरी,अजीम अजहर,मेहर आलम, बलवीर सिंह समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिलाध्यक्ष ने सभी को नवीन जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देकर भविष्य में सभी संगठन पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन के प्रति सच्ची श्रद्धा और ईमानदारी से कार्य करने की बात कही।

### हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिए विशेष जांच शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा चंदन हॉस्पिटल के सहयोग से हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिए एक विशेष नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को गंभीर हृदय रोगों के उपचार हेतु विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराना था।



शिविर में जनपद के कुल 25 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इन बच्चों को आर.बी.एस.के. की मोबाइल हेल्थ टीमों द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से चिन्हित किया गया था। चंदन हॉस्पिटल से आए वरिष्ठ कार्डियक सर्जन (Cardiac Surgeons) डॉ. विकास सिंह द्वारा सभी बच्चों का गहन परीक्षण एवं स्क्रीनिंग की गई।ढजांच के उपरांत जिन बच्चों में गंभीर समस्या पाई गई और जिन्हें सर्जरी (शल्य चिकित्सा) की आवश्यकता है, उन्हें आगे के उपचार और निशुल्क ऑपरेशन के लिए चंदन हॉस्पिटल हेतु रेफर किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल ने बताया कि जन्मजात हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों का समय पर पता लगाना और उनका उपचार करना विभाग की प्राथमिकता है। चंदन हॉस्पिटल के विशेषज्ञों के सहयोग से इन बच्चों को अब उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकेगी, जिससे उन्हें नया जीवन मिल सकेगा। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डी पी सिंह, डी. पी. एम. हिमांशु मुस्यूनी, श्रवण कुमार, जावेद, पूरन, आमिर, आजम अंसारी, बी पी जोशी, संजय, पारुल, प्रियंका, प्रेमा और चंदन हॉस्पिटल का स्टाफ उपस्थित रहा।

# चम्पावत को मिली बड़ी बिजली सौगात

■ डैसली 132 केवी उपसंस्थान से बदलेगी पूरे पर्वतीय क्षेत्र की तस्वीर

■ आज होगा ऐतिहासिक लाइन संयोजन कार्य, सात घंटे बंद रहेगी बिजली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद के लिए विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। विकासखंड लोहाघाट के ग्राम डैसली में नवनिर्मित 132 केवी विद्युत उपसंस्थान को ऊर्जीकृत करने की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। मंगलवार 12 मई 2026 को 33 केवी लोहाघाट-चम्पावत विद्युत लाइन को डैसली उपसंस्थान से जोड़ने का महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य किया जाएगा।

विद्युत विभाग के अनुसार यह कार्य प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक चलेगा। इस दौरान सुरक्षा कारणों से जनपद चम्पावत के चारों विकासखंडों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी।

विभाग ने बताया कि कार्य पूर्ण होते ही डैसली स्थित 132 केवी उपसंस्थान को शीघ्र ऊर्जीकृत कर दिया जाएगा। नई व्यवस्था लागू होने के बाद चम्पावत के संपूर्ण पर्वतीय क्षेत्र को इसी आधुनिक उपसंस्थान से विद्युत आपूर्ति दी जाएगी, जिससे लो-वोल्टेज, बार-बार बिजली कटौती और तकनीकी बाधाओं जैसी समस्याओं में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही विद्युत आपूर्ति पहले की तुलना में अधिक मजबूत, भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण हो जाएगी।

विद्युत विभाग ने आमजन से सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि कुछ घंटों की असुविधा भविष्य में बेहतर और निर्बाध बिजली व्यवस्था की मजबूत नींव साबित होगी। विभागीय अधिकारियों ने इसे चम्पावत के ऊर्जा ढांचे को नई मजबूती देने वाला ऐतिहासिक कदम बताया है।

# मकान के विवाद में भाई ने भाई पर किया हमला

■ पुलिस ने हमलावर आरोपी भाई को दबोचा, पाटल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** मकान के विवाद में छोटे भाई पर पाठल से हमला करने वाले व्यक्ति को जसपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और हमले में प्रयुक्त पाटल भी बरामद कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान बंटवारे को लेकर भाईयों में चल रहे विवाद में मोहल्ला निकट चांद मस्जिद जसपुर, ऊधम सिंह नगर निवासी बड़े भाई शेर अली ने 09/05/2026 को शाम के समय लकड़ी मंडी स्थित अपने छोटे भाई अनवर हुसैन पर लकड़ी काटने वाले धारदार पाटल से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। हमले से बचने के लिए जैसे ही अनवर हुसैन ने अपने हाथ आगे किए धारदार पाटल के वार से उसके बाएं हाथ



की कलाई काफी गहरी कट गई और वह लहू-लुहान हो गया। अनवर ने घटना के दौरान बीच-बचाव करने आए अधिवक्ता शराफत पर भी हमला कर दिया, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया । गंभीर रूप से घायल हुए दोनों व्यक्तियों को तत्काल काशीपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के कारण अनवर हुसैन को एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।घ ायल अनवर हुसैन की पत्नी की तहरीर के आधार पर जसपुर कोतवाली पुलिस द्वारा हमलावर के साक्ष्य संकलित किए गए तथा मुखबिर की सूचना पर हमलावर शेर अली पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी निकट चांद मस्जिद थाना जसपुर को गिरफ्तार कर लिया गया और उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून से सनी धारदार पाटल भी बरामद कर ली गई।

घायल अनवर हुसैन की पत्नी की तहरीर के आधार पर जसपुर कोतवाली पुलिस द्वारा हमलावर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर घटना की विवेचना एसआई भूपाल राम पौरी के सुपुर्द की गई। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडेय, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई भूपाल राम पौरी (विवेचक), कांस्टेबल हेम फुलेरा,जाकिर हुसैन, कुलदीप सिंह, इंद्र सिंह आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# चंपावत के होनहारों का सम्मान, प्रतिभाओं को मिला मंच



■ शिक्षा विकास को भी मिलेगी नई रफ्तार

■ मुख्यमंत्री की "आदर्श चंपावत" परिकल्पना को मिल रही मजबूती

■ विद्यालय में नए कक्षों व आधुनिक सुविधाओं की तैयारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार कैंप कार्यालय चंपावत के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल ने अटल उत्कृष्ट शहीद राहुल रैंसवाल जीआईसी चंपावत में आयोजित प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह में प्रतिभाग कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में शिक्षा, प्रतिभा और विकास का प्रेरणादायी संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं सृष्टि महर, राहुल बोरा, सौरभ उपाध्याय, निर्मल भट्ट, ममता जोशी, वंदित पांडे, अंकित जोशी एवं आयुष्मान उप्रेती को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और विद्यालय परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्री उमेश सिंह बिष्ट, शिक्षकगण, अभिभावक एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय में वर्तमान में 775 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनके बेहतर भविष्य निर्माण में शिक्षक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।

नोडल अधिकारी श्री बृजवाल ने कहा कि चंपावत के विद्यार्थी शिक्षा, खेल एवं तकनीकी क्षेत्रों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और राज्य का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि विद्यालय में चार नए कक्षों के निर्माण हेतु 1 करोड़ 28 लाख का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिस पर आगामी 29 मई को स्वीकृति के लिए महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। इसके साथ ही अभिभावकों के लिए विद्यालय परिसर में प्रतीक्षालय निर्माण हेतु ग्रामीण निर्माण विभाग को तत्काल एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए। वहीं विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की एनसीईआरटी पुस्तकों की उपलब्धता न होने की समस्या उठाए जाने पर मुख्य शिक्षा अधिकारी को तत्काल पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान "आदर्श चंपावत" की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में शिक्षा, खेल और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता भी स्पष्ट दिखाई दी। उद्देश्य यही है कि जिले के विद्यार्थियों को बेहतर, आधुनिक और हाईटेक शिक्षा वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# एसआईआर प्रशिक्षण से सुपरवाइजर व बीएलओ हुए तकनीकी रूप से सशक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जिले में मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी, त्रुटिरहित और विश्वसनीय स्वरूप देने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को प्रशासन ने नई दिशा देनी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी मनीष कुमार के मार्गदर्शन में लोहाघाट एवं बाराकोट में आयोजित प्रशिक्षण सत्रों में सुप. रवाइजरों और बीएलओ को तकनीकी दक्षता से लेकर फील्ड सत्यापन तक हर पहलू पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण के दौरान सहायक नोडल अधिकारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने बीएलओ ऐप के पूर्ण उपयोग, घर-घर सत्यापन की सही विधि, डेटा अपलोडिंग, अद्यतन फार्मेट्स और त्रुटि सुधार प्रक्रिया को सरल और व्यवहारिक तरीके से समझाया। उनकी प्रस्तुति का विशेष प्रभाव यह रहा कि जटिल तकनीकी पहलू भी बीएलओ के लिए सहज और स्पष्ट हो गए। वहीं नोडल अधिकारी नारायण सिंह ने एसआईआर की चरणबद्ध कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अभियान का मुख्य लक्ष्य मतदाता सूची को अब तक के सबसे सटीक और विश्वसनीय स्वरूप में लाना है। उन्होंने समयबद्ध कार्रवाई, फील्ड-आधारित जांच और पारदर्शिता को एसआईआर की मजबूत नींव बताते हुए सभी कार्मिकों से पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्रशासन के इस सारगर्भित प्रशिक्षण कार्यक्रम से स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि जिले में मतदाता सूची की गुणवत्ता सुधार को लेकर गंभीर है।

### डीएम के फैसलों से स्वास्थ्य और शिक्षा को मिली नई ताकत

**निज न्यास निधि से बदलेगी गांवों की तस्वीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि की बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। जिलाधिकारी कार्यालय में हुई इस अहम बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण जनसुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए, जिससे खनन प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में संचालित योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। बैठक में नियुक्त एक्स-रे टेक्निशियन की सेवा अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं शिक्षा क्षेत्र में दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत देते हुए कई विद्यालयों के लिए परिवहन सुविधा को मंजूरी दी गई। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखीढांग के विद्यार्थियों के लिए वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे धूरा, वयालधूरा, मथियाबांझ और चौड़ाकोट क्षेत्र के छात्र लाभान्वित होंगे। इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज सुखीढांग के लिए सिलाड़ क्षेत्र के विद्यार्थियों हेतु वाहन सुविधा को भी स्वीकृति दी गई। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि का मुख्य उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जनहितकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास का लाभ प्रभावी रूप से पहुंच सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चौहान, प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह, प्रभारी जिला खान अधिकारी राहुल रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ उत्तराखंड के प्रांतीय आह्वान पर शिक्षकों की मांगों वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से मुक्त रखे जाने , प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापकों को पूर्ण सेवा काल में तीन पदोन्नतियां प्रदान किए जाने आदि 13 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष रामनगर अशोक कुमार के नेतृत्व में विकासखंड रामनगर के शिक्षकों द्वारा उप शिक्षा रामनगर के कार्यालय में एक दिवसीय सांके. तिक धरना प्रदर्शन किया गया।

एक ज्ञापन उप शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा है। इसके अलावा रामनगर विधायक और एसडीएम के माध्यम से भी ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजें गए हैं। भेजें गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में प्रारंभिक शिक्षकों को सेवा अविरल बने रहने और पदोन्नति के लिए 55 वर्ष तक अनिवार्य टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने का निर्णय दिया गया है।ऐसी स्थिति में उन्हें अनिवार्य सेवा निवृत्ति दी जाएगी उक्त निर्णय से उत्तराखंड राज्य के लगभग 15000 से 30000 शिक्षक शिक्षिकाएं प्रभावित हो रहे है जिसके कारण वर्तमान में शिक्षक व उनके परिजन तनाव ग्रस्त हैं।सुप्रीम कोर्ट द्वारा 55 वर्ष तक के शिक्षकों को टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के आदेश दिए गए है जो की न्याय संगत नहीं है।वर्तमान में उक्त आदेश से प्रभावित शिक्षक शिक्षकों की उम्र 40-55 वर्ष के मध्य में है वह अपने पारिवारिक जिम्मेदारियां के अतिरिक्त अन्य विभागीय कार्यों में भी उलझे रहते हैं साथ ही नौकरी से वंचित रहने का खतरा लगातार बने रहने से तनाव ग्रस्त भी है ऐसे में अधिक उम्र दराज शिक्षकों का दो वर्ष में टी ई टी परीक्षा उत्तीर्ण करना असंभव सा लगता है।इसकी उन्होंने शिक्षकों को टीईटी पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से बाहर रखने की मांग की गई है। इस दौरान अशोक कुमार पांडे,धर्म सिंह,सरफराज अंसारी, अशरफ मंसूरी, सतीश कुमार,आनंद सिंह नेगी, कामिल, विमला भंडारी, सारिका चौहान, राजवीर सिंह अशोक चौहान,ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# पीड़िता को धोखे में रखकर दूसरी शादी कर दहेज की मांग करना पड़ा भारी

■ नानकमत्ता पुलिस की सख्त कार्यवाही, मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** बीती 20 मार्च 2026 को पिडिता की तहरीर पर कोतवाली द्वारा धारा 115/ 351(2) 352/82(2)/85 व दहेज अधिनियम राजपाल सिंह आदि पंजीकृत किया गया था। जिसमें नामजद आरोपी राजपाल सिंह फरार चल रहा था।

बुधवार को प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक ने जानक. ारी देते हुए बताया की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए साक्ष्य संकलन कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे उक्त निर्देशो के क्रम में क्षेत्रधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, के नेतृत्व में कोतवाली नानकमत्ता में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस



टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी करते हुए उक्त मुकदमें के नामजद आरोपी राजपाल सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी ग्राम अर्जुनपूर कोतवाली रुद्रपुर जिला उधमसिंहनगर को किच्छा बाईपास में हुण्डई सोरूम के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को चलन कार्यालय के समक्ष पेश किया है।पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, उप निरीक्षक, मनोज जोशी, महिला उप निरीक्षक प्रियंका टम्टा, सिपाही मोहम्मद इमरान, नवीन जोशी शामिल हैं।

# मेधावी छात्र सम्मेलन का किया गया भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** एमपी इंटर कॉलेज रामनगर में मेधावी छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट,खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद, उत्तराखंड बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सेमल्टी, विद्यालय प्रबंधक विनय जिंदल, उप प्रबंधक अनिल जिंदल, अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल एवं प्राचार्य संजीव कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कक्षा 12 की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेम चन्द्र पाण्डे ने बताया कि इस वर्ष 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 21 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस वर्ष उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में विद्यालय के छात्र अक्षत गोपाल ने उत्तराखंड टॉप किया एवं दो छात्राओं निहा. रिका सती और नमिता पड़ेलिया ने मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान अध्यापिका नीलम सुंदरियाल द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण में गौरव शर्मा एवं चारु चन्द्र तिवारी ने विशेष सहयोग प्रदान किया।प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने बताया कि अक्षत गोपाल को दो वर्षों तक नि:शुल्क



शिक्षा विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। इस दौरान बोर्ड कार्यालय के शोध अधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षक मेवालाल, चेतन स्वरूप, प्रभाकर पाण्डे, राजीव शर्मा, रजनीश आर्या, केसी त्रिपाठी, केके फुलेरिया, सीएस मिश्रा, एसवी चंद आदि मौजूद रहे।

**पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और हमसे जुड़े रहे।**

**संबन्ध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र अजय सिंह एवं पुत्रवधू रजनी को उनके द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर समस्त संबन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन-देन एवं कृत्य से मेरा कोई संबंध नहीं होगा।

**बिजेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी-दोपहरिया, थाना-पुलभट्ट, तहसील किच्छा उधमसिंह नगर**

### ई-रिक्शा चालक से मारपीट कर रुपये छीनने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों द्वारा एक ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट कर नगदी छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मुन्ना चौराहा ट्रांजिट कैंप निवासी उमेश पुत्र नारायणदास ई-रिक्शा चलाता है। उसने बताया कि बीती 7 मई की देर शाम वह तीनपानी डैम से चामुंडा मंदिर की ओर सवारी छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान शिमला बहादुर रोड पर बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि दोनों युवकों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उसके पास रखे सात हजार रुपये छीन लिए। साथ ही पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ई-रिक्शा चालक ने ट्रांजिट कैंप थाने में तहरीर सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# छोटे टुकड़े कर हटाए जाएंगे बोल्डर

## कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने किया नैनीताल के कृष्णापुर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को नैनीताल के कृष्णापुर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर भूस्खलन एवं पहाड़ी से गिरते बोल्डरों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से वार्ता कर समस्याएं सुनीं और मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।



आयुक्त रावत ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से अस्थिर अवस्था में मौजूद विशाल बोल्डर को सिंचाई विभाग ने जाल लगाकर रोकने का प्रयास किया था जो पर्याप्त सिद्ध नहीं हुआ। हाल ही में बोल्डर गिरने से एक कार एवं एक मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हुई, हालांकि जनहानि नहीं हुई। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शेष अस्थिर बोल्डरों को केवल स्थिर करना पर्याप्त नहीं है उनका पूर्ण एवं सुरक्षित निस्तारण आवश्यक है। इसके लिए स्लोप स्टेबलाइजेशन में विशेषज्ञ एजेंसी को तत्काल मौके पर बुलाकर आधुनिक तकनीक से बोल्डरों को छोटे टुकड़ों में विभाजित कर हटाने की कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में कुमाऊं आयुक्त रावत द्वारा अपर जिलाधिकारी को संबंधित एजेंसी से वार्ता कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने क्षेत्र का भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण भी शीघ्र कराने को कहा।क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा पैदल मार्ग की जर्जर स्थिति एवं बच्चों की सुरक्षा की बात आयुक्त के सम्मुख रखी। इस संबंध में आयुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तत्काल मार्ग मरम्मत का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब तक बलियानाले का स्थायी स्थिरीकरण नहीं होता तबतक वर्तमान मार्ग पर रेलिंग लगाकर मार्ग को सुरक्षित तैयार किया जाए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा वैकल्पिक दोपहिया मार्ग का निर्माण समेत कुमाऊं यूनिवर्सिटी के कृषि विज्ञान विभाग के मैदान से पुराना कूड़ा खड्ड तक हल्का वाहन मार्ग बनाने की मांग रखी जिस पर आयुक्त ने लोनिवि को शीघ्र ही सर्वे कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर अत्यधिक गंदगी पाए जाने पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। नगर पालिका को चेतावनी देते हुए नियमित सफाई के निर्देश दिए साथ ही जो सफाई कार्मिक क्षेत्र में तैनात हैं और कार्य नहीं कर रहे हैं उनका उस दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका को नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त दीपक रावत ने क्षेत्रवासियों से कहा कि भूस्खलन व मार्ग धंसने की समस्या का स्थायी समाधान प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि कोई भी समस्या होने पर वे उन्हें सीधे फोन पर सूचित कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के मुखय अभियंता संजय शुकला, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पीएस बृजवाल, अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल तथा उपजिलाधिकारी नवाजिश खलिक, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजना नेगी सहित अन्य विभागों के अधिकारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### पालिका में खुली डीएसए पार्किंग टेंडर की टेक्निकल बिड

**नैनीताल।** नगरपालिका परिषद प्रशासन की ओर से मंगलवार को पालिकाध्यक्ष कार्यालय में डीएसए पार्किंग की निविदा खोली जानी थी जिसका बेस अमाउंट 4 करोड़ 25 लाख रुपए रखा गया है। बता दें टेंडर की टेक्निकल बिड खोली जा चुकी है जिसके लिए कुल 4 लोगों ने आवेदन किया है। टेक्निकल बिड खोले जाने के बाद इनका एग्जामिनेशन किया जाएगा और जो निविदादाता क्वालीफाई हो जाएंगे उनकी दो दिन बाद फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी। पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने बताया कि मंगलवार को टेक्निकल बिड खोली जा चुकी है और निविदादाताओं का एग्जामिशन किया जा रहा है जो इसमें क्वालीफाई हो जाएंगे दो दिन बाद उनकी फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, कर अधीक्षक दीपेंद्र बामोला तथा लेखाकार सिद्धार्थ शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान

**नैनीताल।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. भुवन चंद्र आर्य ने मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नैनीताल विधानसभा के बेतालघाट ब्लाक के बादरकोट तथा धनियाकोट का भ्रमण कर संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान डा. आर्या ने अब जब कि विधानसभा चुनाव बिल्कुल निकट हैं ऐसी दशा में लोगों को चुनावी तैयारियों में जुटना होगा। उन्होंने सरकार की विकास योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए लोगों से इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने की गुजारिश की। इस दौरान पूर्व प्रधान पुष्कर सिंह पिनारी समेत मोहन जलाल, उत्तम जलाल, राजाराम, कैलाश राम, अनूप सिंह, गुसाई राम तथा गोपाल सिंह पनौरा तथा दान सिंह जलाल आदि लोग मौजूद रहे।

### पर्यटन सचिव को 24 तक का अल्टीमेटम

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष व संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के अध्यक्ष व राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने कहा कि कुमाऊं मंडल विकास निगम व गढ़वाल मंडल विकास निगम में लंबे समय से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को शासनादेश के बावजूद न तो समान कार्य का समान वेतन दिया जा रहा है नहीं शासनादेश के तहत नियमितीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 5 दिसंबर 2025 को शासनादेश जारी होने के बावजूद अभी तक दोनों निगमो के कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा रहा है नियमितीकरण का लाभ लिए बगैर कई कर्मचारी सेवानिवृत हो गए हैं और कई कर्मचारियों का निधन हो गया है। कहा कि इस संबंध में उत्तराखंड क्रांति दल द्वारा पर्यटन सचिव को नोटिस दिया गया है कि 24 मई तक वार्ता के माध्यम से समस्याओं का समाधान किया जाए, समाधान न होने पर 25 मई से देहरादून और नैनीताल मुख्यालय में उत्तराखंड क्रांति दल निगम कर्मचारियों के साथ मिलकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर देगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदेही निगम प्रशासन और शासन की होगी।

### रिसोर्ट स्वामी को हाईकोर्ट ने नहीं मिली राहत

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने राज्य प्रदूषण बोर्ड के द्वारा नियमों के तहत नहीं चल रहे नैनीताल स्थित खुर्पाताल डेयनेस्टी रिसोर्ट के संचालन पर प्रशासन के द्वारा रोक लगाए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने रिसोर्ट मालिक को कोई राहत नहीं देते हुए कहा है कि राज्य प्रदूषण बोर्ड के द्वारा दिए गए सम्मन का अभी तक कयों नहीं अनुपालन किया। इस पर आप जवाब प्रस्तुत करें। फिलहाल कोर्ट ने होटल स्वामी को कोई राहत नही दी। मंगलवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई।

### हाईकोर्ट ने दी राज्य सरकार को 4 हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने खटीमा जिला ऊधमसिंह नगर के सालभोजी और अन्य ग्रामों का वन विभाग के द्वारा वर्षो पुराना संचालित रास्ते को अपना बताकर बंद किए जाने के मामले मे दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि चार सप्ताह में इस पर अपना जवाब पेश करें। कोर्ट ने सरकार से यह भी बताने को कहा है कि जनहित याचिका मे लगाए गए दस्तावेजो के अनुरूप ही उसका उत्तर ही कोर्ट के सामने पेश करें। मंगलवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमुर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ मे हुई।

### एसएसपी ने किया पुलिस कार्यालय का निरीक्षण

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय नैनीताल का वार्षिक निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली तथा अभिलेखों के रखरखाव और ऑनलाइन कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी शाखा प्रभारियों को अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने और कार्यालय व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस कप्तान ने बीट आउट व्यवस्था को मानकों के अनुरूप प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश देते हुए सरकारी संपतियों के रखरखाव और अभिलेखों के सुव्यवस्थित संरक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस मौके पर अभिसूचना इकाई नैनीताल के निरीक्षक ज्ञानेंद्र शर्मा एवं उनकी टीम के उत्कृष्ट टर्न आउट, कार्यालय के बेहतर रखरखाव और अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण की सराहना की गई।

### हटाई गई सुरक्षा दीवार दोबारा लगाने के निर्देश

**नैनीताल।** नैनीताल के संवेदनशील शेरवानी क्षेत्र में सुरक्षा दीवार से छेड़छाड़ के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और क्षेत्रीय निवासियों के साथ मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हटाई गई सुरक्षा दीवार को तत्काल दोबारा लगाने के निर्देश दिए गए साथ ही बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्य को सील कर और संबंधित लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के आदेश भी जारी किए हैं। मामले में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने पहले ही जांच के निर्देश दिए थे। मंगलवार की सुबह एसडीएम नवाजिश खलिक ने लोनिवि के अधिकारियों की ओर से क्षेत्र में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा दीवार को तोड़कर एक व्यक्ति की ओर से बिना अनुमति अवैध निर्माण किया जा रहा है। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि मौके पर ही निर्माण कार्य को रोककर सील कर दिया गया है। अधिकारियों को चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं तोड़ी गई दीवार को दोबारा पूर्व की तरह बनाने के भी निर्देश दिए हैं।

# खुर्पाताल के डायनेस्टी रिजॉर्ट में प्रशासन ने जड़ा ताला

## मानकों की घोर अनदेखी पर अपनाया सख्त रुख, बिजली आपूर्ति भी काटी, मालिक ने कार्रवाई पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला प्रशासन की ओर से जिले में नियमों के विपरीत चल रहे होम स्टे तथा गेस्ट हाउसों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लायी जा रही है। इसी के चलते प्रशासन की ओर से मंगलवार को नैनीताल के समीप खुर्पाताल में डायनेस्टी रिजॉर्ट गेट में ताला जड़ दिया। इस मामले में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग नेगी ने बताया कि मामला लंबे समय से जांच के दायरे में था। नेगी के मुताबिक दिसंबर 2024 में निरीक्षण के दौरान लिए गए नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे थे। इसके बाद मई 2025 में दोबारा निरीक्षण किया गया जिसमें एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) सही तरीके से संचालित नहीं पाया गया। इसकी रिपोर्ट हेड ऑफिस भेजी गई थी जिसके आधार पर 28 अप्रैल 2026 क्लोजर ऑर्डर जारी किया गया। उन्होंने बताया कि यूपीसीएल द्वारा बिजली आपूर्ति काट दी गई है और संबंधित पक्षों से लिखित में यह भी लिया गया है कि अब कोई कमर्शियल एक्टिविटी संचालित नहीं की जाएगी। हालांकि परिसर में रह रहे परिवारों और फ्लैट धारकों को रहने की अनुमति दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि बीते दिन निरीक्षण के दौरान 6 से 7 कमरे संचालित पाए गए थे जिन्हें संबंधित पक्ष द्वारा खाली कराने का आश्वासन दिया गया था और अब उन्हें शिफ्ट कर दिया गया है। फिलहाल प्रशासन द्वारा मुख्य गेट बंद किया जा रहा है ताकि दोबारा कोई व्यावसायिक गतिविधि संचालित न हो सके। इस मौके पर तहसीलदार/मजिस्ट्रेट अक्षय भट्ट, साईंटिफिक आफिसर हरीश जोशी समेत एसडीओ ऊर्जा निगम प्रियंक पांडे व विजय कुमार मौजूद थे। इससे पूर्व प्रॉपर्टी मालिक सचिन गुप्ता ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि पहले से सूचना दी जाती तो सभी आवश्यक कंप्लायंस पूरे कर दिए जाते। उन्होंने आरोप लगाया कि मात्र 48 घंटे का शॉर्ट नोटिस देकर कमर्शियल एक्टिविटी बंद करने के निर्देश दिए गए। उनका कहना था कि व्यावसायिक गतिविधियां बंद कर दी गई हैं लेकिन पूरी प्रॉपर्टी को बंद करना उचित नहीं है। उन्होंने प्रशासन से आने-जाने का रास्ता खुला रखने तथा ऑफिस संचालन की अनुमति देने तथा बिजली कनेक्शन न काटने की मांग की ताकि आवश्यक दस्तावेज और फाइलें दोबारा जमा कर नियमों का पालन किया जा सके वहीं सिमिन बंसल ने भी प्रशासन से पानी और बिजली की आपूर्ति जारी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि वह स्वयं परिसर में रहती हैं और प्रॉपर्टी में बड़ी धनराशि निवेश की गई है। किसी भी कार्रवाई के चलते मूलभूत सुविधाएं बंद नहीं की जानी चाहिए।





# 170 साल पुरानी हिमालय पेंटिंग की प्रदर्शनी

## हाई कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठानी, आयुक्त ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पर्यटक नगरी नैनीताल में पहाड़ फाउंडेशन के संस्थापक के द्वारा मंगलवार को पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक के द्वारा आयोजित कार्यक्रम सीआरएसटी इंटर कॉलेज में 170 साल पुरानी हिमालय पेंटिंग की छ दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। जिसमें 170 साल पुराने पहाड़ और आज के पहाड़ पर चर्चा की गई। सीआरएसटी कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ में हाई कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति रवींद्र मैठानी, विशिष्ट अतिथि जर्मन के प्रो. हरमन क्रॉइट्ज़मैन, जर्मन लेखक सबीना फेल्मी, मुख्यमंत्री के सचिव एवं कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कविता उपाध्याय ने किया।



जर्मन के प्रो. हरमन क्रॉइट्ज़मैन ने हाई एशिया, हिमालय, काराकोरम, पामीर, तिब्बत पठार में पशुपालन, सीमा-निर्माण, सिल्क रोड व्यापार, और जलवायु परिवर्तन का पर्वतीय समुदायों पर असर की जानकारी दी। जर्मनी की फ्री यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हरमन क्रेट्जमैन। पहाड़ फाउंडेशन के संस्थापक प्रो. शेखर पाठक ने पंडित नैन सिंह पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि श्लागिंटवेट भाइयों ने पहले यूरोपियन थे जिन्होंने सर्वे में कार्य करने वाले भारतीयों के नाम रिकॉर्ड में लिखा। उन्होंने कहा आज हार्मन श्लागिंटवेट के 200 वर्ग पूर्ण होने वाले है। उन्होंने बताया नैन सिंह रावत और मानी सिंह उनके प्रमुख सहायक थे। एडोल्फ ने भेष बदलकर तिब्बत के नगारी खोरसुम तक यात्रा की। 1857 में काशगर में चीनी जासूस समझकर हत्या कर दी गई। इनके सर्वेक्षण और मानचित्र बाद के मौसम और भूवैज्ञानिक अध्ययनों का आधार बने। इस दौरान पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, प्रो. डीएस रावत, राजीव लोचन साह, अनूप साह, आलोक साह, कैप्टन अच्युत कुमार, चंदन डांगी, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज पांडे, अनुपम उपाध्याय, धीरज बिष्ट, अनिल कुमार आदि बड़ी संख्या में लोक उपस्थित थे।

# तीन साल से सूखे सदियों पुराने धारे में जगेगी जीवन की आस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** नगर क्षेत्र वार्ड 6, झील के समीप कुमाऊँ राजमार्ग पर स्थित सदियों पुराना प्राकृतिक जल स्रोत तीन साल बाद फिर से पुनर्जीवित होगा। 'सारा' योजना के तहत इसके जीर्णोद्धार को हरी झंडी मिल गई है। सहायक परियोजना निदेशक, डीआरडीए नैनीताल चंद्रा फर्त्याल ने सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी को बताया कि आपका प्रकरण सारा में टेकअप कर लिया गया है। कल हुई सारा की बैठक में इसे जुड़वा दिया गया है। भीमताल खंड विकास अधिकारी को तत्काल प्रस्ताव बनाने के निर्देश दे दिए गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने बताया कि इस सदियों पुराने जल धारे के 2022 में अकस्मात सूख जाने से क्षेत्र की जनता अत्यंत परेशान व दु:खी थी। वर्ष 2022 से लगातार निम्न स्तर से राज्य स्तर पर मांग और पत्राचार के बाद अब मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल अरविंद कुमार पांडेय द्वारा पुन: संज्ञान ले लिया गया और इसे 'सारा' प्रोजेक्ट में सम्मिलित कर दिया गया है। तीन साल से सूखे पड़े इस धारे के पुनर्जीवन की खबर से वार्ड 6 व आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। यह धारा कभी पूरे क्षेत्र के साथ-साथ कुमाऊँ को आने-जाने वाले सभी ट्रांसपोर्टरों की प्यास बुझाता था।



# मरीज़ों की सेवा की ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे पर नैंसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ज्योलीकोट में भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष एवं जीएनएम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का ओथ सेरेमनी एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने नर्सिंग सेवा, मानवता एवं मरीजों की समर्पित देखभाल के प्रति निष्ठा और सेवा भाव की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. अमित देओल कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन पीएसपी हॉस्पिटल हल्द्वानी रहे। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में नवनीत सिंह राणा



चेयरमैन रेड क्रॉस सोसाइटी नैनीताल उपस्थित रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. सौरभ फारेंसिक विशेषज्ञ ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम मंजू सिंह चेयरपर्सन नैंसी कालेज ऑफ नर्सिंग एवं डा. संजय कुमार सिंह, डायरेक्टर, नैंसी कॉलेज आफ नर्सिंग के सान्निध्य में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। डायरेक्टर द्वारा सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को सेवा, समर्पण एवं अनुशासन के साथ समाज और मरीजों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया साथ ही नर्सिंग पेशे के महत्व एवं समाज में नर्सों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला।

# कुमाऊँ विश्वविद्यालय में 52 शोध परियोजना प्रस्तावों की प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत केयूआईएफआर के तहत प्रस्तुत शोध परियोजना प्रस्तावों की प्रगति अनुश्रवण समिति (प्रोग्रेस मॉनिटरिंग कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। प्रस्तुतियाँ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित कुलपति समिति कक्ष में संपन्न हुईं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कर्नल दीवान एस रावत की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण एवं समाजोपयोगी शोध को बढ़ावा देना तथा नवाचार आधारित परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय में शोध की सशक्त संस्कृति विकसित करने के लिए इस प्रकार की पहल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि डा. कपिल खुल्बे ने भारत में पहली बार एक नई मशरूम प्रजाति की पहचान की जबकि प्रो. मनोज आर्य ने तितली की नई प्रजाति खोजी तथा तितलियों पर पहली बार विस्तृत मैनुअल तैयार किया। इसी क्रम में डा. संतोष उपाध्याय द्वारा विकसित नई कल्चर तकनीक से कीड़ा जड़ी के उत्पादन में वृद्धि संभव हुई है वहीं प्रो. एचसीएस बिष्ट द्वारा नैनी झील में मत्स्य संवर्धन से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य किए गए। कुलपति ने कहा कि इस प्रकार के शोध कार्य विश्वविद्यालय की अकादमिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के 52 शिक्षकों द्वारा अपने शोध परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए।

# जातीय मानसिकता की कड़ी निंदा

## शिल्पकार सभा ने गौलापार में हुए प्रकरण का लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** शिल्पकार सभा नैनीताल ने नैनीताल जिले के गौलापार के देवला माला गांव में हुए अमानवीय एवं जातीय मानसिकता की घोर निंदा की है। उन्होंने शासन प्रशासन से जल्द मामले में दोषी हमलावर लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की है। ऐसा न होने पर आंदोलन की धमकी दी है।

शिल्पकार सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चंद्रा ने कहा कि गौलापार के देवलामाला ग्राम निवासी उमेश चंद टम्टा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बीते दिवस मई को गांव में आयोजित एक विवाह समारोह में उनके भाई शुभम डीजे संचालन का कार्य कर रहे थे। इस दौरान वे स्वयं तथा उनका साला भी शुभम का सहयोग कर रहे थे। बताया गया है कि प्यास लगने पर शुभम पास में रखे बर्तन से पानी पीने लगे जिस पर वहां मौजूद एक युवक ने आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी।

इसके बाद अन्य लोग भी एकत्र होकर शुभम के साथ मारपीट करने लगे तथा जातिसूचक टिप्पणियां करते हुए उन्हें बुरी तरह पीटा गया। आरोप है कि काफी लोगों ने मिलकर शुभम को अधमरा कर दिया। जब उमेश चंद्र वहां पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई तथा सिर पर चाकू से वार कर घायल कर दिया गया। उन्होंने कहा कि शिल्पकार सभा नैनीताल इस प्रकार की अमानवीय एवं जातीय मानसिकता की घोर निंदा करती है। डा. रमेश चंद्रा ने कहा कि आज जब देश आधुनिकता और वैज्ञानिक सोच की ओर अग्रसर है तथा इंसान चांद तक पहुंच चुका है ऐसे समय में इस प्रकार की जातीय संकीर्णता और भेदभावपूर्ण सोच सामाजिक विकृति का परिचायक है। कहा कि सभा प्रशासन से मांग करती है कि मामले में शामिल हमलावरों को अतिशीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा सघन जांच कर दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई की जाए यदि शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई तो शिल्पकार सभा नैनीताल जनहित एवं सामाजिक न्याय के लिए उचित कदम उठाने को बाध्य होगी।

# पंडित साजन मिश्रा के भजनों की धूम



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को स्पीक मैके संस्था के द्वारा एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसमें संगीत के जाने-माने कलाकार पद्म भूषण पंडित साजन मिश्रा द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। बता दें पंडित साजन मिश्रा द्वारा मुख्य रूप से ख्याल राग में भजन गाए गए जिसने कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में भजन प्रस्तुतीकरण में पंडित सजन मिश्रा का साथ उनके सुपुत्र सारांश मिश्रा द्वारा दिया गया जबकि तबले में उनका साथ चित्रांग पंत द्वारा दिया गया वहीं हारमोनियम में संदीप मोहंती और पंडित सजन मिश्रा की धर्मपत्नी कविता मिश्रा जो की पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज की सुपुत्री हैं द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में स्पीक मैके के कोऑर्डिनेटर और महेश बोरा रिटायर्ड सूबेदार इंडियन आर्मी तथा अतिथिगणों में आलोक शाह, गीता, यूसी अग्रवाल, शर्मिष्ठा, आनंद बिष्ट, ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार, प्रोफेसर केबी मलकानी, गौरव बिष्ट, अमन महाजन, लांग व्यू पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य भुवन चंद्र त्रिपाठी तथा उप प्रधानाचार्य कविता सनवाल समस्त अध्यापक गण छात्र व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बदलते दौर में तनाव सामान्य समस्या

## सकारात्मक सोच से ही दी जा सकती है मात: डा. सूर्य प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार सीबीएसई द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के वेन्यू डायरेक्टर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश रहे जबकि रिसोर्स पर्सन के रूप में श्री विजय पंत उपस्थित रहे। बता दें इस एक दिवसीय कार्यशाला में कुल 8 सत्र आयोजित किए गए जिनमें शिक्षकों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, कार्य, जीवन संतुलन तथा मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान सहभागियों ने समूह चर्चा, गतिविधियों एवं संवादात्मक सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक एवं व्यस्त जीवन में तनाव एक सामान्य समस्या बन गया है किन्तु सकारात्मक सोच ही व्यक्ति को तनाव से मुक्ति दिला सकती है। यदि हम हर परिस्थिति में आशावादी दृष्टिकोण अपनाएं, आत्मविश्वास बनाए रखें तथा अपने कार्यों को संतुलित ढंग से करेंए तो मानसिक तनाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। शिक्षक समाज के पथप्रदर्शक होते हैं इसलिए उनका मानसिक रूप से स्वस्थ एवं प्रेरणादायी होना अत्यंत आवश्यक है। रिसोर्स पर्सन विजय पंत ने कहा कि तनाव जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है परन्तु उसे सही दिशा में नियंत्रित करना ही वास्तविक कला है। योग, ध्यान, सकारात्मक संवाद व समय प्रबंधन तथा आत्मचिंतन के माध्यम से व्यक्ति तनाव को कम कर सकता है। शिक्षकों को केवल विद्यार्थियों को शिक्षित ही नहीं करना होताए बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी सशक्त बनाना होता है। इसलिए शिक्षकों का स्वयं तनावमुक्त एवं ऊर्जावान रहना अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला में कुल 12 विद्यालयों से 34 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री वीरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।




# सहजयोग आज का महायोग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** रानीबाग स्थित एनसीसी कैंप में सोमवार को कैडेट्स के लिए सहजयोग आज का महायोग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में करीब 650 कैडेट्स और स्टाफ ने भाग लिया और ध्यान पद्धति के माध्यम से आत्मसाक्षात्कार का अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान सहजयोग उत्तराखंड के पूर्व राज्य समन्वयक राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में ध्यान और मानसिक संतुलन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियमित ध्यान अभ्यास से एकाग्रता बढ़ती है, स्मरण शक्ति में सुधार होता है और परीक्षा से जुड़ा तनाव कम होता है। उन्होंने यह भी बताया कि सहजयोग एक सहज प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से व्यक्ति मानसिक रूप से अधिक स्थिर और संतुलित महसूस करता है। कार्यक्रम में उपस्थित कैडेट्स को ध्यान के माध्यम से आत्मिक शांति और संतुलन का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर झाबर सिंह, चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेन्द्र मिश्रा सहित बीसी जोशी, राकेश आर्या, एमएन गोस्वामी, नैन सिंह नेगी, घनश्याम बोरा, मनोज त्रिपाठी, राधा बिष्ट, गंगा गोस्वामी और ममता रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# GT ने SRH को 169 रन का टारगेट दिया

■ साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए, वाशिंगटन सुंदर ने 33 बाल पर 50 रन की पारी खेली, प्रफुल और साकिब ने 2-2 विकेट लिए



**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आाईपीएल 2026 के 56वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 169 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 168 रन बनाए।

साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने 33 बाल पर 50 रन की पारी खेली। हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन ने 2-2 विकेट लिए। उनके अलावा पैट कमिंस को एक विकेट मिला। गुजरात टाइटंस ने आखिरी ओवर में 10 रन जोड़कर 5 विकेट पर 168 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने 32 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर आउट हो गए। साकिब हुसैन की आफ-पेस गेंद पर सुंदर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में ऊंची चली गई। विकेटकीपर ईशान किशन ने दौड़ते हुए शानदार डाइविंग कैच पकड़ा। आखिरी गेंद पर राहुल तेवतिया ने चौका लगाकर टीम को 168 रन तक पहुंचाया। शुरुआती झटकों के बाद साई सुदर्शन और सुंदर ने पारी संभाली। सुदर्शन ने 61 रन की अहम पारी खेली। सुंदर ने 33 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। 19वें ओवर में वाशिंगटन सुंदर ने 18 रन बटोरे। उन्होंने ओवर में दो चौके और एक शानदार छक्का लगाया।

सुंदर ने लगभग यार्कर गेंद को फाइन लेग के ऊपर से लैप कर चौका बटोरा, जबकि आखिरी गेंद पर दमदार सिक्स जड़ दिया। इससे पहले उन्होंने शार्ट गेंद पर पुल शाट खेलकर भी बाउंड्री हासिल की। इस ओवर के बाद गुजरात टाइटंस का स्कोर 19 ओवर में 158/4 पहुंच गया। प्रफुल हिंगे ने 18वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 7 रन दिए। उन्होंने जेसन होल्डर और वाशिंगटन सुंदर को बड़े शाट खेलने का मौका नहीं दिया। हिंगे ने लगातार यार्कर और हार्ड लेंथ गेंदों से बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। सुंदर ने जरूर पाइंट के जरिए चौका निकाला, लेकिन बाकी गेंदों पर गुजरात खुलकर रन नहीं बना सका। 18 ओवर के बाद गुजरात का स्कोर 140/4 पहुंचा। 17वें ओवर में साई सुदर्शन तेज रन बनाने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे। साकिब हुसैन की यार्कर गेंद पर उन्होंने रिवर्स लैप खेलने की कोशिश की, लेकिन सही पोजिशन में नहीं आ सके।

गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आई और शार्ट थर्ड पर खड़े प्रफुल हिंगे के हाथों में चली गई। हिंगे ने थोड़ा असहज अंदाज में कैच जरूर पकड़ा, लेकिन मौका नहीं गंवाया। सुदर्शन 44 गेंदों में 61 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। सुदर्शन आईपीएल 2026 में 500 रन बनाने वाले पहले बैटर बने। उन्होंने लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई। 14वें ओवर में साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चौके के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया।

## अक्षर पटेल पर 10 लाख रुपये का जुर्माना



**धर्मशाला, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान अक्षर पटेल पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली की टीम ने धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 55वें मैच के दौरान ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित है, यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था, इसलिए अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। डीसी ने अक्षर पटेल (56) और डेविड मिलर (51) की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स को छह गेंदें शो रहते तीन विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीद को जिदा रखा। पंजाब किंग्स की यह लगातार चौथी हार है।

### खेल विशेष

## शबनीम इस्माइल ने रिटायरमेंट बदला

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** अनुभवी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट के लगभग तीन साल बाद, इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यों वाली टीम में शामिल किया गया है। 37 साल की यह खिलाड़ी 113 टी-20 कैप और रिकॉर्ड 123 विकेट के साथ टीम में वापस आई हैं। लॉरा वोल्वार्ट की लीडरशिप में दक्षिण अफ्रीका ने चोट के बाद मारिजैन कैप और डेन वैन नीकर्क का भी स्वागत किया है, जबकि विकेट कीपर-बल्लेबाज कराबो मेसो कलाई की चोट से उबर चुकी हैं, जिसकी वजह से वह हाल ही में भारत के साथ हुई सीरीज से बाहर हो गई थीं। कायला रेनेके को एक मजबूत इंटरनेशनल सीजन के बाद अपना पहला सीनियर वर्ल्ड कप कॉल-अप मिला।

## मैं सौ प्रतिशत गेंदबाज और सौ प्रतिशत बल्लेबाज हूं: माधव

**धर्मशाला, वार्ता।** माधव तिवारी ने आईपीएल 2026 के अपने पहले मैच और लीग में कुल मिलाकर अपने दूसरे आधिकारिक मैच में गेंद और बल्ले दोनों से असर छोड़ा। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनके प्रदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की प्लेऑफ की बची-खुची उम्मीदों को जदिा रखा और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला। 22 साल के इस ऑलराउंडर ने कहा कि वह नेट्स में लगातार अपने स्किल को निखार रहे थे ताकि जरूरत पड़ने पर टीम के लिए योगदान दे सकें। दरअसल, उन्होंने पिछले मई में भी पंजाब किंग्स के खिलाफ डेब्यू किया था, लेकिन उस समय भारत और पाकिस्तान के बीच सीमापार तनाव के कारण मैच पहली पारी के बीच में ही रद्द कर दिया गया था और बाद में दोबारा खेला गया। उस मैच में तिवारी ने सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी की थी और 14 रन दिए थे, जबकि दोबारा हुए मैच में उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। तिवारी ने कहा, सबसे पहले मैं टीम प्रबंधन का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे यह मौका दिया और मैं खुशकस्मित हूं कि टीम की जीत में योगदान दे पाया।

## ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी माल एंडरसन का निधन

**सिडनी, वार्ता।** टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को बताया कि ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी माल एंडरसन का 91 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह यूएस चैंपियनशिप (जिसे अब यूएस ओपन कहा जाता है) जीतने वाले पहले गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी थे। एंडरसन ऑस्ट्रेलिया के युद्ध के बाद के स्वर्णिम युग का हिस्सा थे, उन्होंने 1957 में यूएस चैंपियनशिप का एकल खिताब और तीन प्रमुख युगल खिताब जीते थे। उन्होंने 1957 और 1973 में ऑस्ट्रेलिया को डेविस कप जिताने में भी मदद की थी।

## टिम डेविड पर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना



**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑलराउंडर टिम डेविड पर आईपीएल की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बनी आचार सं.हिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं। टिम को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-6 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ऐसे हावभाव का इस्तेमाल करने से संबंधित है जो अश्लील, आपत्तिजनक या अपमानजनक हों। टिम ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दी गई सजा को मान लिया। आरसीबी ने इस मुकाबले में भुवनेश्वर कुमार (चार विकेट/ नाबाद सात रन) और क्रुणाल पांड्या (73) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को आईपीएल 2026 के 54वें मुक.ाबले में आखिरी गेंद पर मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से शिकस्त दी।

# प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी RCB



**रायपुर, वार्ता।** प्लेऑफ का रास्ता अब मुश्किल होता जा रहा है, दबाव बढ़ता जा रहा है, और रायपुर की तेज गर्मी में, दो ऐसी टीमें जिनकी अब तक की यात्रा बिल्कुल अलग रही है, एक ऐसी टक्कर के लिए तैयार हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग में उनके पूरे सीजन का भविय तय कर सकती है। डिफेंडिग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल 2026 के ज्यादातर हिस्से में एक ऐसी टीम की तरह दिखी है जो पूरी तरह से नियंत्रण में है।

शांत, संयमित और खतरनाक, उन्होंने 11 मैचों में सात जीत के साथ धीरे-धीरे अपनी लय बनाई है और अब वे एक और बार प्लेऑफ में पहुंचने की कगार पर खड़े हैं। लेकिन उनके सामने एक ऐसी टीम आ रही है जिसने ठीक सही समय पर अपना खोया हुआ आत्मविश्वास फिर से पा लिया है-एक नई ऊर्जा से भरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम, जिसने खुद को टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार से खींचकर वापस मुक.ाबले में ला खड़ा किया है। जब बुधवार की रात ए दोनों टीमें शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी, तो दांव पर सिर्फ दो अंक ही नहीं होंगे। बल्कि दांव पर होगी टीम की लय, आत्मविश्वास और शायद पूरे अभियान की दिशा। आरसीबी का यह सीजन एक बार फिर विराट कोहली की मौजूदगी से ही आगे बढ़ा है। हो सकता है कि अब वह अकेले ही टीम का सारा बोझ न उठाते हों, लेकिन वह अब भी इस बेंगलुरु टीम की भावनात्मक धड़कन बने हुए हैं। उनके बनाए 379 रन पूरी दबंगई और इरादे के साथ आए हैं, उन्होंने पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है, जिससे उनके आस-पास के दूसरे खिलाड़ियों को भी खुलकर खेलने का मौका मिला है। कप्तान रजत पाटीदार ने पारी के बीच के ओवरों में निडरता का परिचय दिया है, वह क्रीज पर आते ही गेंदबाजों पर हमला बोल देते हैं। फिर टीम के पास टिम डेविड जैसा 'फिनिशर' भी है, जिसने पारी के आखिरी ओवरों को विपक्षी गेंदबाजों के लिए पूरी तरह से अफरा-तफरी और मुश्किलों से भरे पलों में बदल दिया है। और जब पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालात मुश्किल हो गए थे, तो क्रुणाल पांड्या ही थे जिन्होंने एक ऐसी जुझारू और दमदार पारी खेली, जिसकी जरूरत अक्सर चैंपियन टीमों को होती है। मांसपेशियों में खिचाव, दबाव और लड़खड़ाती हुई रन-चेज जैसी तमाम मुश्किलों से जूझते हुए, उन्होंने 46 गेंदों में 73 रनों की एक शानदार पारी खेलकर आरसीबी को जीत दिलाई।

## यूरोपियन टी-20 प्रीमियर लीग में डबलिन गार्डियंस के मालिक बने राहुल द्रविड़

**डबलिन, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान और टी-20 विश्व कप विजेता कोच राहुल द्रविड़ को यूरोपियन टी-20 लीग (ईटीपीएल) की टीम डबलिन गार्डियंस का मालिक घोाित किया गया है।

यह ईटीपीएल की छह टीमों में से एक है, जो अगस्त 2026 में शुरू होने वाली छह टीमों की लीग में हिस्सा लेगी। क्रिकेट आयरलैंड, क्रिकेट स्कॉटलैंड और रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन के साथ साझेदारी में शुरू की गई इस लीग में डबलिन, बेलफास्ट, एडिनबर्ग, ग्लासगो, रोटर्डम और एम्स्टर्डम की टीमें शामिल हैं। यह यूरोप की पहली आईसीसी -मान्यता प्राप्त बहु-देशीय फ्रेंचाइजी टी-20 लीग भी है। द्रविड़ ने एक बयान में कहा कि ईटीपीएल की जो बात मुझे सबसे ज्यादा आकर्ाित कर गई, वह इसका बड़ा विजन था। इस लीग से आयरलैंड और पूरे यूरोप में ग्रासरूट डेवलपमेंट को मजबूत करके, उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए रास्ता बनाकर क्रिकेट को आगे बढ़ाने का मौका है।


## कार्यालय निगम, अल्मोड़ा।

पत्रांक: 285/8-2(2026-2027) दिनांक: 12/05/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार कार्य की निविदा वेबसाईट https//uktenders.gov.in पर दिनांक 13.05.2026 अपरान्ह 03:00 बजे से दिनॉक 20.05.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा निविदा को दिनॉक 20.05.2026 को अपराह्न 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख गठित समिति द्वारा खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी/शर्ते निगम कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि मय जी0एस0टी0 (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि | निविदा की वैधता (दिवस में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Remediation of Legacy Waste | 143.00 | 3.11 | 4000.00+18% जी0एस0टी0 | 12 माह | 180 |

नगर आयुक्त, नगर निगम, अल्मोड़ा — महापौर, नगर निगम, अल्मोड़ा

टैलीफैक्स-0135-2522941 **BRIDCUL (ब्रिडकुल)** ई-मेल: pmbridcul.ddn@gmail.com CIN No. U45203UR2008SGC032591

ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड
इकाई कार्यालय - देहरादून: अवस्थापना भवन, 583-ठ, राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून-248001

Ref No: 263/BRIDCUL-233/26 Dated: 12/05/2026

**NIT (Notice Inviting Tender)**

On behalf of Managing Director, BRIDCUL, sealed **Item Rate Tenders** with Post Qualification, are invited in two separate envelops (Technical and Financial) simultaneously from Contractors Empanelled with BRIDCUL in Civil work Category-III (upto 2 Crore) and as per the detailed specification, terms & Conditions given in the tender documents for following work:-

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost with GST & All Taxes (In Lac) | Bid Security/EMD (In Rs.) | Cost of Tender Form | Tender Document can be obtained/ submitted at |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Site Development work at HNB Medical Education University Sheesambada Dehradun | 17.56 | 53000.00 | Rs. 5000/- + 18% GST | Project Unit BRIDCUL Dehradun |
| 2 | Miscellaneous Civil work at HNB Medical Education University Sheesambada Dehradun | 15.89 | 48000.00 | Rs. 5000/- + 18% GST | Project Unit BRIDCUL Dehradun |

The tender documents can only be purchased from the office of the respective Project Manager between 10.00 am to 5.00 pm on all working days from **13.05.2026 to 26.05.2026.** The cost of tender document amounting to Rs 5000+18% GST, will be paid while purchasing the tender documents, by cash or Demand Draft in the favour of Project Manager, BRIDCUL, Dehradun. The tenders should reach the office latest by 1500 hours on **26.05.2026** and the technical bid shall be opened at 1530 hours on the same day in presence of tenderers who choose to be present.

**Project Manager, BRIDCUL**

## कार्यालय जिला पंचायत, उत्तरकाशी

पत्रांक : 505/ग.-/निर्माण/ टेण्डर-15वां वित्त/2026-27 दिनांक 08.05.2026

**निविदा सूचना (Tender Notice)**

जिला पंचायत, उत्तरकाशी द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यो में सम्पादनार्थ उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के अध्याय 4 में विहित प्रावधान (प्रस्तर 4.4.2) के अनुरूप, जिला पंचायत में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सीमित निविदा पृच्छा (Limited Tender Enquiry) दिनांक 23/05/2026 अपराह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन अपरान्ह 2:50 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। उक्त कार्यो की निविदाओं का विक्रय दिनांक 09/05/2026 दिनांक 22/05/2026 तक सांय 5:00 बजे तक कार्यालय समय में जिला पंचायत कार्यालय, विकास भवन, लदाडी में किया जायेगा। कार्यो से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी एवं विभागीय शर्ते किसी भी कार्य दिवस में जिला पंचायत कार्यालय, उत्तरकाशी में देखी जा सकती है। किन्ही अपरिहार्य कारणवश निर्धारित तिथि को राजकीय / स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा अगली तिथि/कार्य दिवस को विक्रय एवं आंमत्रित की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (2%) | निविदा शुल्क + GST (18%) | कार्य अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम ज्ञाणजा के हरूना नामे तोक में बागवानी एवं पेयजल लाइन निर्माण | भटवाडी | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 2 | गाम कुराली में हरिमहाराजा से मात्री का सौड तक नवीन पेयजल लाइन एवं टैंक निर्माण कार्य | भटवाडी | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 3 | ग्राम सुक्की में अमर गऊ से रगदीला तक पाइप लाइन एवं टैंक का मरम्मत कार्य। | भटवाडी | 9.50 | 19000 | 1000 | 3 माह | A |
| 4 | ग्राम बगोरी में गुल का पुनर्निर्माण कार्य। | भटवाडी | 9.50 | 19000 | 1000 | 3 माह | A |
| 5 | ग्राम कुमालटी के छोकलि नामे तोक में सुरक्षा दीवार कार्य। | भटवाडी | 3.00 | 19000 | 1000 | 3 माह | A |
| 6 | ग्राम लाटा के गेरी में खडकिया तोक में सुरक्षा दीवार। | भटवाडी | 4.00 | 8000 | 500 | 2 माह | A |
| 7 | ग्राम सालग में पंचायत चौक का समतलीकरण कार्य। | भटवाडी | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | A |
| 8 | ग्राम कुराली में मातरिका सोड हरिमहराज परिषर में रैन बसेरा निर्माण कार्य। | भटवाडी | 8.00 | 16000 | 1000 | 3 माह | A |
| 9 | गंगोत्री में निर्माणाधीन गेस्ट हाउस का अवशेष कार्य। | भटवाडी | 9.50 | 19000 | 1000 | 3 माह | A |
| 10 | ग्राम पंचायत भराणगाव में पुरानी टंकी के पास से अम्बेडकर पार्क तक सिचाई गूल | डुण्डा | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 11 | ग्राम सोन्द में पेयजल योजना का परमा कार्य | डुण्डा | 3.50 | 7000 | 500 | 2 माह | AB |
| 12 | देवीधार में सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य। | डुण्डा | 8.00 | 16000 | 1000 | 3 माह | A |
| 13 | ग्राम पंचायत बडेथ के सिलगदेरा पेयजल टेक से बडेथ तक पाइप लाइन का निर्माण। | डुण्डा | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 14 | ग्राम जिनेथ के लेरियाग नामे तोक में पानी धारा सुधारीकरण का कार्य। | डुण्डा | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 15 | ग्राम जसपुर के छिराडा से सामान्य बस्ती पेयजल लाइन निर्माण कार्य। | डुण्डा | 5.00 | 10000 | 500 | 2 माह | A |
| 16 | ग्राग लुदारका में आवासीय भवन हेतु सुरक्षा दिवार | डुण्डा | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 17 | ग्राम खुरकोट में सोमेश्वर मन्दिर के प्रांगण में टाईल्स कार्य | डुण्डा | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 18 | पी०एम० श्री आदर्श रा० इं0 कॉलेज धौंतरी में मंच आदि का निर्माण कार्य | डुण्डा | 5.00 | 10000 | 500 | 2 माह | A |
| 19 | ग्राम पनोथ के हजवा नामे तोक में सड़क से नदी तक संपर्क मार्ग एवं दीवार | डुण्डा | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 20 | ग्राम धनारी के मुख्य मार्ग से जड़ीदुमका घाट के लिए मार्ग एवं टीनशैड निर्माण | डुण्डा | 5.00 | 10000 | 500 | 2 माह | A |
| 21 | ग्राम पंचायत महरगांव के सौड नामे तोक में पेयजल लाइन मरम्मत कार्य | चि.सौड़ | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 22 | ग्राम पंचायत नई खालसी माड टपरियाटा पेयजल लाइन करम्मत कार्य | चि.सौड़ | 4.00 | 8000 | 500 | 2 माह | AB |
| 23 | ग्राम बनास में नारायण मंदिर के समीप जलश्रोत का सौन्दर्यकरण | नौगांव | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 24. | ग्राम पंचायत डांडागांव मंदिर चौक में शौचालय व स्नान गृह का निर्माण | नौगांव | 5.00 | 10000 | 500 | 2 माह | A |
| 25 | ग्राम पंचायत गडोली के कोरला तोक में जलश्रोत का विकास कार्य | नौगांव | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 26 | ग्राम पंचायत गोदीन के खेता नामे तोक में हौज एवं गूल निर्माण कार्य | नौगांव | 8.00 | 16000 | 1000 | 3 माह | A |
| 27 | ग्राम पाली में अनु० जाती बस्ती में किचन शेड का निर्माण कार्य प्रथम | नौगांव | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 28 | जिला पंचायत भवन जानकी चट्टी में सोलर प्लांट की स्थापना | नौगांव | 15.00 | 30000 | 1500 | 3 माह | A |
| 29 | गंगनानी बडकोट में जिला पंचायत गेस्ट हाउस का मस्म्मत कार्य | नौगांव | 10.00 | 20000 | 1500 | 3 माह | A |
| 30 | ग्राम हवाणगांव में खेल मैदान का सुरक्षात्मक कार्य | नौगांव | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 31 | ग्राम सभा सुनाली में रा० प्रा० विद्यालय के मार्ग का निर्माण एवं मरम्मत कार्य | पुरोला | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 32 | ग्राम सभा खड़क्यासेम के भद्राली तोक में सिंचाई लाइन निर्माण कार्य | पुरोला | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 33 | कमलेश्वर मन्दिर में जलकुण्ठ का मरम्मत कार्य एवं टिन शेड का निर्माण कार्य | पुरोला | 5.00 | 10000 | 500 | 2 माह | A |
| 34 | ग्राम पंचायत सौड़ साकरी में पेयजल योजना का मरम्मत कार्य | मोरी | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 35 | ग्राम नानई गांव में मूल पानी का सौन्दर्यकरण कार्य | मोरी | 5.00 | 19000 | 500 | 2 माह | A |
| 36 | ग्राम नानई में खेनाला तोम में मूलपानी का सौन्दर्यकरण | मोरी | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |
| 37 | ग्राम नानई गांव के रतनोला तोक में रास्ते के नीचे सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य | मोरी | 3.00 | 6000 | 500 | 2 माह | AB |

**अपर मुख्य अधिकारी,**
**जिला पंचायत उत्तरकाशी**

CMYK



### बिना किसी तथ्य, शिकायत के उनके नाम का इस्तेमाल कर छवि धूमिल करने के प्रयास पर

# लक्सर विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा विशेषाधिकार हनन का नोटिस

❖शहजाद विधाायक ने रीतू खंडूरी से डीईओ बेसिक के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

❖जिला शिक्षाधिकारी अमित चन्द के कुछ समाचार पत्रों में उनके नाम से मदरसों के खिलाफ कार्रवाई संबंधी खबरें प्रकाशित करवाए जाने पर कड़ी नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक अमित चन्द द्वारा कुछ समाचार पत्रों में उनके नाम से मदरसों के खिलाफ कार्रवाई संबंधी खबरें प्रकाशित करवाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। मंगलवार को विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती रितु खंडूरी से मुलाकात कर विशेषाधिकार हनन का नोटिस सौंपा। विधायक का आरोप है कि बिना किसी तथ्य और शिकायत के उनके नाम का इस्तेमाल कर उनकी राजनीतिक छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

मोहम्मद शहजाद ने कहा कि उन्होंने कभी भी किसी मदरसे के खिलाफ कार्रवाई के लिए शिकायत नहीं की और न ही किसी अधिकारी को इस प्रकार के निर्देश दिए। इसके बावजूद कुछ समाचार पत्रों में उनके नाम का उल्लेख कर सुनियोजित तरीके से भ्रम फैलाया गया। विधायक ने इसे राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा कि एक राजनीतिक दल के नेता के साथ मिलकर उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया गया है।

विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष को दिए नोटिस में मामले की



निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधियों के नाम का गलत इस्तेमाल कर झूठी खबरें प्रकाशित कराना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल जनप्रतिनिधियों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि जनता के बीच भी गलत संदेश देती हैं। मोहम्मद शहजाद ने स्पष्ट किया कि वह शिक्षा और सामाजिक सौहार्द के पक्षधर हैं तथा किसी भी समुदाय विशेष को निशाना बनाने की राजनीति में विश्वास नहीं रखते। विधायक मोहम्मद शहजाद ने विधानसभा अध्यक्ष को दिए गए नोटिस में जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक अमित चंद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि विधानसभा स्तर पर इस मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# एटीएम कार्ड बदलकर महिला के खाते से हजारों की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** साईबर ठगों ने एक महिला के खाते से एटीएम कार्ड बदलकर हजारों रुपए की रकम निकाल ली पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई करने की मांग की है पुलिस तहरीर के आधार पर सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

कस्बा झबरेड़ा के मोहल्ला हरिजनान निवासी अजब सिंह लाठरदेवा हुण स्थित एक कंपनी में प्राइवेट नौकरी करता है। 7 मई को व्यक्ति की सैलरी उसके खाते में आई थी व्यक्ति ने सैलरी खाते में आते ही सारी सैलरी अपनी पत्नी ललिता देवी के खाते में ट्रांसफर कर दी थी। 10 मई को व्यक्ति कस्बा झबरेड़ा स्थित पीएनबी बैंक शाखा भक्तोंवाली के एटीएम से घर के खर्चे के लिए पैसे निकालने गया तो पैसे नहीं निकले । उक्त के पीछे खड़े दो अनजान व्यक्तियों द्वारा व्यक्ति का एटीएम बदल दिया तथा वहां से चले गए कुछ देर बाद देखा तो व्यक्ति के खाते से 4000 एक बार तथा 10000 एक बार 14000 की रकम एटीएम बदलकर ठगी करने वालों द्वारा निकाल ली गई। व्यक्ति को ठगी होने का एहसास होने पर मामले की सूचना पुलिस को दी तथा मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि ठगी के मामले में तहरीर मिली है तहरीर के आधार पर बैंक के सीसीटीवी कैमरे चेक किया जा रहे हैं जल्द ही आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होगा।

### कलियर सीएचसी के पुराने भवन को निजी व्यक्ति को देने की चर्चा

# सभासदों ने सीएमओ से की कलियर नगर पंचायत की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर सीएचसी के पुराने भवन को सीएमओ को किसी निजी व्यक्ति को देने की चर्चाओं के बीच नगर पालिक पंचायत के सभासदों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से उक्त भवन को कलियर नगर पंचायत देने की मांग करते हुए कहा कि अगर यह भवन किसी निजी व्यक्ति को दिया गया तो उसके लिए आंदोलन किया जाएगा क्योंकि यह सरकारी भवन है जिसे किसी भी निजी व्यक्ति को नहीं दिया सकता जबकि नगर पंचायत पर अभी अपना कार्यालय भी नहीं है इसलिए नगर पंचायत का इस भवन पर हक बनता है ना कि किसी निजी व्यक्ति का।

नगर पंचायत पिरान कलियर के सभासदों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिरान कलियर के पुराने भवन को नगर पंचायत कार्यालय एवं जनहित कार्यों के लिए उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी हरिद्वार को पत्र भेजकर पुराने भवन के कुछ हिस्सों को नगर पंचायत को आवंटित करने की मांग की गई है। सभासद अमजद मलिक, नाजिम त्यागी,मो राशिद,जाबिर, मेहरुबा,रेशमा ,दिलबाग,दानिश साबरी की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अपने नए भवन में संचालित हो रहा है जिससे पुराना भवन या उसके कुछ कमरे खाली पड़े हैं। उन्होंने पत्र में बताया कि उक्त भवन के कुछ हिस्से को किसी निजी व्यक्ति को कार्य करने की अनुमति दिए जाने की जानकारी मिली है जबकि यह एक सरकारी भवन है।सभासदों ने मांग की कि यदि भवन खाली है तो वहां नगर पंचायत कार्यालय अथवा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय संचालित करने की अनुमति दी जाए। उनका कहना है कि नगर पंचायत का अपना भवन नही होने के कारण कार्यालय संचालन में दिक्कतें आ रही हैं और पुराने स्वास्थ्य केंद्र भवन की नगर पंचायत को आवश्यकता है।

### एसटीएफ, एएनटीएफ व मंगलौर कोतवाली पुलिस की साझा कार्रवाई

# नशीली दवाओं का जखीरा पकड़ा, 18 हजार प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर/लंढौरा।** एसटीएफ/एएनटीएफ व मंगलौर कोतवाली पुलिस की साझा टीम द्वारा सघन चैकिंग अभियान के दौरान 18,000 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए है। हालांकि कार्रवाई के दौरान तस्कर अपनी बाइक छोड़ मौके से फरार हो गए पुलिस ने मौके से फरार दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सोमवार की शाम एसटीएफ/एएनटीएफ के निरीक्षक भवानी शंकर पंत को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की दो युवक दुपहिया वाहन पर नशीली दवाइयों की खेप लेकर लंढौरा क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। जिन्हें वह अपने साथी को देने आ रहें हैं। नशा तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर एसटीएफ/एएनटीएफ की टीम ने मंगलौर कोतवाली पुलिस के साथ रुड़की-लक्सर मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया पुलिस को देख बाइक सवार दो युवकों ने अपनी बाइक आईटीआई कॉलेज की तरफ मोड़ दी। पुलिस ने जब उनका पिछा किया तो दोनों लोग अपनी बाइक छोड़ मौके से भाग निकले। मौके पर पहुंचे ड्रग इंस्पेक्टर हरीश सिंह ने बंद पेटी में रखी दवाइयों को प्रतिबंधित नशीली दवाई



होना बताया। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि एसटीएफ/एएनटीएफ व मंगलौर पुलिस की साझा कार्रवाई में 18,000 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल व फरार तस्करों की एक बाइक भी बरामद हुई है। जांच के दौरान फरार अभियुक्तों में से एक की पहचान फारुख पुत्र महमूद निवासी बहादराबाद जनपद हरिद्वार एवं उसके एक साथी के रूप में हुई है। दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस टीम में एसटीएफ/एएनटीएफ के प्रभारी निरीक्षक भवानी शंकर पंत, उपनिरीक्षक दीपक मेठाणी, हेड कांस्टेबल देशराज, कास्टेबल प्रशांत चौहान व दीपक नेगी के अलावा मंगलौर कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक राम बहादुर कास्टेबल नरेश का अहम योगदान रहा।

# 6 ग्राम स्मैक के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत मंगलौर पुलिस ने नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने 6. 00 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बरामद स्मैक की कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपये बताई जा रही है।

पकड़ा गया आरोपी शाहरुख पुत्र मंजूर हसन, निवासी ग्राम बसेड़ी, थाना लक्सर है। उसे लंढौरा चौकी प्रभारी उ0नि0 अशोक सिरसवाल की टीम ने मोटरसाइकिल से स्मैक ले जाते समय दबोचा। आरोपी के पास से एक बाइक भी बरामद हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन प्रहार में पुलिस लिंक रोड, गांव-कस्बों और हाईवे पर लगातार चेकिंग कर रही है। पुलिस का कहना है कि नशे के सौदागरों पर इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी। आरोपी पर केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है । पुलिस टीम उ0नि0 अशोक सिरसवाल, हे0कानि0 शूरबीर सिंह, कानि0 मनीष मिल रहे।

# लूट की फर्जी सूचना देने पर पुलिस ने तीन के खिलाफ की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** 112 पर पुलिस को लूट की झूठी सूचना देना भारी पड़ गया। पुलिस ने सूचना देने वालों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 172 बीएन एसएस के तहत की कार्यवाई की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली भगवानपुर को सलीम पुत्र अलीहसन नि0 मौहल्ला खाताखेडी थाना मण्डी जिला सहारनपुर उ0प्र0 द्वारा डॉयल न0-112 पर सूचना दी गई की कुछ लोग मुझसे ग्राम खेड़ी शिकोहपुर से जबरदस्ती मेरी गाड़ी व गाड़ी में रखे करीब ढाई लाख रू0 छीनकर भाग गए है। सूचना एमडीटी के माध्यम से प्राप्त होने पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के नेतृत्व में घटना के अनावरण हेतु टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा प्राप्त सूचना पर व घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगालते हुए अपराधियों की तलाश शुरू की जिसके पश्चात 01.नबीर पुत्र जमील 02. शौकिन पुत्र बाबू निवासीगण ग्राम मानक माजरा कोतवाली भगवानपुर जनपद हरिद्वार 03. साहिब पुत्र आलीम निवासी डाडाजलालपुर कोतवाली भगवानपुर जनपद हरिद्वार द्वारा जबरदस्ती वाहन को अपने साथ लेकर जाना पाया गया। उपरोक्त तीनो व्यक्तियो को पूछताछ हेतु थाना लाया गया बाद पूछताछ के प्रकरण आपसी पैसो के लेन देने के सम्बन्ध में प्रकाश में आया। सूचना देने वाले ने एक प्लानिंग के तहत पुलिस को गुमराह करने की नीयत से पुलिस को झूठी सूचना दी गई थी जिस कारण पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उपरोक्त तीनों व्यक्तियो के विरूद्व अन्तर्गत धारा 172 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी।

# लक्सर पुलिस ने दबोचे दो शातिर चोर, नकदी व जेवरात बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली लक्सर पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय एक शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से करीब 2 लाख रुपये की कीमत का माल और नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने यह खुलासा घटना के महज 48 घंटों के भीतर मैनुअल और डिजिटल पुलिसिंग की मदद से किया। बीती 10 मई 2026 को सुल्तानपुर निवासी मेहरबान अली ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह काम पर गए थे और परिवार बाहर था, तब अज्ञात चोरों ने दीवार फांदकर घर की अलमारी का ताला तोड़कर नकदी और गहने चोरी कर लिए एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर लक्सर पुलिस ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कीनशे और शौक के लिए करते थे चोरी



पुलिस गिरफ्त में आए अभियुक्तों की पहचान शौकीन उर्फ पौसा (25 वर्ष और साकिब उर्फ काला (21 वर्ष के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों नशे के आदी हैं और अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे वे काफी समय से रेकी कर रहे थे और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दियाबरामदगी और पुलिस टीमअभियुक्तों के कब्जे से कुल 56,800 रुपये नकद सोने का लॉकेट चांदी की पायल और लौंग बरामद हुई हैं आरोपियों पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है इस सफलता में एसएचओ प्रवीण सिंह कोश्यारी, व.उ.नि. नितिन चौहान अउप निरीक्षक रंजीत नौटियाल हेड कांस्टेबल विनोद कुमार कांस्टेबल जगत सिंह सौवदीश कुमार और उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही

# जहरीला पदार्थ खाने से एक की मौत, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक द्वारा सोमवार देर शाम जहरीला पदार्थ खाने से संदिग्ध परिस्थिति में उसकी मौत हो गई। वहीं सोमवार को एक महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खा लिया महिला को डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया। महिला की हालत खतरे से बात बताई गई है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक की सोमवार को जहरीला पदार्थ खाने से संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का पता परिजनों को लगते ही परिजन युवक को डॉक्टर के यहां ले गए डॉक्टर द्वारा जांच करने पर उक्त को मृत घोषित कर दिया। युवक की मृत्यु का पता लगते ही युवक के घर में कोहराम मच गया। बिना पुलिस को सूचना दिए ही मृतक युवक का अंतिम क्रिया कर्म कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर सोमवार को एक महिला द्वारा परिजनों के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी होने पर उसने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का परिजनों को पता लगता ही परिजन महिला को डॉक्टर के यहां ले गए डॉक्टर द्वारा इलाज करने पर उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि इस संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है पुलिस द्वारा अपने तरीके से जांच की जा रही है।

# उपखण्ड अधिकारी ने ली मीटर रीडरों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** विद्युत उपभोक्ताओं को समय से और सटीक बिल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपखण्ड अधिकारी द्वारा मीटर रीडरो की बैठक ली। मुख्य अभियंता के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित बैठक में मीटर रीडरों और सुपरवाइजरों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए गए।

मंगलवार को झबरेड़ा स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय पर विद्युत उपभोक्ताओं को समय से और सटीक बिल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपखण्ड अधिकारी रिजवान अली ने बैठक ली। बैठक के दौरान एसडीओ ने बिलिंग प्रक्रिया में हो रही देरी और अनियमितताओं पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। एसडीओ ने उपभोक्ताओं की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए निम्नलिखित कड़े निर्देश जारी किए हैं कि सभी मीटर रीडरों को निर्देशित किया गया है कि वे आगामी एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं का एक विस्तृत रजिस्टर तैयार करेंगे। प्रतिमाह की 22 तारीख तक हर हाल में शत-प्रतिशत बिलिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को भुगतान के लिए पर्याप्त समय मिल सके। जिन उपभोक्ताओं की बिजली खपत असामान्य रूप से कम पाई जाएगी, मीटर रीडरों को उसका स्पष्ट कारण विभाग को उपलब्ध कराना होगा। कम खपत वाले मीटरों की विभाग द्वारा औचक चेकिंग की जाएगी। यदि रीडिंग में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित मीटर रीडर और एजेंसी के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री दिव्या का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण व अपनी स्वेच्छा से शादी अन्य जाति के व्यक्ति से करने के कारण मैंने दिव्या को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद दिव्या के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
सुखपाल पुत्र इलमचंद नि. ग्राम रूहालकी दयालपुर, भगवानपुर हरिद्वार।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र इंतजार उर्फ मोनू व उसकी पत्नी चांदी का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने इंतजार व चांदी को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
नफीस पत्नी स्व. असरफ नि. ग्राम करौन्दी, भगवानपुर हरिद्वार।

## एक वारंटी दबोचा

**रूडकी।** ऑपरेशन प्रहार के तहत गंगनहर पुलिस ने 01वारन्टी को धर दबोचा है।

ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत वारन्टो की शत प्रतिशत तामील व वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के क्रम में कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा दिनांक 11.05.2026 को पुलिस टीम द्वारा वारंटी बिट्टू उर्फ पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी बदाखेड़ी थाना कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार को संबंधित वाद संख्या 1385 /2022 धारा 135 विद्युत अधिनियम में वारंटी को मस्कन से पकडा।

# 52 पाउच देशी शराब के साथ एक युवक पकडा

**रूडकी।** ऑंपरेशन प्रहार के तहत हरिद्वार पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। इसी के तहत शराब के धंधे में संलिप्त 01 आरोपित को 52 पाउच देशी शराब के साथ धर दबोचा है। ऑंपरेशन प्रहार के तहत दुराचारियों/ गुण्डा अपराधियों /मादक पदार्थ के धंधे में संलिप्त के विरुद्ध कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए गए के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की के कुशल नेतृत्व में दिनाँक 12/05/2026 को कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा शराब के धंधे में संलिप्त 01 आरोपित को देशी शराब के साथ पकडा गया। आरोपित के विरुद्ध कोतवाली रुड़की पर आबकारी अधिनियम अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। नाम पता आरोपित- दीप पुत्र सोम कुमार निवासी टोड़ा एहतमाल कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार।

# सोहेलपुर रोड पर अवैध अतिक्रमण से लग रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर के सोहलपुर मार्ग पर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण और गलत तरीके से खड़ी रेडी-ठेली व वाहनों के कारण मंगलवार को जाम लग गया। जाम में फंसे रहने से साबिर पाक की जियारत को आने वाले जायरीन, स्कूली बच्चे और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोहलपुर रोड पर सड़क किनारे अस्थाई दुकानें, रेडी-ठेली और वाहन खड़े किए जाने से मार्ग संकरा हो गया है। इसके अलावा गेस्ट हाउसों में ठहरे जायरीनों के वाहनों की सड़क किनारे पार्किंग और मिट्टी से भरे डंपरों की आवाजाही के चलते स्थिति और गंभीर हो रही है। मंगलवार को भी सड़क पर जाम लग गया।जाम के कारण स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। जबकि दरगाह साबिर पाक की जियारत के लिए आने वाले जायरीनों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोहलपुर मार्ग पर आए दिन जाम लगना आम बात हो गई है, लेकिन पुलिस प्रशासन और नगर पंचायत इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर पंचायत अधिकारियों से कई



बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने मांग की है कि सोहलपुर मार्ग से अतिक्रमण हटाकर सड़क को खाली कराया जाए ताकि जायरीनों, राहगीरों और स्कूली बच्चों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

### एसएसपी के नेतृत्व में मंगलौर पुलिस की बडी कार्रवाई

# एटीएम बदलकर ठगी करने वाले दो अंतर्राज्यीय शातिर ठग दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा/मंगलौर।** एसएसपी हरिद्वार नवनीत सिंह के ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। एटीएम बदलकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य संजय, निवासी सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से 12 एटीएम कार्ड और 10,700 रुपये नकद बरामद हुए। बताया गया है कि उक्त गिरोह यूपी उत्तराखण्ड के कई जिलों में लोगों को निशाना बना चुका है। पुलिस को यह कामयाबी करीब 356 सीसीटीवी खंगालकर कडी मेहनत के बाद मिली। आरोपी इंस्टाग्राम पर गैंग की प्लानिंग करते थे और गांव देहात की महिलाओं व बुजुर्गों को निशाना बनाते थे। उनकी चालाकी को पुलिस ने अपनी चालाकी से तोडकर आरोपियों को पकड लिया।

जानकारी के अनुसार मुण्डलाना निवासी एक महिला से 70 हजार की ठगी के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। कोतवाली प्रभारी भगवान महर के नेतृत्व में टीम ने हरिद्वार, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में 356 सीसीटीवी खंगाले। सोमवार कि देर शाम मुखबिर की सूचना पर संजय को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह रविवार को बुजुर्गों-महिलाओं को निशाना



बनाता था । मदद के बहाने कार्ड बदल लेते थे। पकड़े जाने से बचने को इंस्टाग्राम पर प्लानिंग करते और दूसरे नाम की सिम इस्तेमाल करते थे। आरोपी संजय पर सहारनपुर में धोखाधड़ी-चोरी के 8 से ज्यादा केस दर्ज हैं। अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। टीम में निरीक्षक भगवान महर, उपनिरीक्षक नितिन विष्ट, हे.का. अमित शर्मा, का. उत्तम, रणवीर, विनोद व सीआईयू के महिपाल शामिल रहे।

CMYK

# फिर पेपर लीक

3 मई 2026 को आयोजित की गई नीट यूजी परीक्षा को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पेपर लीक के पुख्ता सबूत मिलने के बाद 12 मई 2026 को रद्द कर दिया है। यह निर्णय न केवल 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए एक बड़ा झटका है, बल्कि देश की सबसे प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं म ें से एक की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल उठाता है। उधर, पेपर लीक के आरोपों के बीच नीट परीक्षा रद्द होने पर नाराजगी सामने आने लगी है। एक तरफ तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे स्कैम बता डाला है। वहीं, राहुल गांधी ने भी इसको लेकर नाराजगी जताई है। राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में लिखा है कि नीट का पेपर लीक सिर्फ नाकामी नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। स्टालिन ने यह भी सुझाव दे डाला है कि 12वीं के नंबरों के आधार पर एमबीबीएस में एडमिशन दिया जाए। एक्स पर लिखी एक पोस्ट में स्टालिन ने कहा कि इस साल एक बार फिर नीट परीक्षा में अनियमितता देखने को मिली है। इसके चलते परीक्षा रद्द हुई और लाखों परीक्षार्थियों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा के हर चरण में धांधली हुई है। वहीं, राहुल गांधी ने लिखा कि नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। किसी पिता ने कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे। लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला, पेपर लीक। कांग्रेस सांसद ने लिखा कि सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। यह सिर्फ नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। राहुल गांधी आगे लिखते हैं कि हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र सजा भुगतते हैं। अब लाखों छात्र फिर से वही मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलेंगे। अगर अपनी तकदीर परिश्रम से नहीं, पैसे और पहुंच से तय होगा, तो फिर शिक्षा का मतलब क्या रह जाएगा? उन्होंने लिखा है कि प्रधानमंत्री का तथाकथित अमृतकाल, देश के लिए विषकाल बन गया है। डीएमके चीफ ने नीट परीक्षा को ही खत्म करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि फिर से नीट परीक्षा कराने का मतलब, समय की बर्बादी और छात्रों में कंफ्यूजन। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसा पहले होता था, बारहवीं क्लास के नंबरों के आधार पर एमबीबीएस की सीट दी जानी चाहिए। उन्होंने तमिलनाडु की नवनिर्वाचित सरकार से भी अपील की कि वह नीट को लेकर मजबूत रवैया अपनाएं। साथ ही पुराने द्रविड़ियन मॉडल सरकार के लिए कानूनी रास्ता अख्तियार करें और नीट से छुटकारा दिलाएं। सरकार ने सीबीआई को इन अनियमितताओं की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। एनटीए ने कहा कि यह परीक्षा अलग से अधिसूचित तिथियों पर पुन: आयोजित की जाएगी।

## श्रीमुख से...

### दो मिनट में लग सकता है शराब पर प्रतिबंध



केंद्र सरकार राजस्व के नुकसान की भरपाई कर दे, तो जम्मू-कश्मीर सरकार दो मिनट में शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है, वह व्यक्तिगत रूप से शराब का सेवन नहीं करते हैं, लेकिन उनका मानना है कि जो लोग पीते हैं, वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न होने की स्थिति में इसे जम्मू- कश्मीर के बाहर से मंगवा लेंगे, जो पीते हैं, वे पिएंगे ही, जो लोग आवाज उठा रहे हैं, उनसे पूछिए कि शराब पीने वाले लोग कौन हैं, पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने उनके पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला से राज्य में शराब की बिक्री बंद करने के लिए कहा था, मेरे पिता ने उनसे कहा था कि अगर केंद्र हमें वह राजस्व दे दे, जो हम इससे कमाते हैं, तो हम इसे बंद कर देंगे, उसके बाद कुछ नहीं हुआ।

**-फारूक अब्दुल्ला, अध्यक्ष, नेशनल कॉन्फ्रेंस**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# नई चुनौतियां : सुवेन्दु को मिला कांटों का ताज






पश्चिम बंगाल की जिस धरती ने दशकों तक वामपंथी 'लाल सलाम' की गूंज और बाद में ममता बनर्जी के 'मां-माटी-मानुष' के नारों को आत्मसात किया, वहां 'जय राम' और 'सोनार बांग्ला' के उद्घोष के बीच शुभेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री पद पर आरूढ़ होना भारतीय राजनीति के सबसे बड़े सत्ता-परिवर्तन के रूप में दर्ज हो गया है। शुभेंदु अधिकारी का राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में सत्तारूढ़ होना केवल सरकार बदलने की घटना नहीं बल्कि बंगाल की वैचारिक दिशा, राजनीतिक संस्कृति और प्रशासनिक संरचना में एक बड़े परिवर्तन का संकेत है।

वे ऐसे समय में सत्ता के शिखर पर पहुंचे हैं, जब पश्चिम बंगाल लंबे समय से राजनीतिक हिंसा, प्रशासनिक पक्षपात, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट संस्कृति, आर्थिक संकट, अवैध घुसपैठ और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। नंदीग्राम आंदोलन से उभरे इस नेता के समक्ष अब केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं बल्कि पूरे राज्य की दिशा बदलने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। सत्ता परिवर्तन का उत्साह जितना विशाल है, चुनौतियों का पहाड़ उससे कहीं अधिक ऊंचा है। पश्चिम बंगाल की राजनीति दशकों से वैचारिक संघर्ष और राजनीतिक हिंसा की प्रयोगशाला रही है। वामपंथी शासनकाल में 'कैडर संस्कृति' और तृणमूल शासन में राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों ने लोकतंत्र की निष्पक्षता पर लगातार प्रश्नचिन्ह लगाए। 2021 के चुनावों के बाद हुई हिंसा ने राष्ट्रीय स्तर पर बंगाल की छवि को गंभीर रूप से प्रभावित किया था। ऐसे माहौल में शुभेंदु के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्य को भय, हिंसा और प्रतिशोध की राजनीति से बाहर निकालने की है। यदि नई सरकार भी राजनीतिक बदले की संस्कृति में उलझ जाती है तो जनता का विश्वास शीघ्र टूट सकता है। इसलिए सुवेन्दु के लिए यह आवश्यक होगा कि वे पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त कर संवैधानिक निष्पक्षता की दिशा में आगे बढ़ाएं। वास्तव में बंगाल की जनता अब संघर्ष नहीं, स्थिरता चाहती है। लोग ऐसी सरकार की अपेक्षा कर रहे हैं, जो कानून-व्यवस्था को राजनीतिक विचारधारा से ऊपर रख सके। मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी की सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि क्या वे अपने कार्यकर्ताओं की आक्रामक राजनीतिक ऊर्जा को विकास और सुशासन की दिशा में मोड़ पाते हैं या नहीं। नई सरकार के समक्ष दूसरी बड़ी चुनौती भ्रष्टाचार और सिंडिकेट संस्कृति को समाप्त करने की है। वर्षों से बंगाल में निर्माण कार्यों, स्थानीय बाजारों, पंचायतों और सरकारी योजनाओं में बिचौलियों के प्रभाव को लेकर आरोप लगते रहे हैं। 'कट-मनी' शब्द बंगाल की राजनीति का प्रतीक बन चुका था। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान इसे सबसे बड़ा मुद्दा बनाया था। अब सत्ता में आने के बाद जनता की अपेक्षा है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध केवल भाषण नहीं, ठोस कार्रवाई दिखाई दे। हालांकि यह काम उतना आसान नहीं होगा, जितना राजनीतिक मंचों से प्रतीत होता है। प्रशासनिक तंत्र वर्षों से जिस राजनीतिक ढांचे में काम करता रहा है, उसे अचानक बदल देना सरल नहीं है। शुभेंदु स्वयं लंबे समय तक तृणमूल कांग्रेस का हिस्सा रहे हैं, इसलिए वे उस व्यवस्था की कमजोरियों को निकट से जानते हैं। यही अनुभव उनके लिए ताकत भी बन सकता है और विरोधियों के लिए हमला करने का आधार भी। यदि वे डिजिटल पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासनिक सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू कर पाते हैं तो बंगाल वास्तव में 'पोरिबर्तन' की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

अवैध घुसपैठ और सीमा सुरक्षा नई सरकार के सामने सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक है। बांग्लादेश से लगती पश्चिम बंगाल की लंबी और पोरस सीमा लंबे समय से राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय रही है। भाजपा लगातार आरोप लगाती रही है कि अवैध घुसपैठ ने राज्य की जनसांख्यिकी और राजनीतिक संतुलन को प्रभावित किया है। अब जब केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा की सरकार है, तब जनता की अपेक्षाएं और बढ़ गई हैं। शुभेंदु अधिकारी के सामने चुनौती केवल सीमा सील करने या तस्करी रोकने की नहीं है बल्कि सीमावर्ती जिलों में विश्वास और स्थिरता स्थापित करने की भी है। गौ-तस्करी, नकली मुद्रा, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संगठित अपराध लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय रहे हैं। यदि नई सरकार आधुनिक तकनीक, बेहतर निगरानी और केंद्र-राज्य समन्वय के माध्यम से प्रभावी रणनीति बनाती है तो सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की स्थिति बेहतर हो सकती है लेकिन इस मुद्दे का राजनीतिक और सामाजिक संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक होगा क्योंकि कठोर कार्रवाई और सांप्रदायिक तनाव के बीच की रेखा बेहद पतली है।

आर्थिक मोर्चे पर स्थिति और भी जटिल है। पश्चिम बंगाल इस समय भारी कर्ज के बोझ तले दबा है। राज्य पर लाखों करोड़ रूपए का ऋण है और राजस्व संसाधन सीमित हैं। दूसरी ओर भाजपा ने चुनावों के दौरान महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता, युवाओं को रोजगार और कई लोकलुभावन योजनाओं के वादे किए हैं। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि खाली खजाने के साथ इन वादों को पूरा कैसे किया जाएगा। सुवेन्दु के सामने सबसे कठिन चुनौती विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन स्थापित करने की होगी।

यदि सरकार केवल लोकलुभावन योजनाओं पर निर्भर रहती है तो राज्य की आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती है। इसलिए बंगाल को फिर से औद्योगिक और निवेश केंद्र बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास आवश्यक होंगे। कभी देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल रहा बंगाल आज उद्योगों के पलायन का दर्द झेल रहा है। सिंगूर और नंदीग्राम की घटनाओं ने निवेशकों के मन में असुरक्षा पैदा की थी। विडंबना यह है कि जिस नंदीग्राम आंदोलन ने शुभेंदु अधिकारी को राजनीतिक पहचान दी, अब वही उनके सामने औद्योगिक पुनर्निर्माण की चुनौती बनकर खड़ा है।

# कैसा रहेगा यूपी में सपा-कांग्रेस गठबंधन








उत्तर प्रदेश में आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जहां सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है वहीं इस बात पर भी सबकी गहरी नजर है कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में किस पार्टी से किसका गठबंधन होता है और कौन गठबंधन पर कायम रहता है।

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने मजबूत गठबंधन करते हुए काफी जोश और खरोश के साथ चुनावी प्रचार किया था और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इस गठबंधन के तहत एक मंच पर पूरी मजबूती के साथ एकजुटता दिखाते हुए नजर आए थे और इसके काफी बेहतर परिणाम भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिले थे अब उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं तो क्या समाजवादी पार्टी और कांग्रेस फिर से इस गठबंधन को उतना ही मजबूत रखेगी?यह वह सवाल है कि जो उत्तर प्रदेश की सियासत में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का जो गठबंधन है वह आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में क्या लोकसभा चुनाव की तरह ही मजबूत रहेगा तो इसको लेकर कई ऐसे नेताओं के दोनों तरफ से बयान आते रहते हैं कि जो कहीं ना कहीं सियासी कशमाकश को एक तरह से बढ़ा देने वाले होते हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में कई ऐसी सीटें हैं कि जहां पर अपने प्रत्याशी उतरना चाहती है और वह करीब 200 सीटों पर चुनावी मैदान में अपने प्रत्याशी उतारने का इस गठबंधन के तहत इरादा रखती है हालांकि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गठबंधन मजबूत होने की बात तो करते हैं लेकिन वह स्पष्ट तौर पर कितनी सीट उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को देंगे इसको लेकर अभी तक खुलकर कुछ नहीं कह रहे हैं। राजनीति में गहरी जानकारी रखने वाले लोगों का यह मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ उतरेगी और यह भी सही है कि सपा पहले से ज्यादा मजबूत हुई है लेकिन जहां तक गठबंधन की बात है तो यदि दोनों पार्टियां पूरी तरह एकजुटता के साथ गठबंधन के नियमों का पालन करते हुए चुनावी मैदान में उतरती हैं तो फिर यह दोनों पार्टियों के लिए एक बेहतर कदम होगा लेकिन यदि इनमें मनमुटाव सामने आता है तो फिर इसका राजनीतिक तौर पर काफी नुकसान दोनों पार्टियों को उठाना पड़ सकता है।

# 2027 में योगी को हराने का सपना देखना छोड़ दे विपक्ष






सत्ता रूढ़ एनडीए के मुखालफत इंडिया अलायंस प्रमुख विपक्षी गठबंधन है जिसका नेतृत्व लोकसभा में बड़ा दल होने के नाते कांग्रेस के हाथ में है। इस गठबंधन की त्रासदी यह है कि एक ओर इसे कांग्रेस के भीतर से चुनौती मिल रही है तो दूसरी ओर गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेताओं से। दोनों ओर से जारी शब्दों के व्यंग्य वाण पर गौर करें तो लगता है कि यह गठबंधन कभी भी विखंडन की स्थिति में पहुंच सकता है। हाल ही पांच प्रदेशों के चुनाव बाद जिस तरह तमिलनाडु के डीएमके ने गठबंधन से अपने सांसदों को अलग होने की घोषणा की है इससे माना जाना चाहिए कि इंडिया गठबंधन में विखंडन की शुरुआत हो गई है।

प्रारंभ में जब यह गठबंधन अस्तित्व में आया तब इसमें आम आदमी पार्टी भी थी और तृणमूल कांग्रेस भी। आम आदमी पार्टी पहले ही गठबंधन से अलग हो गई है, बंगाल की ममता बनर्जी की टीएमसी भी गठबंधन से अलग है। ठीक है कांग्रेस ने तमिलनाडु में नई नवेली पार्टी टीवीके को अपना नया साथी तलाश लिया है लेकिन इससे फिलहाल अभी कांग्रेस को कोई बड़ा फायदा नहीं दिख रहा। टीवीके के साथ कांग्रेस की कोई बड़ी हैसियत भी नहीं है। हो सकता है थलापति विजय की सरकार में कांग्रेस का कोई विधायक मंत्री भी न बने। हां ऐसा करके कांग्रेस ने तमिलनाडु में भाजपा के सहयोगी दल को सत्ता में आने से रोक जरूर दिया। लेकिन इसके बदले लोकसभा में उसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। डीएमके के सांसद राहुल गांधी के साथ खड़े रहते थे भले ही कांग्रेस सांसदों के साथ मेज ही थपथपाने का काम क्यों न करते रहे। इंडिया गठबंधन के मौजूदा हाल को देखें तो गठबंधन में जो बचे हैं, वे कब तक बचे रहेंगे, यह एक बड़ा सवाल है। महाराष्ट्र में राष्ट्र वादी कांग्रेस पार्टी और शिव सेना द्धठाकरेञ्ञ की कांग्रेस से मनमुटाव चल रहा है। झारखंड में हेमंत सोरेन भी कांग्रेस को बहुत भाव नहीं दे रहे। उनके एनडीए का हिस्सा बनने की अटकलें लगाई जाती रही है। बिहार में आरजेडी और कांग्रेस के बीच बहुत कुछ ठीक नहीं चल रहा। गठबंधन को लेकर बची खुची संभावना यूपी में ही है लेकिन जिस तरह कांग्रेस और सपा नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है उससे यह कहना मुश्किल है कि सपा और कांग्रेस का साथ विधानसभा चुनावों तक बचा रह पाएगा? बंगाल में ममता की हार के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव उनसे मिलने बंगाल पहुंच गए। फिर तमिलनाडु जाकर स्टालिन से भी मिले। यहां जाकर उन्होंने कहा कि हम वो नहीं जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें। अखिलेश के इस रवैए से थर्ड फ्रंट की भी संभावना पर चर्चा शुरू हो गई। अखिलेश यादव थर्ड फ्रंट के हिमायती हैं कि नहीं इस पर फिलहाल कुछ भी कहना उचित नहीं है, हां बंगाल हार के बाद ममता बनर्जी की आंखें जरूर खुलती हुई दिख रही है। उन्होंने इंडिया अलायंस को मजबूत करने की बात कही है। ममता बनर्जी वहीं हैं जिनके वजह से जदयू इंडिया अलायंस से अलग होने को मजबूर हुआ। वे नहीं चाहतीं थीं कि नीतीश कुमार इंडिया अलायंस के संयोजक बनें। लोक सभा में सरकार के किसी विरोध के मुद्दे पर उन्होंने अपने सांसदों को कसके लगाम से कस रखा था कि वे सरकार के विरोध का हिस्सा न बनें। लोक सभा और विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को किसी लायक न समझने वाली ममता बनर्जी को अब इंडिया अलायंस की मजबूती का ख्याल अचरज में डालता है। लेकिन एक बात हो सकता है कि इंडिया अलायंस को लेकर कांग्रेस पर हर ओर से उठ रहे सवालों पर विराम लगाने के लिए अलायंस का बड़ा हिस्सा ममता बनर्जी को लीड करने की जिम्मेदारी सौंपने की घेरेबंदी कर सकता है। यदि ऐसा हुआ तो कांग्रेस को भी इससे शायद कोई एतराज न हो। थोड़ा पीछे मुड़कर देखें तो याद आएगा जब राज्यसभा में सपा के राम गोपाल यादव ने राहुल गांधी पर दमदारी से कोई मुद्दा न उठा पाने का तोहमत लगाया था और टीएमसी के कल्याण बनर्जी ने संसद न चलने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया था। राहुल गांधी को जिस तरह हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव हारने का जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ इंडिया अलायंस के भीतर आवाज उठी थी उसी तरह आज बंगाल,असम और पुडुचेरी का चुनाव हारने के बाद राहुल पर जिम्मेदारी डाल कर गठबंधन के भीतर फिर कोई खिचड़ी पकाने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस को कमजोर साबित करने की कोशिश केवल गठबंधन के दूसरे दल के नेता ही नहीं कर रहे,इस वक्त तो कांग्रेस के भीतर ही एक से एक नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं। इसमें शशी थरूर,मनीष तिवारी,शकील अहमद,मणि शंकर अ"यर जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। इसमें कोई ऊल-जुलूल बयान देकर तो कोई शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लंबा चौड़ा लेख लिखकर अपनी खीझ मिटा रहा है। कांग्रेस के भीतर के ए वै लोग हैं जो अपने स्तर से इंडिया अलायंस की जड़ें खोखला करने पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।



पश्चिम बंगाल। नादिया में गर्मी के दिन बाजार में भेजने से पहले तोड़ी गई लीचियों को छांटते किसान।

## फ्रांस के नीस में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, छह घायल

**नीस।** फ्रांस के नीस शहर में सोमवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। रिवेरा शहर के मेयर ने बताया कि यह घटना नशीले पदार्थों से जुड़ी थी। दक्षिण-पूर्वी आल्प्स-मैरीटाइम्स विभाग के प्रशासन ने बताया कि गोलीबारी शुरू हो गई, जिसके परिणामस्वरूप दो लोगों की मौत हो गई, तीन लोगों को हल्की चोटें आईं और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नीस के मेयर एरिक सियोटी ने बताया कि गोलीबारी 'प्लेस डेस अमैरिलिस' में हुई। यह मौलिन्स जिले का एक चौक है, जो नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों के लिए बदनाम है। उन्होंने नशीले पदार्थों के खिलाफ जंग छेड़ने का आह्वान किया।

## हिज्जबुल्ला ने इजरायली सेना पर 20 हमले करने का किया दावा

**बेरूत।** लेबनानी ग्रुप हिज्जबुल्ला ने दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना पर 20 हमले करने का दावा किया है। समूह ने कहा कि ए हमले 'लेबनान और उसके लोगों की रक्षा में' और इजरायली सेना द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के जवाब में किए गए, जिसमें दक्षिणी लेबनान में आम लोगों पर हमले और घरों को नुकसान पहुंच. ाना शामिल है। हिज्जबुल्ला ने दावा किया कि इन सैन्य अभियानों में तैबेह, टायर हरफा, एल बियादा, नकौरा, रशाफ, देर सेरयान, अदाइसेह और सरबिन सहित कई इलाकों में इजराइली सैनिकों और फौजी साजो-सामान के जमावड़े को निशाना बनाया गया। बयान के अनुसार हमलों में स्ट्राइक ड्रोन, आर्टिलरी और मिसाइलें शामिल थीं और इसके परिणामस्वरूप मर्कवा टैंक, डी9 इंजीनियरिग गाड़ियां और हमर गाड़ियां सहित इजराइली सैन्य संपत्ति नष्ट हो गए।

# ट्रम्प पश्चिमी एशिया में सैन्य कार्रवाई को बेताब

### होर्मुज में जहाजों की आवाजाही बहाल करने को फिर शुरू होगा ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पश्चिमी एशिया में फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सीएनएन ने ट्रम्प के सहयोगियों के हवाले से यह जानकारी दी।

इससे पहले, ट्रम्प के साथ बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज ने कहा था कि व्हाइट हाउस होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए 'ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम' को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है। ट्रम्प को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से

■ ट्रम्प को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं



अमेरिकी राष्ट्रपति का धैर्य जवाब दे रहा है और उनका यह भी मानना है कि ईरानी नेतृत्व के भीतर मतभेद हैं। सूत्रों के अनुसार, अमे. रिकी प्रशासन के भीतर अब कई समूह बन गए हैं, जिनमें से कुछ बल प्रयोग के पक्ष में हैं और ईरान की स्थिति को कमजोर करने के लिए उसपर लक्षित बमबारी जारी रखने का प्रस्ताव दे रहे हैं, जबकि अन्य समूह संघर्ष को सुलझाने के लिए कूटनीतिक साधनों पर जोर दे रहे हैं। सीएनएन ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता में मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका अमेरिका के लिए एक अलग मुद्दा बनी हुई है। अमेरिकी सरकार को यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान कितनी स्पष्टता से अमेरिका का पक्ष ईरान तक पहुंचा रहा है और वह ईरान के दृष्टिकोण को कितनी निष्पक्षता से बता रहा है। प्रसारक ने बताया कि पश्चिमी एशिया संघर्ष में अमेरिका क्या रुख अपनाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है और राष्ट्रपति ट्रम्प की 13 से 15 मई तक प्रस्तावित चीन यात्रा से पहले किसी फैसले की संभावना कम है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई और अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी थी।

# ईरान की 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं: गालिबफ

### ईरानी संसद के अध्यक्ष ने चेताया: कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा, असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा

**तेहरान/दोहा।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबफ ने कहा कि पश्चिमी एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान के 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं है। गालिबफ ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि ईरानी लोगों के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जैसा कि 14-सूत्रीय प्रस्ताव में बताया गया है।

कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा, यह एक के बाद एक असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका जितनी देर करेगा, अमेरिकी करदाताओं को उतना ही ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। ईरानी विद. ेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मई की शुरुआत में कहा था कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14-सूत्रीय शांति योजना प्रस्ताव के संबंध में अमेरिका से जवाब मिल गया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि इस योजना में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने और विदेशों में मौजूद ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने के प्रावधान शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को संघर्ष को समाप्त करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। जांगिड़ उप्रेती इसी बीच सऊदी अरब की कंपनी अरामको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमीन नासिर ने कहा है कि यदि एक महीने के भीतर होर्मुज जलडमरुमध्य में जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू नहीं होती, तो अगले साल तक वैश्विक तेल बाजार सामान्य स्थिति में नहीं लौटेगी। अरामको के पहली तिमाही के परिणामों पर चर्चा करने के लिए आयोजित एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान नासिर ने कहा कि आपूर्ति में व्यवधान जितने लंबे समय तक जारी रहेगा, तेल बाजार को स्थिर होने में उतना ही अधिक समय लगेगा। उन्होंने कहा कि यदि जलडमरुमध्य में गतिरोध जून के मध्य तक बना रहता है, तो यह संकट 2027 तक जारी रह सकता है। दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी के प्रमुख के अनुसार, उत्पादन या परिवहन की कमी के कारण बाजार पहले ही एक अरब बैरल तेल गंवा चुका है और जब तक यह मार्ग बंद रहेगा, बाजार को हर हफ्ते लगभग 10 करोड़ बैरल तेल का नुकसान होता रहेगा। उन्होंने याद दिलाया कि पहले होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 70 जहाज गुजरते थे। फारस की खाड़ी में तेल उत्पादक देशों पर हमलों और ईरान द्वारा होर्मुज को प्रभावी ढंग से बंद करने से उत्पादन और निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने से पहले, इस जलमार्ग के माध्यम से प्रतिदिन लगभग दो करोड बैरल तेल बाजार में आता था। गौरतलब है कि सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान ने दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बेनतीजा रही थी, लेकिन फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को एक 'एकीकृत प्रस्ताव' के साथ आने का समय देने के लिए युद्धविराम को आगे बढ़ा दिया था। तीन मई को ट्रम्प ने होर्मुज में फंसे जहा. जों की सहायता के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की घोषणा की थी। फिर ट्रम्प ने पांच मई को कहा कि उन्होंने यह देखने के लिए थोड़े समय के लिए ऑपरेशन को रोकने का फैसला किया है कि क्या ईरान के साथ शांति समझौता हो सकता है।



■ कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा यह एक के बाद एक असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा: गालिबफ

## होर्मुज स्ट्रेट व्यापक रणनीतिक समुद्री क्षेत्र बन गया: IRGC

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य अब केवल एक संकीर्ण समुद्री मार्ग नहीं रह गया है, बल्कि इसे एक 'व्यापक रणनीतिक और परिचालन समुद्री क्षेत्र' के रूप में देखा जा रहा है। आईआरजीसी नौसेना के राजनीतिक उप प्रमुख मोहम्मद अकबरजादेह ने मंगलवार को तस्नीम समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि हालिया संघर्षों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य की अवधारणा में बड़ा बदलाव आया है और अब यह पारंपरिक सीमाओं से कहीं अधिक विस्तृत परिचालन क्षेत्र को समाहित करता है। उन्होंने कहा कि पहले होर्मुज जलडमरूमध्य को होर्मुज द्वीप जैसे सीमित क्षेत्रों के आसपास एक संकीर्ण समुद्री गलियारे के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब इसे जास्क तट से लेकर सिर्री द्वीप तक फैले विस्तृत समुद्री क्षेत्र के रूप में माना जा रहा है। अकबरजादेह के अनुसार जो समुद्री गलियारा पहले लगभग 32 से 48 किलोमीटर चौड़ा माना जाता था, वह अब प्रभावी रूप से 320 से 480 किलोमीटर तक विस्तृत क्षेत्र में बदल गया है।

## अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान यूएई ने ईरान पर हवाई हमले किए: रिपोर्टर्स

**वॉशिंगटन।** ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जारी युद्ध के सक्रिय चरण के अंत तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान पर हवाई हमले किए थे। यह दावा सोमवार को द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में किया गया। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यूएई की वायु सेना ने अप्रैल की शुरुआत में हवाई हमलों की एक श्रृंखला को अंजाम दिया। यह ठीक उसी समय हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ संघर्ष विराम की घोषणा की थी। इन हमलों का निशाना फारस की खाड़ी में स्थित लावान द्वीप पर मौजूद एक रिफाइनरी थी। उस समय, हालांकि न तो ईरान ने इन हवाई हमलों के पीछे किसका हाथ था, इसका खुलासा किया और न ही यूएई ने इसकी जिम्मेदारी ली लेकिन राष्ट्रीय ईरानी तेल शोधन और वितरण कंपनी ने आठ अप्रैल को कहा कि द्वीप पर मौजूद तेल रिफाइनिंग सुविधाओं पर 'दुश्मन' द्वारा हमला हुआ था।

## शी जिनपिंग और ट्रम्प व्यापार, ईरान और ताइवान पर करेंगे बातचीत

**वॉशिंगटन/बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के लिए बीजिंग रवाना हो गए हैं, जहां दोनों वैश्विक नेता व्यापार, युद्ध कूटनीति और ताइवान पर गंभीर चर्चा करेंगे। ट्रम्प का 2017 के बाद यह पूर्वी एशियाई देश का पहला दौरा है। इस दौरान दशकों में सबसे अहम अमेरिका-चीन सम्मेलन होने की संभावना है।

गुरुवार से शुरू होने वाला दो दिनों का यह सम्मेलन दुनिया की दो बड़ी ताकतों के बीच संबंधों को नया आकार दे सकता है। ट्रम्प 14 मई को ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलेंगे, जहां दोनों औपचारिक द्विपक्षीय बातचीत करेंगे और उसके बाद शाम को एक राजकीय दावत का आयोजन किया जाएगा। ट्रम्प की 15 मई को वाशिंगटन लौटने से पहले दोपहर के भोजन कार्यक्रम और 'ऐतिहासिक स्वर्ग का मंदिर' जाने की भी योजना है। जब फरवरी में व्हाइट हाउस ने इस दौरे की पुष्टि की तो चीनी सामान पर वाशिंगटन के आसमान छूते शुल्क एजेंडे पर छाए हुए थे। लेकिन 28 फरवरी के बाद दुनिया के राजनीतिक हालात बदल गए जब ट्रम्प ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमला किया, जिससे एक युद्ध शुरू हो गया और जिसके कारण ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना पड़ा और इस स्थिति ने तेहरान को इस रणनीतिक जलमार्ग को नियंत्रित करने के लिए एक बोर्ड बनाने पर मजबूर कर दिया। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान एक तनावपूर्ण परमाणु गतिरोध में फंसे हुए हैं क्योंकि वाशिंगटन का तर्क है कि परमाणु मुद्दे पर कोई बात. चीत नहीं हो सकती और तेहरान प्रतिबंधों में राहत, युद्ध खत्म करने, जब्त की गई संपत्ति को छोड़ने और अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को रो. कने की मांग कर रहा है।



■ ट्रम्प का 2021 के बाद यह पूर्वी एशियाई देश का पहला दौरा है

## ब्रिटेन के पीएम स्टारमर से पार्टी सांसदों ने की पद छोड़ने की अपील

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ सदस्यों, जिनमें गृह मंत्री शबाना महमूद और विदेश मंत्री यवेट कूपर शामिल हैं, ने उनके इस्तीफे के समय पर विचार करने को कहा है। यह मांग तब उठी जब लेबर पार्टी के 80 से ज्यादा सांसदों ने स्टारमर से पद छोड़ने की अपील की। 'द टाइम्स' अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। सोमवार को आई रिपोर्ट के मुता. बिक, कैबिनेट सदस्यों के मंगलवार को होने वाली एक बैठक में स्टारमर से यह कहने की उम्मीद है कि उन्हें पद छोड़ देना चाहिए। सदस्यों को चिंता है कि अब उनकी स्थिति 'बरकरार रखने लायक नहीं' रह गई है।

# पाकिस्तान: खैबर पख्तूनख्वा में बम धमाका

### नौ लोगों की मौत, 33 घायल

**लक्की मरवत।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले की सराय नौरंग तहसील में मंगलवार को एक विस्फोट में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 33 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में सात लोगों की मौत और 23 लोगों के घायल होने की बात कही गई थी।

लक्की मरवत जिला पुलिस अधिकारी के प्रवक्ता कुदरतुल्लाह खान ने मृत पुलिसकर्मियों की पहचान आदिल जान और राहतुल्लाह के रूप में की। अलग से जारी बयान में लक्की मरवत के उप महानिरीक्षक पुलिस सज्जाद खान ने भी पुष्टि की कि दोनों मृतक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी थे। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में भी यही जानकारी दी गई। बाद में लक्की मरवत के उपायुक्त हमीदुल्लाह खान ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार आतंकवादियों ने एक रिक्शा में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी थी। टीएचक्यू अस्पताल की ओर से जारी घटना रिपोर्ट में नौ लोगों की मौत और 33 घायलों को अस्पताल लाए जाने की पुष्टि की गई। रिपोर्ट के अनुसार गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को बन्नू रेफर किया गया है। इस बीच, उपायुक्त ने सराय नौरंग स्थित तहसील मुख्यालय अस्पताल का दौरा कर घायलों के उपचार का जायजा लिया और प्रशासन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल मरीजों को बन्नू और पेशावर के जिला मुख्यालय अस्पतालों में भेजा गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में विस्फोट के कारण कई दुकानों और तीन पहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त होते देखा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौरंग सर्किल के उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और पूरे इलाके को घेरकर साक्ष्य जुटाए गए। इससे पहले रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता शादाब खान ने विस्फोट की पुष्टि करते हुए बताया था कि एम्बुलेंस और बचाव दलों को मौके पर भेज दिया गया है। उन्होंने लोगों से बचाव एजेंसियों के साथ सहयोग करने और घटनास्थल से दूर रहने की अपील की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए आतंकवाद के 'खात्मे के संकल्प' को दोहराया।



■ प्रारंभिक जांच के अनुसार आतंकवादियों ने एक रिक्शा में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी थी

## 2027 तक सीमित रहेगा यूएई का गैस उत्पादन: एडनॉक

**अबू धाबी।** अबू धाबी राष्ट्रीय गैस कंपनी (एडनॉक) ने कहा है कि हालिया युद्ध के दौरान ईरानी हमलों से हुए नुकसान के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का प्रमुख गैस प्रसंस्करण केंद्र वर्ष 2027 से पहले पूर्ण उत्पादन क्षमता पर वापस नहीं लौट पाएगा।

एडनॉक गैस के अनुसार अबू धाबी स्थित हबशन गैस प्रसंस्करण परिसर वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत क्षमता पर संचालित हो रहा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी गैस प्रसंस्करण सुविधाओं में गिना जाता है और यह पूरे यूएई में गैस आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी को उम्मीद है कि 2026 के अंत तक उत्पादन क्षमता को लगभग 80 प्रतिशत तक बहाल कर लिया जाएगा, जबकि पूर्ण क्षमता से उत्पादन 2027 में शुरू होने की संभावना है। कंपनी ने अपनी पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों में 1-1 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत कम है।

■ ऊर्जा क्षेत्र होर्मुज स्ट्रेट में व्यवधान से जुड़ी अस्थिरता से प्रभावित बना हुआ है

## भारत-रूस सिनेमा के नए युग का आगाज

**नई दिल्ली।** एक दौर था जब रूस (पूर्व सोवियत संघ) में राज कपूर और मिथुन चक्रवर्ती ने बेइंतहा शोहरत और रूसी अवाम की मोहब्बत हासिल की थी और अब उसी पुराने लगाव के साथ भारत और रूस के आपसी ताल्लुकात एक नए दिलचस्प दौर में पहुंच गए हैं। मगर अब फर्क सिर्फ इतना है कि यह रिश्ता सिर्फ एक-दूसरे की तारीफ करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अब यह मिलकर फिल्में बनाने और साझा कहानियों का एक बड़ा मंच बन गया है। रूस की सबसे बड़ी मीडिया कंपनी 'गाजप्रॉम-मीडिया होल्डिग' इस मेल-जोल के केंद्र में है।

# गुटेरेस की टिप्पणियों पर वेनेजुएला ने जताया विरोध

### वेनेजुएला का कहना है: उनकी बातें तटस्थता निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के सिद्धांतों के विपरीत हैं

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की देश के बारे में की गई टिप्पणियों पर औपचारिक रूप से विरोध दर्ज कराया है। वेनेजुएला का कहना है कि उनकी बातें तटस्थता, निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के सिद्धांतों के विपरीत हैं। वेनेजुएला के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वेनेजुएला गुटेरेस द्वारा देश के संबंध में दिए गए बयानों पर अपना कड़ा विरोध व्यक्त करता है।

बयान में कहा गया कि महासचिव की हालिया टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित वस्तुनिष्ठता, विवेक, निष्पक्षता और सद्भावना के सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं। यह विवाद गुटेरेस द्वारा नैरोबी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी गई प्रतिक्रिया के बाद शुरू हुआ। वहां क्यूबा और वेनेजुएला की स्थितियों की तुलना से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि दोनों मामलों की तुलना करना अनुचित है क्योंकि वेनेजुएला का मामला 'पूरी तरह अलग' था। महासचिव के अनुसार, वेनेजुएला में हमने निकोलस मादुरो के खिलाफ एक सैन्य अभियान देखा, लेकिन मेरा मानना है कि वेनेजुएला की राजनीतिक व्यवस्था के भीतर इसमें बहुत बड़ी मिलीभगत थी। वेनेजुएला सरकार ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सचिवालय शांति को बढ़ावा देने और आधुनिक दौर के बड़े संघर्षों को सुलझाने में अपनी अक्षमता दिखा रहा है। बयान में यह भी कहा गया कि गाजा पट्टी में जारी संघर्ष, बच्ते युद्धों और संप्रभु देशों पर एकतरफा प्रतिबंधों के बीच यह संगठन 'चुप्पी या अस्पष्ट रुख' अपनाए हुए है, जिससे इसकी नैतिक साख कमजोर हो रही है।



■ महासचिव की हालिया टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित वस्तुनिष्ठता विवेक, निष्पक्षता और सद्भावना के सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटैंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)